www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, बुधवार, 9 अगस्त, 2023 | वर्ष-16 | अंक -124 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





हिंदू राष्ट्र कहलाने की क्या जरूरत : कमलनाथ 02
■ पश्चिमी रेलवे के बहुमंजिला आवासीय भवन के निर्माण... ■ बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्रतिबद्ध : आतिशी 03
■ रूसी मिसाइल हमले में यूक्रेन के सात नागरिकों की मौत ■ पश्चिमी म्यांमार में आई बाढ़ 07
अभिनेता सोनू सूद के फैंस ने तैयार की 1.17 लाख... 10

## सार संक्षेप

### जमीन घोटाले में हेमंत सोरेन को ईडी का समन



**रांची।** ईडी ने रांची के जमीन घोटाले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को समन भेजा है। उन्हें 14 अगस्त को ईडी के रांची स्थित जोनल कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। इसके पहले ईडी ने माइनिंग घोटाले में भी हेमंत सोरेन से पिछले साल 22 नवंबर को लगभग दस घंटे तक पूछताछ की थी। माइनिंग घोटाले के बाद अब जमीन घोटाले में पूछताछ से सीएम की परेशानियां बढ़ सकती हैं।

### मणिपुर में असम राइफल्स के जवानों पर एफआईआर



**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने केंद्रीय अर्धसैनिक बल असम राइफल्स के जवानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि असम राइफल्स के जवानों ने राज्य पुलिस को बिष्णुपुर जिले में तीन लोगों की हत्या में शामिल लोगों को गिरफ्तार करने से रोका। जवानों के खिलाफ एफआईआर 5 अगस्त को दर्ज की गई लेकिन पुलिस ने इसकी जानकारी 8 अगस्त को दी। मंगलवार को ही असम राइफल्स को हिंसा प्रभावित मणिपुर के विष्णुपुर जिले से हटाया गया है।

### केवी के दाखिले में नहीं बहाल होगा सांसदों का कोटा




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि केंद्रीय विद्यालयों में दाखिले के लिए सांसदों का कोटा बहाल नहीं किया जाएगा। यह जानकारी खुद शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने लोकसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में दिया। उन्होंने कहाकि केंद्रीय विद्यालयों में दाखिला के लिए संसद सदस्यों के कोटा को बहाल करने का अभी कोई प्रस्ताव नहीं है।

### ज्ञानवापी परिसर को सील करने की याचिका खारिज



**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मंगलवार को उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार को वाराणसी अदालत के एएसआई सर्वेक्षण आदेश को प्रभावित किए बिना पूरे ज्ञानवापी परिसर को सील करने का निर्देश देने की मांग की गई थी।

### रुद्रप्रयाग में भूस्खलन से 3 मंजिला होटल जमींदोज



**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड में बारिश का कहर जारी है। पहाड़ों में ही नहीं मैदानों में भी बारिश का कहर देखने को मिल रहा है। देहरादून में सड़कें नदी का रूप ले चुकी है, वहीं पहाड़ों में भी बड़े-बड़े भवन ताश के पत्तों की तरह ढह रहे हैं। भूस्खलन की चपेट में आने से लोगों के मकान होटल लॉज भी क्षतिग्रस्त हो रहे हैं।

## लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर बहस शुरू

# विपक्ष ने मणिपुर पर सरकार को घेरा

**नई दिल्ली,** 8 अगस्त (देशबन्धु)। लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर मंगलवार को चर्चा शुरू हो गई । चर्चा की शुरुआत कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने की। कांग्रेस सांसद गोगोई ने अपने अविश्वास प्रस्ताव पर 35 मिनट भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने मणिपुर हिंसा से लेकर विदेश नीति तक के मुद्दे पर सरकार को घेरा।

गोगोई ने कहा कि प्रस्ताव लाने का मकसद पीएम का मौन तोड़ना है। भाजपा की तरफ से निशिकांत दुबे ने कहा कि सोनिया गांधी का एक ही मकसद है कि बेटे को सेट करना और दामाद को भेंट करना है। गोगोई ने ये भी कहा कि प्रधानमंत्री को यह स्वीकार करना होगा कि उनकी डबल इंजन सरकार, मणिपुर में विफल हो गई। इसलिए मणिपुर में 150 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। राज्य के ष्टरू जिन्हें बातचीत का, शांति और सद्भाव का माहौल बनाना चाहिए था, उन्होंने पिछले 2-3 दिनों में भड़काऊ कदम उठाए हैं जिससे समाज में तनाव पैदा हो गया है। इससे पहले सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही 12 बजे तक स्थगित कर दी गई थी।




■ कांग्रेस नेता गोगोई ने चर्चा की शुरुआत की, बोले प्रधानमंत्री का मौनव्रत तोड़ेंगे

■ भाजपा ने कहा, सोनिया का एजेंडा बेटे को सेट करना, दामाद को भेंट करना

> प्रधानमंत्री को यह स्वीकार करना होगा कि उनकी डबल इंजन सरकार, मणिपुर में विफल हो गई। इसलिए मणिपुर में 150 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है : **गौरव गोगोई, कांग्रेस नेता**

**राहुल गांधी के शुरुआत न करने पर भाजपा का हंगामा**

विश्वास प्रस्ताव की शुरुआत गौरव गोगोई ने जैसे ही की, भाजपा सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया। कहा- सुबह सेक्रेटरी जनरल के यहां चिट्ठी आई थी कि राहुल गांधी जी बोलेंगे। हम तो उनके भाषण का इंतजार कर रहे हैं। अब गौरव गोगोई बोल रहे हैं। 5 मिनट में आखिर क्या हो गया।

**निशिकांत दुबे 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों पर बरसे**



सरकार की तरफ निशिकांत दुबे ने जवाब दिया। उन्होंने इंडिया गठबंधन के दलों पर हमला बोला। कहा कि प्रधानमंत्री बोलते हैं कि ये अविश्वास प्रस्ताव नहीं, ये अपोजिशन में विश्वास प्रस्ताव है कि कौन किसके साथ है। उन्होंने विपक्षी दलों को एक-एक करके घेरा।

**विपक्षी सांसदों ने 'शर्म करो' के नारे लगाए**

गोगोई के भाषण समाप्त करने के तुरंत बाद लोकसभा में हंगामा मच गया, जब बसपा सांसद दानिश अली ने सदन के ध्यान में लाया कि सदन के अंदर टेलीविजन स्क्रीन अविश्वास प्रस्ताव के बारे में कुछ भी नहीं चला रहे हैं, बल्कि सरकार की विभिन्न पहलों के बारे में जानकारी देरहे हैं। कई विपक्षी सांसदों ने 'शर्म करो' के नारे लगाए। इस पर कार्यवाही कुछ देर के लिए रुक गई। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी, कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर और अन्य मंत्रियों को इस मामले पर चर्चा करते देखा गया, जबकि अध्यक्ष को अपने कर्मचारियों से टेलीविजन स्क्रीन से स्क्रॉल हटाने के लिए कहते देखा गया।

### गोगोई ने सरकार से पूछे तीन सवाल

कांग्रेस नेता गौरव ने सरकार से तीन सवाल पूछे। उन्होंने पूछा प्रधानमंत्री मोदीजी मणिपुर क्यों नहीं गए। राहुल गए, इंडिया अलायंस के सांसद गए, गृहमंत्री गए। गोगोई ने कहा कि मणिपुर पर बोलने में प्रधानमंत्री को अस्सी दिन क्यों लगे । बोले तो सिर्फ 30 सेकेंड बोले। आज तक संवेदना का कोई शब्द व्यक्त नहीं किया। प्रधानमंत्री होने के नाते उनके शब्दों का जो महत्व है, वो किसी मंत्री के शब्दों में नहीं है। कांग्रेस नेता ने पूछा मणिपुर के मुख्यमंत्री को बर्खास्त क्यों नहीं किया। गुजरात में जब राजनीति करनी थी तो एक बार नहीं दो बार सीमए बदले। उत्तराखंड में 3 बार बदला, त्रिपुरा में बदला। मणिपुर के मुख्यमंत्री को क्या विशेष आशीर्वाद है, जो खुद स्वीकार कर रहे हैं कि इंटेलिजेंस फेलियर हुआ।

#### भाजपा संसदीय दल की बैठक में बोले मोदी

## विपक्ष अविश्वास से भरा है : मोदी

**नई दिल्ली,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि विपक्ष अविश्वास से भरा है और उनका अविश्वास प्रस्ताव यही दिखा रहा है। संसद के मानसून सत्र के 14वें दिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने यह बात कही। सूत्रों के अनुसार श्री मोदी ने यह भी कहा कि विपक्ष का सेमीफाइनल का मन था और कल सेमीफाइनल हो गया। नतीजा सबके सामने है। सूत्रों के अनुसार बैठक में संसद में अविश्वास प्रस्ताव सियासी बहस से पहले विपक्ष के सवालों के मुकाबले की रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक में प्रधानमंत्री श्री मोदी के अलावा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। अविश्वास प्रस्ताव पर आठ, नौ एवं दस अगस्त को 18 घंटे की बहस के बाद प्रधानमंत्री जवाब देंगे। सूत्रों ने बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विपक्ष अविश्वास से भरा है और ये दिखाने के लिए वो अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष का सेमीफाइनल का मन था और कल सेमीफाइनल हो गया। नतीजा सबके सामने है। उन्होंने कहा कि जो लोग सामाजिक न्याय की बात करते हैं उन्होंने वंशवाद, तुष्टिकरण, भ्रष्ट राजनीति से सामाजिक न्याय को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। बीते नौ वर्षों में मोदी सरकार अपने दूसरे कार्यकाल में पहले अविश्वास प्रस्ताव का सामना कर रही है।



**सेमीफाइनल में भी हार गया विपक्ष**

#### कांग्रेस नेता नाना पटोले का दावा

## भारत जोड़ो यात्रा की गुजरात से होगी शुरुआत



**नई दिल्ली,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी 'भारत जोड़ो यात्रा' के दूसरे चरण की शुरुआत करने जा रहे हैं. इस दौरान वह गुजरात से मेघालय तक पदयात्रा करेंगे। जिस समय राहुल गांधी अपनी यात्रा की शुरुआत करेंगे, तभी महाराष्ट्र कांग्रेस की तरफ से भी पूरे राज्य में पदयात्रा की शुरुआत की जाएगी।

इस बात की जानकारी महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष ने नाना पटोले दी। हालांकि, उन्होंने यात्रा के मार्ग और इसकी डेट के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। उन्होंने बताया कि पूर्व विदर्भ में पदयात्रा का नेतृत्व वह खुद करेंगे। पश्चिम विदर्भ में पदयात्रा का नेतृत्व विजय वाडेट्टीवार, उत्तर महाराष्ट्र में बालासाहेब थोराट, मराठवाड़ा में अशोक चव्हाण और पश्चिम महाराष्ट्र में पृथ्वीराज चव्हाण और मुंबई में वर्षा गायकवाड करेंगे। सभी नेता कोकण में अपनी-अपनी पदयात्रा समाप्त करेंगे।

**पदयात्रा के बाद होगी बस यात्रा**

नाना पटोले ने कहा कि पदयात्रा के बाद हम लोग पूरे महाराष्ट्र में बस यात्रा की शुरुआत करेंगे। बस यात्रा में वे राज्यभर में घूमेंगे, सभाएं करेंगे और लोगों से बात करेंगे। इस दौरान सभी नेता केंद्र और राज्य सरकार की खामियां लोगों तक पहुंचाएंगे।

### 12 अगस्त को करेंगे वायनाड का दौरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी लोकसभा सचिवालय द्वारा उनकी सदस्यता बहाल किए जाने के बाद पहली बार 12 और 13 अगस्त को अपने संसदीय क्षेत्र केरल के वायनाड के दो दिवसीय दौरे पर होंगे। कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने एक ट्वीट में कहा, 12-13 अगस्त को राहुल गांधीजी अपने निर्वाचन क्षेत्र वायनाड में होंगे। वायनाड के लोग इस बात से खुश हैं कि लोकतंत्र की जीत हुई है, उनकी आवाज संसद में लौट आई है। राहुल जी सिर्फ एक सांसद नहीं, बल्कि उनके परिवार के सदस्य हैं।

#### राहुल को फिर आवंटित किया बंगला

### कांग्रेस नेता बोले, 'पूरा हिंदुस्तान मेरा घर'

***नई दिल्ली।*** *कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल होने के ठीक एक दिन बाद उन्हें उनका पुराना सरकारी बंगला फिर से मिल गया। लोकसभा की आवास समिति ने मंगलवार को उन्हें फिर से 12 तुगलक लेन बंगला आवंटित कर दिया। हालांकि वे अपने इस घर में रहने कब जाएंगे यह उन्होंने नहीं बताया। लेकिन बंगला मिलने के बाद कहाकि पूरा हिंदुस्तान उनका घर है। मोदी सरनेम मामले में सदस्यता गवाने के बाद राहुल गांधी ने बीते 21 अप्रैल को अपना सरकारी आवास पूरी तरह से खाली कर दिया था। वे 19 साल से इस बंगले में रह रहे थे। बंगला खाली करने के बाद उन्होंने कहा था कि मैने सच बोलने की कीमत चुकाई है।*

## डब्ल्यूएचओ ने भारत निर्मित कफ सिरप को बताया घातक

**नई दिल्ली,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा कि पिछले महीने इराक में पाया गया दूषित सामान्य कोल्ड सिरप महाराष्ट्र स्थित एक भारतीय दवा कंपनी द्वारा निर्मित किया गया था। दूषित बैच का निर्माण फोरर्ट्स (इंडिया) लेबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया था।



■ पिछले महीने इराक में पाया गया था दूषित

■ 'कोल्ड आउट' में मिले है जहरीले रसायन

डब्ल्यूएचओ के एक बयान के अनुसार, डैबीलाइफ फार्मा प्राइवेट लिमिटेड के लिए लिमिटेड भारत में बनी 'कोल्ड आउट' नाम की सर्दी की दवा है, जो इराक में बिक्री के लिए मिलती है। इसमें जहरीले रसायन होते हैं, ऐसा पिछले महीने रिपोर्ट में दावा किया गया था। परीक्षणों से पता चला कि सर्दी की दवा एथिलीन ग्लाइकॉल, एक जहरीले औद्योगिक विलायक से दूषित है। वैश्विक स्वास्थ्य एजेंसी ने कहा, नया डब्ल्यूएचओ उत्पाद अलर्ट इराक गणराज्य में पहचाने गए घटिया (दूषित) कोल्ड आउट सिरप (पैरासिटामोल और क्लोरफेनिरामाइन मैलेट) के एक बैच को संदर्भित करता है और 10 जुलाई, 2023 को तीसरे पक्ष द्वारा डब्ल्यूएचओ को रिपोर्ट किया गया था। कोल्ड आउट सिरप का एक नमूना इराक में एक स्थान से प्राप्त किया गया था और प्रयोगशाला विश्लेषण के लिए प्रस्तुत किया गया था। डब्ल्यूएचओ ने एक बयान में कहा, नमूने में संदूषक के रूप में डायथिलीन ग्लाइकॉल (0.25 फीसदी) और एथिलीन ग्लाइकॉल (2.1 फीसदी) की अस्वीकार्य मात्रा पाई गई। एथिलीन ग्लाइकॉल और डायथिलीन ग्लाइकॉल दोनों के लिए स्वीकार्य सुरक्षा सीमा 0.10 फीसदी से अधिक नहीं है। डायथिलीन ग्लाइकॉल और एथिलीन ग्लाइकॉल सेवन करने पर मनुष्यों के लिए जहरीले होते हैं और घातक साबित हो सकते हैं। इसमें कहा गया है, आज तक, कथित निर्माता और विक्रेता ने उत्पाद की सुरक्षा और गुणवत्ता पर डब्ल्यूएचओ को गारंटी नहीं दी है। पहले की रिपोर्टों के अनुसार, यह यौगिक कम मात्रा में मनुष्यों के लिए घातक है और कथित तौर पर पिछले साल गाम्बिया और उज्बेकिस्तान में भारतीय निर्मित कफ सिरप के कारण बड़े पैमाने पर बच्चों की मौत हुई थी।

## केरल विधानसभा ने यूसीसी के खिलाफ प्रस्ताव पास

#### प्रस्ताव पारित करने वाला पहला राज्य बना

**तिरुवनंतपुरम,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। केरल विधानसभा ने मंगलवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर दिया है। इसी के साथ केरल यूसीसी के खिलाफ प्रस्ताव पारित करने वाला पहला राज्य बना गया है। केरल विधानसभा ने सर्वसम्मति से मांग की कि केंद्र सरकार देश की पूरी आबादी को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर कोई भी कदम उठाने से बचे। यह प्रस्ताव मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने पेश किया। प्रस्ताव को कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष ने समर्थन दिया था। प्रस्ताव में सीएम विजयन ने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए केंद्र सरकार का एकतरफा और जल्दबाजी वाला कदम संविधान के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को खत्म कर रहा है। केंद्र सरकार बिना किसी वैचारिक बहस में शामिल हुए या सर्वसम्मति की तलाश किए इस एकतरफा कदम के साथ आगे बढ़ी है।



## छह राज्यों में उपचुनाव का ऐलान

#### सात विधानसभा सीटों पर 5 सितम्बर को मतदान

**दिल्ली,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। चुनाव आयोग ने विधानसभा की सात सीटों पर उपचुनाव का ऐलान कर दिया है। जिन राज्यों में यह उपचुनाव होने हैं, उनमें झारखंड, त्रिपुरा, केरल, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड शामिल हैं। इन छह राज्यों की सात विधानसभाओं के लिए उपचुनाव पांच सितंबर को होंगे। आठ सितम्बर को चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। झारखंड की डुमरी विधानसभा सीट जगरनाथ महतो (जेएमएम) के निधन के बाद खाली हुई थी। इसी तरह केरल की पुथुपल्ली विधानसभा सीट ओमान चांडी (कांग्रेस), त्रिपुरा की बोक्सानगर सीट समसुल हक (सीपीआईएम), पश्चिम बंगाल की धुपगुड़ी एससी विधानसभा सीट बिष्णु पांडे (भाजपा) और उत्तराखंड की बागेश्वर (एससी) सीट चंदन राम दास (भाजपा) के निधन के बाद रिक्त हुई थी। त्रिपुरा की एक अन्य धानपुर विधानसभा सीट भाजपा नेता प्रतिमा भैमिक के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी। इसी तरह उत्तर प्रदेश की घोसी विधानसभा सीट दारा सिंह चौहान के सपा से इस्तीफे के बाद खाली हुई थी।

**आठ सितम्बर को आएंगे परिणाम**

**चुनाव प्रक्रिया की अहम तारीखें**

| | |
|---|---|
| अधिसूचना जारी होने की तारीख | 10 अगस्त |
| नामांकन की अंतिम तारीख | 17 अगस्त |
| नामांकन की जांच | 18 अगस्त |
| नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख | 21 अगस्त |
| मतदान की तारीख | पांच सितम्बर |
| मतगणना | आठ सितम्बर |
| चुनाव प्रक्रिया पूरी करने का समय | 10 सितम्बर |

#### रिपोर्ट — संसदीय पैनल ने अपनी रिपोर्ट में की सिफारिश

## जजों की संपत्तियों के अनिवार्य खुलासे के लिए लाए कानून

**नई दिल्ली, 8 अगस्त (एजेंसियां)। एक संसदीय समिति ने हाल ही में सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के न्यायाधीशों के लिए वार्षिक आधार पर अपनी संपत्ति रिटर्न घोषित करना अनिवार्य बनाने के लिए एक कानून लाने की सिफारिश की है। कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय पर विभाग से संबंधित संसदीय स्थायी समिति ने अपनी रिपोर्ट न्यायिक प्रक्रियाएं और उनके सुधार में कहा कि एक सामान्य प्रथा के रूप में, सभी संवैधानिक पदाधिकारियों और सरकारी सेवकों को अपनी संपत्ति और देनदारियों का वार्षिक रिटर्न दाखिल करना होगा।**

सुप्रीम कोर्ट इस हद तक पहुंच गया है कि जनता को सांसद या विधायक के रूप में चुनाव में खड़े लोगों की संपत्ति जानने का अधिकार है। जब ऐसा है, तो यह तर्क गलत है कि न्यायाधीशों को अपनी संपत्ति और देनदारियों का खुलासा करने की आवश्यकता नहीं है। भाजपा के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी की अध्यक्षता वाली स्थायी समिति ने कहा, जो कोई भी सार्वजनिक पद पर है और सरकारी खजाने से वेतन लेता है, उसे अनिवार्य रूप से अपनी संपत्ति का वार्षिक रिटर्न दाखिल करना चाहिए। केंद्र सरकार ने संसदीय पैनल को बताया कि संपत्तियों की नियमित फाइलिंग और उन्हें सार्वजनिक डोमेन में अपलोड करने के लिए तंत्र को संस्थागत बनाने की आवश्यकता है। 1997 में सर्वोच्च न्यायालय के पूर्ण न्यायालय द्वारा अपनाए गए न्यायिक जीवन के मूल्यों की पुनर्कथन ने सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के प्रत्येक न्यायाधीश के लिए नियुक्ति के समय अपनी संपत्ति और देनदारियों की घोषणा करना अनिवार्य बना दिया और उसके बाद हर साल की शुरुआत में। 2009 में सुप्रीम कोर्ट की पूर्ण पीठ ने पूरी तरह से स्वैच्छिक आधार पर, संपत्ति की घोषणा को सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर डालने का संकल्प लिया। हालांकि, वर्तमान में, सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर भारत के केवल 55 पूर्व मुख्य न्यायाधीशों और न्यायाधीशों के संबंध में संपत्ति की घोषणा से संबंधित डेटा है, जिसे आखिरी बार मार्च 2018 में अपडेट किया गया था। इसी तरह, केवल पांच उच्च न्यायालयों की वेबसाइट पर संबंधित उच्च न्यायालयों के कुछ न्यायाधीशों द्वारा संपत्ति की घोषणा से संबंधित डेटा है। न्यायाधीशों की संपत्ति और देनदारियों की घोषणा करने और न्यायाधीशों द्वारा पालन किए जाने वाले न्यायिक मानकों को निर्धारित करने में सक्षम न्यायिक मानक और जवाबदेही विधेयक 15वीं लोकसभा के विघटन पर समाप्त हो गया था।



■ वार्षिक आधार पर अपनी संपत्ति रिटर्न घोषित करना हो अनिवार्य

# देश

उवाच

“देश तभी मजबूत बनेगा, जब राज्य मजबूत होगा और राज्य की मजबूती के लिए गांव का मजबूत होना बेहद जरूरी है। इसी बात को ध्यान में रखकर हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रही है।

–हेमंत सोरेन, झारखंड के मुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 33.0 | 27.0 |
| मुंबई | 31.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 30.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 29.0 |

# पूर्वोत्तर भारत पर पड़ रहा मणिपुर का असर : कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। लोकसभा में मंगलवार को अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विपक्षी इंडिया गठबंधन दलों ने सरकार पर हमला बोला। कांग्रेस नेता मनीष तिवारी का केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मणिपुर का असर पूरे पूर्वोत्तर भारत पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सीधा उदाहरण यह है कि जो दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हुई हैं उससे मिजोरम में आह्वान किया गया जो मूल निवासी हैं। वे वहां से चले जाएं। नगालैंड से भी गड़बड़ी की

- **अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विपक्षी इंडिया गठबंधन दलों ने सरकार पर बोल हमला**
- **चीन के मुद्दे पर भी भाजपा व केंद्र सरकार को घेरा**

खबर आई है। अविश्वास प्रस्ताव इसलिए लाया गया है कि अगर किसी राज्य में कोई गड़बड़ी होती है तो उसका नकारात्मक असर पूर्वोत्तर और भारत पर पड़ता है। उन्होंने चीन के मुद्दे पर भाजपा और केंद्र सरकार को घेरा।

**पूर्वोत्तर के विशेष प्रावधान का किया जिक्र**

मनीष तिवारी ने इन राज्यों के लिए संविधान में किए गए विशेष प्रावधानों का जिक्र करते हुए कहा कि धारा 370 कश्मीर के लिए, 371 ए नागालैंड और 371 बी असम, 371 सी मणिपुर, धारा 371 एफ सिक्किम धारा 371 जी



**अविश्वास प्रस्ताव इसलिए लाया गया है कि अगर किसी राज्य में कोई गड़बड़ी होती है तो उसका नकारात्मक असर पूर्वोत्तर व भारत पर पड़ता है : मनीष तिवारी**

मिजोरम, और धारा 371 एच अरुणाचल प्रदेश के लिए है क्योंकि मणिपुर एक तरफ म्यांमार से लगता है दूसरी तरफ नगालांड, मिजोरम और असम से जुड़ा है इसलिए जब भी उत्तर पूर्व के किसी राज्य में उथल पुथल होती है और स्थिरता भंग होती है तो इसका असर सिर्फ उस राज्य पर नहीं बल्कि पूरे पूर्वोत्तर पर पड़ता है।

**अहंकार में डूबी है केंद्र सरकार : डिंपल यादव**

समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव ने मणिपुर के मुद्दे पर संवेदनहीनता दिखाने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार 'अहंकार' में डूबी है और उत्तर पूर्व राज्य में हिंसा की घटनाओं के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जिम्मेदार है। सपा सांसद डिंपल यादव ने लोकसभा में सरकार के खिलाफ लाए गए कांग्रेस सदस्य गौरव गोगोई के अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए ये आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जब महिलाओं के खिलाफ अपराध की बात होती है तो उत्तर प्रदेश की भी चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर राज्य सरकार चाहती तो मणिपुर में हिंसा पर दो दिन के अंदर काबू पाया जा सकता था लेकिन सरकार की मंशा ठीक नहीं थी। मणिपुर में जो हुआ वह राज्य प्रायोजित जातीय हिंसा थी। डिंपल यादव ने आगे कहा कि भारतीय सेना वहां तैनात है, बीएसएफ वहां है और असम राइफल्स भी वहां है।

सरकार चाहती तो दो दिन के अंदर हालात पर काबू पा सकती थी। ये नफरत की राजनीति है। न केवल मणिपुर, बल्कि मिजोरम, त्रिपुरा, दक्षिणी असम और यहां तक कि हरियाणा में भी आंतरिक सुरक्षा खतरे में है। डीएमके सांसद टी.आर बालू ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संसद से अनुपस्थिति पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें संसद में आने के लिए चुना है, उन्हें कौन रोक रहा है। मणिपुर के अल्पसंख्यकों को बेरहमी से मारा गया है। 143 लोग मारे गए हैं, 65,000 लोग राज्य छोड़कर चले गए हैं। मणिपुर की सड़कों पर दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाया गया और उनके साथ सामूहिक बलात्कार किया गया। उन्होंने कहा कि न तो प्रधानमंत्री संसद आ रहे हैं और न ही उन्होंने मणिपुर का दौरा किया है। जबकि इंडिया के सांसदों ने राज्य का दौरा किया और समझा कि वहां क्या हुआ है। बीजेडी सांसद पिनाकी मिश्रा ने सरकार का बचाव करते हुए कहा कि मेरा हमेशा से मानना रहा है कि कांग्रेस पार्टी जीत के जबड़े से हार छीनने में माहिर है। वे अपना चेहरा बिगाड़ने के लिए अपनी नाक काटने में भी बहुत माहिर होते हैं। वे जानते हैं कि जब भी प्रधानमंत्री इस सदन में बोलने के लिए खड़े हुए हैं, उन्होंने कांग्रेस पार्टी को मुश्किल में डाल दिया है।

यह सामान्य ज्ञान, तर्क और राजनीतिक समझ की अवहेलना करता है। लोग तय करेंगे कि अगर प्रधानमंत्री ने न बोलने का फैसला किया है तो यह सही है या गलत। आपको मामले को लोगों तक ले जाना होगा।

## मोदी सात देश गए लेकिन पूर्वोत्तर राज्य नहीं : टीएमसी

लोकसभा में टीएमसी सांसद सौगत रॉय ने कहा कि मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए। टीएमसी सांसद सौगत रॉय ने अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लिया और कहा कि मणिपुर में मई के बाद से जो कुछ हुआ है, उसके लिए वहां राष्ट्रपति शासन लगना चाहिए। मई से जुलाई के बीच प्रधानमंत्री ने सात देशों का दौरा किया, लेकिन उन्हें मणिपुर जाने का समय नहीं मिला। रॉय ने जानना चाहा कि क्या वह घूमने वाले राजदूत हैं या सेल्समैन। राकांपा की सुप्रिया सुले ने जानना चाहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार खुद को अलग पार्टी कैसे कह सकती है, जब उसने नौ वर्षों में नौ सरकारें गिरा दी हैं। सुप्रिया सुले ने कहा कि आप एक अलग पार्टी कैसे हैं? आपने नौ साल में नौ राज्य सरकारें गिरा दी हैं। आप आय दोगुनी करने की बात करते हैं, किसकी आय दोगुनी हुई? यह सरकार किसान विरोधी है, इसलिए हमें इस सरकार पर कोई भरोसा नहीं है। इस सरकार का रवैया अहंकारपूर्ण है। हम जनता के सेवक हैं, अधिकारी नहीं, फिर यह रवैया क्यों? एनसीपी सांसद ने कहा कि सरकार वंदे भारत की बात करती है, लेकिन ये गरीबों के लिए नहीं है। उन्होंने पूछा कि देश में महंगाई, बेरोजगारी और कुपोषण है। हम इस सरकार का समर्थन कैसे कर सकते हैं?



## संसद से

### आजादी के बाद पहली बार गुवाहाटी में डीजीपी कॉन्फ्रेंस हुई : रिजिजू

अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के दौरान लोकसभा में केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता किरेन रिजिजू ने कहा कि 2014 से पहले पूर्वोत्तर के कई लोगों को दिल्ली और देश के अन्य प्रमुख शहरों में नस्लीय भेदभाव और अत्याचार का सामना करना पड़ा था। 2014 के बाद हालात बदले और आजादी के बाद पहली बार गुवाहाटी में डीजीपी कॉन्फ्रेंस हुई। इस बैठक के दौरान पीएम ने निर्देश दिया कि पुलिस को पूर्वोत्तर के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। रिजिजू ने कहा कि वे दिन गए जब विदेशी ताकतें भारत को बताती थीं कि क्या करना है और क्या नहीं। आज कोई भी विदेशी ताकत हमारे आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं कर सकती।

### राष्ट्रीय परिचर्या व प्रसूति विद्या आयोग विधेयक पर संसद की मुहर

राज्यसभा में मंगलवार को राष्ट्रीय परिचर्या एवं प्रसूति विद्या आयोग विधेयक 2023 ध्वनिमत से पारित कर दिया गया और इसके साथ ही इस पर संसद की मुहर लग गई। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है। यह विधेयक भारतीय परिचर्या परिषद अधिनियम 1947 को निरस्त करेगा। विधेयक में परिचर्या और प्रसूति सहायकों की शिक्षा और सेवाओं के मानकों के निगमन का प्रावधान किया गया है। विधेयक के अनुसार केंद्र सरकार 29 सदस्यों वाले एक राष्ट्रीय परिचर्या एवं प्रसूति विद्या आयोग का गठन करेगी।

### अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन नहीं कर सकता : बीजद सांसद

बीजद सांसद पिनाकी मिश्रा ने कहा कि मैं आज केंद्र सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन नहीं कर सकता, भले ही हम एक राजनीतिक दल के रूप में भाजपा के खिलाफ हैं, लेकिन मैं केंद्र सरकार द्वारा ओडिशा के लिए किए गए कई कामों के लिए आभारी हूं। इसीलिए किसी भी स्थिति में मैं आज कांग्रेस पार्टी द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए अपनी पार्टी और नेता की ओर से खुद को मनाने में असमर्थ हूं।

### भारतीय प्रबंधन संस्थान संशोधन विधेयक राज्यसभा से पारित

राज्यसभा ने मंगलवार को भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक 2023 को ध्वनिमत से पारित कर दिया जिससे नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रीयल इंजीनियरिंग को राष्ट्रीय स्तर का दर्जा मिलने का मार्ग खुल गया। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है। इसके साथ ही इस पर संसद की मुहर लग गई। शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने विधेयक पर हुई चर्चा का उत्तर देते हुए कहा कि इससे नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रीयल इंजीनियरिंग को राष्ट्रीय स्तर का दर्जा मिल सकेगा। यह विश्व स्तर का बेहतर संस्थान है और यहां से अध्ययन कर जाने माने लोग निकले हैं। उन्होंने कहा कि देश में 20 भारतीय प्रबंधन संस्थान है और ये संस्थान बेहतर तरीके से अपना काम कर रहे हैं तथा इनके लिए धनराशि की कोई कमी नहीं है। इसके बाद सदन से इस विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया।

### ओ ब्रायन पर अभी कोई फैसला नहीं : धनखड़

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन के सदन में अनुचित आचरण पर अभी कोई फैसला नहीं किया गया है। शून्य काल के दौरान सदन में ब्रायन के अनुचित आचरण पर धनखड़ ने उन्हें मानसून सत्र के की शेष अवधि के लिए कार्यवाही से निलंबित करने की घोषणा की थी। इससे पहले सदन के नेता पीयूष गोयल ने ब्रायन को मानसून सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित करने का प्रस्ताव रखा था। प्रश्नकाल शुरू होने पर धनखड़ ने कहा कि उन्होंने ब्रायन को निलंबित करने की घोषणा पर विचार किया है। इसलिए वह घोषणा के बाद भी सदन में है। कांग्रेस के प्रमोद तिवारी ने कहा कि सभापति को बड़ा हृदय दिखाना चाहिए और ब्रायन का निलंबन वापस ले लेना चाहिए। कांग्रेस के ही मुकुल वासनिक ने कहा कि परिस्थितियों वश श्री ब्रायन आवेश में आ गए। उनका इरादा सभापति का अपमान करना नहीं है।

### अंतर सेना संगठन विधेयक को मंजूरी

राज्यसभा ने सैन्य सुधारों से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक अंतर सेना संगठन (कमान नियंत्रण और अनुशासन) विधेयक 2023 को ध्वनिमत से पारित कर दिया जिससे इस पर संसद की मुहर लग गई। लोकसभा इस विधेयक को पहले ही पारित कर चुकी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विधेयक पर हुई संक्षिप्त चर्चा का जवाब देते हुए सदस्यों के सवाल के जवाब में स्पष्ट किया कि देश के समुद्री हित पूरी तरह सुरक्षित हैं और सेना किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। रक्षा क्षेत्र में अत्यधिक खर्च पर लगाम लगाए जाने के एक सदस्य के सुझाव पर कहा कि सरकार देश की सुरक्षा के लिए वित्तीय संसाधनों की कमी नहीं आने देगी और जरूरत पड़ी तो सुरक्षा के लिए सकल घरेलू उत्पाद का पांच से छह प्रतिशत भी रक्षा क्षेत्र पर खर्च किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि तीनों सेनाओं में अधिकारियों के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है।

## सार संक्षेप

### महाराष्ट्र के मंत्रालय में धमकी भरा फोन करने वाला गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्रालय (राज्य सरकार सचिवालय) पर आतंकवादी हमले की धमकी देने वाले एक व्यक्ति को शहर पुलिस ने यहां गिरफ्तार किया। जानकारी के मुताबिक 61 साल के किशनचंद खेमानी नाम के आरोपी ने सोमवार रात मंत्रालय के कंट्रोल रूम में फोन कर धमकी दी कि मंत्रालय में दो दिन के अंदर आतंकी हमला होगा। इसके तुरंत बाद मुंबई पुलिस ने अधिकारियों के साथ मिलकर जांच की और फोन नंबर को ट्रैक किया। इस अपराध के सामने आने के कुछ घंटों बाद ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### सारण में महिला की गोली मारकर हत्या

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र में एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। विशुनपुरा गांव निवासी स्व. भोला पांडेय की पत्नी शिवपति देवी सोमवार की रात अपने घर के मुख्य दरवाजे पर बैठी थी। इसी दौरान एक मोटर साइकिल पर सवार होकर तीन लोग वहां पहुंचे। इसके बाद उन लोगों ने महिला को गोली मारकर घायल कर दिया। सूत्रों ने बताया घायल महिला को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### शर्मिला ने राहुल को फिर से सांसद बनने पर दी बधाई

**हैदराबाद।** वाईएसआर तेलंगाना पार्टी प्रमुख वाई.एस.शर्मिला ने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को फिर से सांसद बनने पर बधाई दी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा राहुल गांधी की अयोग्यता पर रोक लगाने के बाद उनकी संसद सदस्यता बहाल की गई है। शर्मिला ने राहुल को बधाई संदेश भेजा व देश में लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और एकता को बहाल करने के लिए उनकी अथक लड़ाई की सराहना की। शर्मिला ने समान विचारधारा वाली ताकतों से भी इस उद्देश्य के लिए हाथ मिलाने की अपील की। उन्होंने ट्वीट करके संसद में विपक्ष द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को नैतिक समर्थन भी दिया।

### 37 लाख के नशीले पदार्थ के साथ तीन गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात में अहमदाबाद शहर के रामोल क्षेत्र में 37 लाख रुपए से अधिक कीमत के नशीले पदार्थ के साथ एक युवती सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि सूचना के आधार पर अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस राजमार्ग पर रामोल की ओर नाकाबंदी करके वाहनों की तलाशी ली जा रही थी। इस दौरान एक कार में से 376 ग्राम 600 मिलीग्राम नशीला पदार्थ मेफेड्रोन, 1750 रुपए नकद, तीन मोबाइल फोन तथा कार जब्त करके एक महिला और चालक सहित दो अधेड़ उम्र के लोगों को पकड़ लिया गया।

## सिद्धारमैया ने फर्जी पत्र मामला सीआईडी को सौंपा

**बेंगलुरु,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। जिस फर्जी पत्र विवाद के कारण सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार और विपक्ष के बीच जुबानी जंग हुई थी, उसे मंगलवार को विशेष शाखा आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) को सौंप दिया गया है। फर्जी पत्र में कृषि मंत्री एन. चेलुवरयास्वामी पर निशाना साधा गया और आरोप लगाया गया कि वह विभाग के अधिकारियों से पैसे की मांग कर रहे हैं। दावा किया गया कि अधिकारियों ने राज्यपाल को पत्र लिखा है और बदले में राज्यपाल ने मुख्य सचिव को भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने के लिए कहा था। हालांकि, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने स्पष्ट किया कि इस संबंध में राज्यपाल द्वारा कोई शिकायत या पत्र नहीं लिखा गया है। इस संबंध में मीडिया और सोशल मीडिया पर प्रसारित पत्र फर्जी है, जो सरकार को बदनाम करने के लिए बनाया गया है। उन्होंने परोक्ष रूप से कहा कि यह भाजपा नेताओं या पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी की करतूत हो सकती है। कुमारस्वामी ने सिद्धारमैया पर निशाना साधते हुए कहा था कि वह असली पत्रों को नकली बनाने में माहिर हैं। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा था कि सिद्धारमैया बेशर्मी से भ्रष्टाचारियों के पीछे खड़े हैं और यह शर्म की बात है।



## हिंदू राष्ट्र कहलाने की क्या जरूरत : कमलनाथ

**भोपाल,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ ने मंगलवार को कहा कि विश्व की सबसे बड़ी हिंदू आबादी वाले भारत में 82 फीसदी हिंदू हैं और ऐसे में हिंदू राष्ट्र कहने की क्या आवश्यकता है, ये तो स्वयं आंकड़े बताते हैं। कमलनाथ ने यहां प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि विश्व की सबसे बड़ी हिंदू आबादी अपने देश में हैं, देश में 82 फीसदी हिंदू निवास करते हैं, अब ऐसे में हिंदू राष्ट्र कहने की क्या आवश्यकता है, इसमें कोई बहस का मुद्दा नहीं है, ये तो स्वयं आंकड़े बताते हैं। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ ने इस दौरान आदिवासी आबादी के माध्यम से प्रदेश सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि देश के सबसे बड़े आदिवासी प्रदेश होते हुए भी मध्यप्रदेश में किस प्रकार आदिवासियों का शोषण और उन पर अत्याचार हो रहे हैं।

- **आदिवासी आबादी के माध्यम से मप्र सरकार को घेरा**



**आंकड़े बताते हैं देश में 82 फीसदी हिंदू आबादी : कमलनाथ**

ऐसी कई घटनाएं तो देश-दुनिया तक पहुंच भी नहीं पाती। सिंगरौली में विधायक के बेटे ने एक आदिवासी पर गोली चलाई। सरकार को प्रदेश चलाने से मतलब नहीं है। कमलनाथ ने हिंदुत्व को लेकर स्वयं पर लग रहे आरोपों पर कहा कि उन्होंने प्रदेश का सबसे बड़ा हनुमान मंदिर छिंदवाड़ा में 15 साल पहले बना दिया था। उस समय कोई चुनाव नहीं थे।

### कांग्रेस आदिवासी प्रगति के लिए प्रतिबद्ध

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस आदिवासी प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है। कमलनाथ ने अपने ट्वीट में कहा कि झाबुआ में 'आदिवासी स्वाभिमान यात्रा' के सफलतापूर्वक संपन्न होने के अवसर पर उन्हें आदिवासियों के बीच रहने का सौभाग्य मिला। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सोच आदिवासियों के प्राकृतिक पर्यावरण और सांस्कृतिक वातावरण को बचाए-बनाए रखते हुए प्रगति के मार्ग पर ले जाने की रही है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा 'आदिवासी' शब्द का प्रयोग नहीं करती, तो आदिवासियों का विकास क्या करेगी। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस आदिवासी प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है।

## प्रधानमंत्री के खुले में शौच मुक्त भारत होने का दावा झूठ : जदयू

**पटना,** 8 अगस्त (देशबन्धु)। बिहार जनता दलयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2019 में यह दावा किया था कि हमारा देश पूरी तरह से खुले में शौच मुक्त हो चुका है, मगर केंद्र सरकार के अधीन आने वाली राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण द्वारा जारी रिपोर्ट-5 में यह कहा गया है की देश की 19 फीसदी परिवार अभी भी शौचालय की आधारभूत सुविधाओं से वंचित है, यानी प्रधानमंत्री ने आज से चार वर्ष पहले जो दावे किए थे वह झूठे साबित हुए। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री बिना किसी जानकारी के देश की जनता से झूठ बोल रहे थे मगर केंद्र सरकार की ही संस्था ने हकीकत को उजागर कर दिया। जदयू नेता ने कहा कि भारत सरकार के मंत्री के हस्ताक्षर के बाद ही राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण का रिपोर्ट जारी होता है और यह दोनों तथ्य उसी रिपोर्ट के जरिए निकल कर बाहर आए हैं। प्रधानमंत्री भ्रामक आंकड़ों को पेशकर सिर्फ और सिर्फ जनता को गुमराह करते हैं।



**देशभर में अब तक 19 प्रतिशत परिवार शौचालय एवं आधारभूत संरचना से दूर : उमेश कुशवाहा**

### 41 फीसदी लोगों को नहीं मिला उज्ज्वला योजना का लाभ

जदयू नेता ने कहा कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण द्वारा जारी रिपोर्ट-5 में मोदी सरकार की एक और झूठ का पर्दाफाश हुआ, उज्ज्वला योजना को लेकर भाजपा बड़े-बड़े दावे करती है और प्रधानमंत्री ने भी कई बार स्वयं यह कहा है की उज्ज्वला योजना के माध्यम से देश की महिलाओं को धुएं से छुटकारा मिला है मगर असलियत यह है की अभी भी भारत में 41 फीसदी परिवार ठोस ईंधन का इस्तेमाल कर खाना पकाने पर मजबूर है।

## जितनी गाली पड़ रही उतना हम मजबूत हो रहे : तेजस्वी

**पटना,** 8 अगस्त (देशबन्धु)। लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव के दौरान भाजपा के सांसदों ने जदयू और राजद पर जमकर निशाना साधा। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान राजद को निशाना बनाए जाने को लेकर बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि इन्हें सच से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि जितना गाली पड़ता है, उतना हम मजबूत हो रहे हैं। पटना में पत्रकारों के अविश्वास प्रस्ताव के दौरान लालू परिवार को टारगेट किए जाने के संबंध में पूछने पर उन्होंने कहा कि पता नहीं यह लोग क्या बोलते रहता है। सच से इसका कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि आज अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा हो रही है। लेकिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मणिपुर हिंसा मामले में मौन धारण किए हुए हैं।



यदि मणिपुर जलता है, तो भारत जलता है, लेकिन इसके बाद भी प्रधानमंत्री मौन हैं। मणिपुर में क्या हो रहा है, कैसे हो रहा है, किसी भी चीज को लेकर वो कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमारे परिवार को कोई गाली दे या ना दे, हमें फर्क नहीं पड़ता है। जनता देख रही है, जितना गाली पड़ता है उतना हम मजबूत हो रहे हैं। विपक्षी दलों को घमंडिया कहे जाने पर तेजस्वी ने कहा कि यही इनका संस्कार है।


अपील — *मणिपुर की राज्यपाल की सभी राज्यों के समकक्षों से अपील*

# विभिन्न राज्य में अध्ययनरत छात्रों की सुरक्षा करें सुनिश्चित

**इंफाल, 8 अगस्त (एजेंसियां)। मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने सभी राज्यों के राज्यपालों और केंद्र शासित प्रदशों के उपराज्यपालों से अनुरोध किया है कि वे अपने-अपने राज्यों में पढ़ाई कर रहे राज्य के छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। राजभवन के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राजभवन के एक अधिकारी ने कहा कि।**

राज्यपाल उन छात्रों को लेकर बेहद चिंतित हैं जो तीन मई को राज्य में भड़की जातीय हिंसा के बाद से देश के विभिन्न हिस्सों में उच्च शिक्षा और व्यावसायिक पाठ्यक्रम कर रहे हैं।

अपने सभी समकक्षों को लिखे पत्र में उन्होंने पहले उनसे यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया था कि मणिपुर के छात्रों की शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित न हों। अनुसुइया उइके ने कहा कि सभी राज्यपालों, उपराज्यपालों और प्रशासकों ने कहा कि उन छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्था की गई है और उनकी शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित नहीं होंगी।



- **तीन मई को राज्य में भड़की जातीय हिंसा के बाद अनुसुइया उइके ने जताई चिंता**

मणिपुर की राज्यपाल ने सभी राज्यपालों, उपराज्यपालों और प्रशासकों के प्रति आभार प्रकट किया है। राजभवन के एक बयान में कहा गया है कि इस महत्वपूर्ण समय में मणिपुर के छात्रों को अमूल्य सहयोग दिया गया है। इसमें कहा गया है कि तमिलनाडु और नगालैंड के राज्यपालों ने जरूरत पड़ने पर तमिलनाडु (20 छात्र) और नगालैंड (238 छात्र) के उन छात्रों को अपेक्षित सहायता देने का आश्वासन दिया है।

बयान में कहा गया है, राज्यपाल का दृढ़ विश्वास है कि स्थिति पूरी तरह से सामान्य होने तक सभी संबंधित लोग अपनी मदद देना जारी रखेंगे। इसके अलावा, उनका यह भी मानना है कि जब भी जरूरत होगी, वे छात्र मदद के लिए संबंधित राज्यपाल के सचिवालय से संपर्क कर सकते हैं। वहीं मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर से मणिपुर में जातीय हिंसा को देखते हुए इंफाल स्थित सीएयू में बीएससी के चौथे वर्ष की पढ़ाई कर रहे मेघालय के छात्रों के लिए अंतरिम व्यवस्था करने के मामले में हस्तक्षेप का अनुरोध किया है। संगमा ने अपने मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ सोमवार को तोमर से मुलाकात की और इस मामले पर एक अनुरोध पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि मणिपुर की राजधानी इंफाल स्थित सीएयू को मेघालय के छात्रों को अपने ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के संचालन का भी निर्देश दिया जाए। पत्र में संगमा ने तोमर से ऐसी व्यवस्था करने का अनुरोध किया ताकि बीएससी चौथे वर्ष के छात्र मेघालय में अपना ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम संचालित कर सकें।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

"24 सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले दो दिन से निगम के सभी कर्मचारी धरने पर थे और पूरी तरह से कामकाज ठप था। आज कार्यकारिणी की बैठक के बाद महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ अन्य अधिकारियों के साथ धरना स्थल पर पहुंचे और वार्ता की। उन्होंने बताया कि महापौर ने आश्वासन दिया है कि 8 मांगों पूरा लिया गया जबकि बाकी मांगों बाकी 16 मांगो का निस्तारण अगले 15 दिनों में कर दिया जाएगा।
**रविंदर कुमार जाटव, संघ अध्यक्ष**

## सीए फर्म बिल्डरों के बकाए का करेगी पुनर्मूल्यांकन

■ बिल्डरों पर 26500 करोड़ रुपए है बकाया
■ बिल्डरों की आपत्ति के बाद नोएडा प्राधिकरण ने उठाया कदम

**नोएडा,** 8 अगस्त (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण ने बिल्डरों के बकाए का पुनर्मूल्यांकन करने के लिए एक चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) फर्म को नियुक्त किया है। यह कदम उन डेवलपर्स की लगातार आपत्तियों के बाद उठाया गया जिसमें बिल्डर बकाया राशि को तर्कसंगत बनाने की मांग कर रहे है। बिल्डरों का कहना है कि नोएडा प्राधिकरण बकाए पर बहुत ज्यादा ब्याज लगाकर कई गुना पैसा वसूल रहा है। नोएडा प्राधिकरण के वित्त नियंत्रक स्वतंत्र कुमार ने कहा कि सीए फर्म वर्तमान में आम्रपाली और यूनिटेक जैसे एनसीएलटी और सुप्रीम कोर्ट के मामलों में फंसे लोगों को छोड़कर, 60 बिल्डरों की जांच कर रही है। डेवलपर्स के इस चुनिंदा समूह पर नोएडा प्राधिकरण का 7500 करोड़ रुपए से अधिक का बकाया पाया गया है। ग्रुप हाउसिंग श्रेणी में कुल मिलाकर 115 परियोजनाएं हैं। इन पर नोएडा प्राधिकरण का 26500 करोड़ रुपए बकाया है। हालांकि, 15 से अधिक परियोजनाएं वर्तमान में एनसीएलटी की कार्रवाई में उलझी हुई हैं, जबकि इतनी ही संख्या में परियोजनाएं यूनिटेक और आम्रपाली समूहों से जुड़ी हैं और वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हैं। वहीं 60 डिफॉल्टर बिल्डरों में से 10 ने इस साल की शुरुआत में शुरू की गई पुनर्निर्धारण नीति के तहत आवेदन किया है। जिन्होंने प्राधिकरण को 120 करोड़ रुपए से अधिक जमा किया है, जो उनके कुल बकाया का 20त्न है। इस बीच, नोएडा प्राधिकरण नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत के नेतृत्व वाली एक विशेषज्ञ समिति द्वारा प्रस्तुत सिफारिशों की समीक्षा कर रहा है। अधिकारियों ने बताया कि समिति की रिपोर्ट के आधार पर प्राधिकरण का लक्ष्य एक नीति बनाना है। रिपोर्ट 13 अगस्त को होने वाली आगामी बोर्ड बैठक के दौरान प्रस्तुत की जाएगी। समिति द्वारा प्रस्तावित उपायों में अधिकारियों के बकाए को फ्लैट रजिस्ट्री प्रक्रिया से अलग करना, साथ ही भूमि-स्वामित्व वाली एजेंसी को भुगतान पर राहत देना भी शामिल है।

एसीईओ प्रभाष कुमार ने कहा कि हमें अमिताभ कांत की समिति की रिपोर्ट मिल गई है। हम सिफारिशों की जांच कर रहे हैं और उसके अनुसार अपनी नीति बनाएंगे। आगामी बोर्ड बैठक के दौरान इस पर चर्चा की जाएगी। प्राधिकरण घर खरीदारों की समस्याओं को समझता है। कुमार ने कहा कि हम वर्तमान में बिल्डरों के बकाया की पुनर्गणना कर रहे हैं। डेवलपर्स की प्राथमिक शिकायत यह है कि प्राधिकरण उनसे उच्च बकाया वसूलता है। हालांकि प्राधिकरण ने अपने मापदंडों के आधार पर बकाया की गणना की है। हमने डेवलपर्स की चिंताओं को ध्यान में रखा है और एक तृतीय-पक्ष सीए फर्म के माध्यम से उनके बकाया का पुनर्मूल्यांकन करने की प्रक्रिया शुरू की।

### अमिताभ कांत की रिपोर्ट के लिए बनाई समिति

इस मामले में नोएडा प्राधिकरण ने प्राधिकरण ने एक समिति बना ली है। इस समिति में नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ प्रभाष कुमार, सतीश पाल, जीएम प्लानिंग, एफसी स्वतंत्र कुमार शामिल है। रिपोर्ट का अध्ययन करके जो भी निष्कर्ष निकलेगा उसे बताया जाएगा।

## 200 करोड़ के मामले में अधिकारी व कर्मचारियों के बयान दर्ज

■ एक सप्ताह के अंदर जांच समिति सीईओ को सौंप देगी रिपोर्ट

**नोएडा,** 8 अगस्त (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण से जुड़े 200 करोड़ रुपए की एफडी मामले में प्राधिकरण अधिकारी-कर्मचारियों व बैंक के स्टॉफ के बयान लेने का काम पूरा हो गया है। अब सभी साक्ष्यों व बयानों को एकत्रित कर फाइनल रिपोर्ट तैयार की जाएगी। एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट जांच समिति सीईओ को सौंप देगी।

प्राधिकरण ने करीब डेढ़ महीने पहले सेक्टर-62 स्थित बैंक ऑफ इंडिया ब्रांच में 200 करोड़ रुपए एफडी के लिए जमा कराए थे। इन पैसों को जालसाजों ने फर्जी तरीके से दूसरे खातों में ट्रांसफर कराना शुरू कर दिया। पहली बार में 2 करोड़ 90 लाख रुपए ट्रांसफर करा दिए जबकि दूसरी 9 करोड़ रुपए और ट्रांसफर कराए लेकिन इस बीच फर्जीवाडे का खुलासा हो गया। जालसाजों की साजिश पूरे 200 करोड रुपए की हड़पने की थी। इस मामले में कोतवाली सेक्टर-58 में एफआईआर के अलावा प्राधिकरण स्तर पर भी जांच कमेटी गठित कर दी गई थी। प्राथमिक जांच में नोएडा प्राधिकरण के सीएफओ मनोज कुमार सिंह की भूमिका संदिग्ध पाई गई थी। इस मामले में सीईओ ने नोटिस जारी कर जबाव मांगा। सीएफओ की ओर से दिए गए जबाव से सीईओ संतुष्ट नजर नहीं आए। उन्होंने सीएफओ के जबाव को जांच समिति के पास भेज दिया। जांच समिति अब तक प्राधिकरण के वित्त विभाग के वित्त नियंत्रक, सीएफओ, अकाउंटेंट, डिस्पेचर के अलावा बैंक मैनेजर व अन्य स्टॉफ के बयान ले चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले से जुड़े सभी पक्षों का बयान लेने का काम पूरा कर लिया गया है। जल्द ही फाइनल रिपोर्ट सीईओ को सौंप दी जाएगी।

## सीईओ ने किया नोएडा स्टेडियम का निरीक्षण, सफाई व्यवस्था से दिखे असंतुष्ट



■ शूटिंग रेंज के प्रथम तल पर बनाया जाए जिमनास्टिक हॉल

**नोएडा,** 8 अगस्त (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश ने अधिकारियों के साथ नोएडा स्टेडियम का निरीक्षण किया। पूरे स्टेडियम में साफ सफाई व्यवस्था खराब पाई गई, जिस पर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए नियमित सफाई करने के निर्देश दिए।

योगा हॉल में स्थित पिलर की पेंटिंग कराई जाए साथ ही मुख्य दीवार पर योगा से संबंधित डिजाइन व बैकड्राप पेंटिंग बनवाई जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि पेड़ों की सफेद रंग से निर्धारित ऊंचाई तक पेंटिंग कराई जाए। नोएडा स्टेडियम में स्थित जॉगिंग ट्रेक बहुत ज्यादा सख्त हो गया है ऐसे में उसकी खुदाई करवा कर मौरंग डलवा कर सॉफ्ट बनाया जाए। नोएडा स्टेडियम में लगे हुए होल्डिंग्स बहुत अव्यवस्थित हालत में मिले, जो होल्डिंग्स खराब हो चुकी है उन्हें बदलवाया जाए साथ ही एक निर्धारित स्थल पर ही होल्डिंग्स लगाए जाए। इनडोर स्टेडियम के निरीक्षण के दौरान सीईओ को अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि इनडोर स्टेडियम के संचालन अनुरक्षण एवं सफाई इत्यादि का कार्य ठेकेदार द्वारा किया जाता है । मौके पर इंदौर स्टेडियम का रखरखाव एवं साफ सफाई खराब पाई गई। सीईओ न कार्यदाई संस्था को नोटिस जारी कर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। स्टेडियम में रामलीला मैदान पर सिंथेटिक रनिंग ट्रेक, एथलेटिक ग्राउंड तैयार करने के लिए निर्देशित किया गया। शूटिंग रेंज के प्रथम तल पर जिमनास्टिक हाल तैयार कराने के लिए कहा गया, वहीं स्टेडियम में स्विमिंग पूल का प्रावधान पूर्व से किया गया लेकिन अभी तक निर्माण नहीं हो पाया है। ऐसे में स्विमिंग पूल के निर्माण के संबंध में अग्रिम कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया।

## सार संक्षेप

### विकास कार्यों को लेकर किसानों ने प्राधिकरण अधिकारियों के साथ की बैठक

**नोएडा।** कई समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैट) के पदाधिकारियों ने नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें खासतौर से गांवों में होने वाले विकास कार्यों को लेकर बातचीत हुई। किसानों की तरफ से भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष पवन खटाना व अन्य किसान मौजूद थे जबकि नोएडा प्राधिकरण की तरफ से एसीईओ प्रभाष कुमार, सतीश पाल व ओएसडी अविनाश त्रिपाठी मौजूद थे। भाकियू ने गांवों की आबादी निस्तारित करने, ग्रामीणों को रोजगार देने व गांवों में विकास कार्य कराए जाने समेत अन्य मांगें रखीं। करीब दो घंटे तक चली बैठक में प्राधिकरण अधिकारियों ने सभी मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। नोएडा प्राधिकरण के डीजीएम श्रीपाल भाटी का कहना है कि सिविल से संबंधित मांगों का जल्द काम शुरू कराया जाएगा।


### दोस्त के साथ हिमाचल प्रदेश घूमने गई युवती, परिजनों ने दर्ज कराई गुमशुदगी

**नोएडा।** थाना सेक्टर-20 क्षेत्र से एक युवती अपने दोस्त के साथ हिमाचल प्रदेश घूमने चली गई। युवती के परिजनों ने उसकी गुमशुदगी आठ अगस्त को थाना सेक्टर-20 में दर्ज कराई। युवती जब घूम कर लौटी तो पुलिस ने युवती के परिजनों की शिकायत पर युवक सौरभ चौहान को हिरासत में लिया। युवती ने बताया कि वह बालिग है और अपनी मर्जी से उसके साथ गई थी। जिसके बाद भी पुलिस ने युवक को अवैध हिरासत में रख कर उसके परिजनों से बीस हजार रुपये छोडने् के एवज में मांगे। जिसका एक ऑडियो सोशल मीडिया पर मंगलवार को वायरल हुआ। जिसके बाद पुलिस अधिकारियों ने ऑडियो के आधार पर जलवायु विहार चौकी पर तैनात मुकेश राठौर नाम के सिपाही को निलंबित कर दिया।

### 26 सेक्टरों के 6 लाख लोगों को मिलेगा गंगाजल

**नोएडा।** 26 सेक्टरों के 6 लाख लोगों को मई से मीठा जल (गंगाजल) मिलने लगेगा। इसके लिए तीसरे फेज 37.50 क्यूसेक गंगाजल (90 एमएलडी) परियोजना का 94.50 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। ये काम उप्र जल निगम कर रही है। परियोजना पर 304.18 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है। इसमें 228.14 करोड़ रुपए प्राधिकरण खर्च कर रहा है। इसके करीब 100 मीटर पैच में जमीन विवाद था जिसे निपटा लिया गया है। ऐसे में अब यहां काम शुरू करा दिया गया है। इस मामले को बोर्ड में लाया जाएगा। डीजीएम आरपी सिंह ने बताया कि गंगाजल की सभी अड़चनों को पूरा कर लिया गया है। सितंबर तक नोएडा में 90 एमएलडी अतिरिक्त गंगालजल की सप्लाई की जाने लगेगी। परियोजना से नोएडा को कुल 330 एमएलडी गंगाजल की सप्लाई हो जाएगी। वर्तमान में 240 एमएलडी गंगाजल की आपूर्ति की जा रही है। यह योजना 50 क्यूसेक गंगाजल की है। जिसमे नोएडा का 75 प्रतिशत 37.50 क्यूसेक गंगाजल मिलेगा और यूपीएवीपी का 25 प्रतिशत 22.5 क्यूसेक गंगाजल की सप्लाई की जाएगी।

## नोफा ने सीईओ से की मांग



■ मजबूती के लिए ऊंची इमारतों का कराया जाए स्ट्रक्चर ऑडिट

**नोएडा,** 8 अगस्त (देशबन्धु)। नोएडा की हाइराइज सोसायटी की समस्या को लेकर सीईओ लोकेश एम ने नोएडा फेडरेशन ऑफ अपार्टमेंट ऑनर एसोसिएशन (एनओएफएए) के साथ बैठक की। इस मौके पर ऊंची इमारतों की सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, लिफ्ट सुरक्षा, बिल्डर बायर्स रजिस्ट्री मुद्दे पर विस्तार से बातचीत की गई।

एनओएफएए के अध्यक्ष राजीव सिंह ने बताया कि नोएडा की सभी हाइराइज इमारतों का नोएडा प्राधिकरण द्वारा भौतिक परीक्षण कराया जाना चाहिए। जिससे इमारत की स्ट्रक्चरल मजबूती का पता चल सकेगा। फायर सेफ्टी ऑडिट भी कराया जाए इसके अलावा नोएडा में लिफ्ट एक्ट लागू किया जाए। बालकनी के लिए कोई नियम आने चाहिए। अक्सर बालकनी से गिरकर ही हादसे हो रहे है। डीजी सेट से संबंधित आदेशों का पालन करने के लिए कम से कम दो साल का समय एओए को दिया जाए। यूपी अपार्टमेंट एक्ट को सभी हाई राइज सोसायटियों में सही मायने में लागू करने की जरूरत है। अधिनियम में कई बिंदुओं पर संशोधन की आवश्यकता है जिसके परिणामस्वरूप प्रशासन से मदद मिलेगी। साथ ही नोएडा प्राधिकरण की निगरानी में एओए के चुनाव हो सकेंगे। अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों को लागू किया जाए। जिससे भविष्य में लंबित रजिस्टरियों और घर खरीदारों के लगभग 2 लाख अधूरे अपार्टमेंट की 200 रुकी हुई परियोजनाओं को पूरा कराया जा सके। इसके अलावा बिल्डर द्वारा सोसायटी को सौंपना, स्वच्छ पानी आदि समस्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस पर सीईओ लोकेश एम ने बायर्स एसोसिएशन को आश्वस्त किया जो भी समस्या है उनको गंभीरता से लिया जाएगा और काम किया जाएगा।

## रिंगिंग बेल्स कंपनी के मालिक का 30 लाख का सोना कुर्क

**नोएडा,** 8 अगस्त (देशबन्धु)। 251 रुपए में स्मार्ट फोन देने की घोषणा करने वाले रिंगिंग बेल्स कंपनी के मालिक मोहित गोयल पर कमिश्नरेट पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। अब पुलिस ने ड्राई फूड घोटाले के सरगना द्वारा अवैध रुप से अर्जित किए गए 30 लाख रुपए के गहने को कुर्क किया है। संबंधित सोने को आरोपी ने अपने नौकर छपरा निवासी रिशु कुमार के नाम पर मुथूट फाइनेंस में जमा कराया था।



रिशु कुमार वर्तमान में गाजियाबाद के इंदिरापुरम में रहता है। पूर्व में भी सरगना की कार और अचल संपत्ति को कुर्क किया जा चुका है। 2017 में रिंगिंग बेल्स कंपनी के मालिक गुरूग्राम निवासी मोहित कुमार गोयल ने लोगों को महज 251 रुपए में फ्रीडम स्मार्ट फोन देने की घोषणा करके चर्चा बटोरी थी। इस कंपनी ने नोएडा में बाकायदा अपना ऑफिस खोला था।

फ्रीडम 251 स्मार्ट फोन को ऑनलाइन बुक कराने के लिए ऐसी भगदड़ मची थी कि कंपनी की वेबसाइट भी क्रेश हो गई थी। फ्रीडम 251 की घोषणा के बाद प्रशासन व पुलिस भी सतर्क हो गई। जिसके बाद गिरोह के सरगना मोहित कुमार गोयल के फर्जीवाड़े की कलई खुल गई। गौतमबुद्धनगर पुलिस ने मोहित गोयल के खिलाफ 14(1) गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी। 2022 में न्यायालय पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर के आदेश पर गैंग लीडर मोहित गोयल की लगभग 7 करोड़ रुपए की चल अचल संपत्ति को कुर्क किया गया था। इसमें एक इनोवा, क्रिस्टा कार, 10 लाख रुपए नकद, ओडी ए 435 30 लाख रुपए, गुरुग्राम में स्थित फ्लैट कीमत 6 करोड़ 60 लाख रुपए को कुर्क किया था।

### ऐसे कमाई अकूत संपत्ति

14 दिसम्बर 2020 में मोहित गोयल के खिलाफ थाना सेक्टर-58 में भी मामला दर्ज हुआ था। अब न्यायालय पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर के आदेश पर नोएडा कमिश्नरेट पुलिस ने मोहित गोयल द्वारा अवैध रुप से अर्जित किए गए 466.100 ग्राम सोने के गहने कुर्क किए हैं।

गिरोह का सरगना रिंगिंग बेल्स कंपनी ड्राईफ्रूट्स व मसाला विक्रेताओं को अपना शिकार बनाता था। कंपनी ज्यादा दाम लगाकर थोक विक्रेताओं ड्राईफ्रूट्स और मसाले खरीदती थी, लेकिन उनको भुगतान नहीं करती थी। बाद में गिरोह माल को खुले बाजार में बेचकर मोटा मुनाफा कमाता था। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कहा कि कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से अपराधियों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## जीडीए ने ध्वस्त की अवैध कॉलोनी कई इमारतों को भी किया सील



**गाजियाबाद,** 8 अगस्त (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) का पीला पंजा (बुलडोजर) मंगलवार को जोन 5 में चला। जहां पर प्रवर्तन दल ने एक कॉलोनी अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया जबकि कई अवैध निर्माण को सील किया। यह अभियान जोन 5 के प्रभारी सुशील कुमार चौबे के नेतृत्व में चलाया गया। सुशील चौबे ने बताया कि प्रवर्तन दल 5 की टीम आज पहले एसटीपी के सामने अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी पर पहुंची। यह कॉलोनी विजय त्यागी, धर्मेंद्र कुमार, नरेश जाटव व नीरज शर्मा द्वारा अवैध रूप से विकसित की जा रही थी। इसमें प्लाटिंग के अलावा चारदीवारी व पिलर आदि बनाए जा रहे थे। जिन्हें पूरी तरह से बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया।

इसके बाद यह टीम शिव आदर्श कॉलोनी में पहुंची और वहां पर रामवीर और विनोद चौधरी द्वारा अवैध रूप से बनाए गए भवन को सील कर दिया गया। इसके अलावा जीएच 6 क्रॉसिंग रिपब्लिक में वुड सोसाइटी में मिठास के ऊपर बने अवैध निर्माण को सील किया गया। अभियान के दौरान सहायक अभियंता योगेश पटेल, अवर अभियंता योगेश कुमार वर्मा व परशुराम आदि शामिल रहे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के कार्यक्रम में बाधा उत्पन्न करने के मामले में मुकदमा दर्ज

■ त्यागी समाज के मांगेराम त्यागी समेत चार लोगों को किया गया नामजद
■ 5 अगस्त को कैलाश में आयोजित हुआ था भाजपा का प्रशिक्षण कार्यक्रम

**गाजियाबाद,** 8 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के पांच अगस्त को कैलाश मानसरोवर भवन में जिला पंचायत अध्यक्ष व सदस्यों के लिए आयोजित प्रशिक्षण शिविर में शामिल प्रदेश अध्यक्ष भाजपा भूपेंद्र सिंह व भाजपा के अन्य नेताओं का घेराव करने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया है। यह मुकदमा चौकी पर प्रभारी ने त्यागी समाज के मांगे राम त्यागी समेत चारलोगों के खिलाफ कार्यक्रम में बाधा डालने का कराया है।

चौकी प्रभारी नीतिखंड संदीपा मलिक की तरफ से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में मांगेराम त्यागी, बाबी त्यागी, अमित त्यागी व विकास त्यागी को नामजद कराया गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि वह मय हमराह एवं पुलिस बल के साथ 5 अगस्त 23 को कैलाश मानसरोवर भवन, चौकी क्षेत्र नीतिखंड पर जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्यों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में ड्यूटी पर तैनात थी कि उसी समय दोनों गेटों पर त्यागी महासभा के अध्यक्ष मांगेराम त्यागी बॉबी त्यागी, अमित त्यागी व विकास त्यागी जिला अध्यक्ष मेरठ एवं इनके समर्थक करीब 40-50 लोग आ गये। इन लोगों ने अपनी मागों को लेकर एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में विघ्न डालने के लिए दोनों गेटों पर आवागमन बन्द कराते हुये गेटों को बन्द कर दिया और वही पर धरना प्रदर्शन एवं नारेबाजी करने लगे। इस दौरान काफी समझाने बुझाने के बाद एवं धरना प्रदर्शन को विधि विरुद्ध बताने के बाद इन लोगों को मौके से हटाया गया। धरना प्रदर्शन के दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम में आये लोगों को बाहर निकलने व अंदर जाने से प्रदर्शनकारियो द्वारा जबरन रोक दिया गया। यह घटना दोपहर 2 बजे से पौने 5 बजे की है।

इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष समेत प्रदेश सरकार के कई मंत्री व सांसद तथा विधायक मौजूद थे और यह कार्यक्रम भाजपा के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम था। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। डीसीपी ट्रांस हिंडन शुभम पटेल ने बताया कि मामले के विधिक करवाई की जा रही है।

## नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा



■ महापौर सुनीता दयाल की अध्यक्षता में बैठक शुरू हुई

**गाजियाबाद,** 8 अगस्त (देशबन्धु)। गाजियाबाद नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में मंगलवार को संचारी रोगों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान पखवाड़ा शुरू करने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसमें पूरे 1 पखवाड़े के दौरान सभी वार्डों में फॉगिंग व एंटी लारवा स्प्रे करने के साथ-साथ जनता में जागरूकता फैलाने की बात भी कही गई। इसके अलावा डीजल को लेकर भी कार्यकारिणी के सदस्यों में काफी बहस हुई। इसके बाद नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ ने कार्यकारिणी को आश्वस्त किया कि पूर्व में पेट्रोल की आपूर्ति करने वाले वेंडर के साथ भुगतान व पर्ची जारी करने को लेकर कुछ बिंदु थे जो अब खत्म हो गए हैं। उन्होंने कहा कि अब डीजल की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी और नगर निगम का कार्य सुचारू रूप से चलता रहेगा।

इससे पहले सुबह 11 बजे महापौर सुनीता दयाल की अध्यक्षता में बैठक शुरू हुई। इसमें सबसे पहले संचारी रोग की रोकथाम और डेंगू के बढ़ते प्रकोप को लेकर चर्चा हुई। जिसमें डेंगू की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाने का प्रस्ताव पास हुआ। इसके बाद पेट्रोल पंप पर तेल दिए जाने की नियमावली पर भी चर्चा हुई। जिसमें पार्षदों में सवाल किया कि जब नगर निगम के पास 15 सो करोड़ रुपए का बजट है तो तेल की कमी क्यों हो रही है इसको लेकर कार्यकारिणी के सदस्यों ने कई तरह के सवाल उठाए नगर आयुक्त डॉ. नितिन कौर ने कहा कि 1500 सो करोड़ रुपए के बजट और तेल की कमी की तुलना करना बेईमानी है। तेल का अलग हेड है और जो बजट है वह वेतन समेत अलग-अलग मदों में खर्च किया जाता है। उन्होंने कहा कि जहां तक तेल की कमी का सवाल है तो उसमें तेल की आपूर्ति करने वाले वेंडर को लेकर कुछ यीशु थे जो अब हल हो गए हैं और अब तेल की कोई कमी नहीं रहेगी। नगर निगम की निविदा प्रक्रिया और नियमावली में पारदर्शिता को लेकर भी चर्चा हुई। जैसे पार्षदों ने कहा नए बोर्ड गठन के बाद विकास कार्य बिल्कुल नहीं हो पा रहे हैं। जिसका जनता में अच्छा संदेश नहीं जा रहा है। निगम अधिकारियों द्वारा टेंडरिंग में जो व्यापारिक शर्तें लगाई जाती हैं। उनका लगाना बंद हो और अवस्था अपना में 15 वित्त आयोग से जो धन आता है उससे विकास कार्य कराए जा सकते हैं। इसको लेकर भी एक कमेटी गठित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रबंधक जल ने बताया कि ट्रांस हिंडन में पानी की जो दिक्कत थी उसका मुख्य कारण बाढ़ बाढ़ में ज्यादातर ट्यूबेल खराब हो गए थे।

जिनमें से 14 ट्यूबेल ठीक हो गए हैं और सप्लाई शुरू कर दी गई है। जल्दी पेयजल आपूर्ति शुरू हो जाएगी। इसके अलावा और भी कई इश्यूज पर चर्च चर्चा हुई बैठक में कार्यकारिणी उपाध्यक्ष राजीव शर्मा के अलावा कार्यकारिणी सदस्य आदिल मलिक अजय शर्मा यशपाल पहलवान बिल्लू यादव रामनिवास बंसल मनोज त्यागी रेखा गोस्वामी और शीतल देवल प्रमुख रूप से शामिल रही।

## महापौर के आश्वासन के बाद नगर निगम कर्मचारी संघ का आंदोलन स्थगित



■ दो दिन से कार्य बहिष्कार के साथ बैठे थे धरने पर

**गाजियाबाद,** 8 अगस्त (देशबन्धु)। पिछले दो दिनों से अपनी 23 सूत्रीय मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार व धरने पर बैठे नगर निगम कर्मचारी संघ से जुड़े कर्मचारियों ने आज महापौर के आश्वासन के बाद अपना आंदोलन स्थगित कर दिया।

संघ के अध्यक्ष रविंदर कुमार जाटव ने बताया कि 24 सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले दो दिन से निगम के सभी कर्मचारी धरने पर थे और पूरी तरह से कामकाज ठप था। आज कार्यकारिणी की बैठक के बाद महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ अन्य अधिकारियों के साथ धरना स्थल पर पहुंचे और वार्ता की। उन्होंने बताया कि महापौर ने आश्वासन दिया है कि 8 मांगों पूरा लिया गया जबकि बाकी मांगों बाकी 16 मांगो का निस्तारण अगले 15 दिनों में कर दिया जाएगा। इसके बाद आंदोलन स्थगित कर दिया गया।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

प्री बिड मीटिंग हो गई है। अब आगे की प्रक्रिया की जा रही है। इसमें इच्छुक एजेंसी 28 अगस्त तक आवेदन कर सकती हैं। 30 अगस्त को तकनीकी निविदा खोली जाएगी। एजेंसी का चयन तीन साल के लिए किया जाएगा। सिस्टम विकसित करके उसका रखरखाव भी करना होगा।

**कपिल सिंह, प्राधिकरण एसीईओ**

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत सवा लाख तिरंगा बांटेगा ग्रेनो प्राधिकरण

- शासन से आया पत्र, जीएम ने की तैयारियों की समीक्षा
- सभी वर्क सर्किल को सौंपी तिरंगा बंटवाने की जिम्मेदारी
- इस मुहिम से स्कूल, कॉलेज, आरडब्ल्यूए व एओए भी जुड़ेंगे

**ग्रेटर नोएडा,** 8 अगस्त (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर आजादी के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को सवा लाख तिरंगा बांटेगा। प्राधिकरण के सभी विभागों ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। प्राधिकरण के ओएसडी प्रोजेक्ट विशु राजा ने मंगलवार को सभी संबंधित विभागों के साथ बैठक की। इस मुहिम को सफल बनाने के लिए आरडब्ल्यूए, अपार्टमेंट ऑनर्स एसोसिएशन, स्कूल, कॉलेज व विश्वविद्यालयों को भी जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने अति शीघ्र तिरंगा तैयार कराकर बंटवाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। दरअसल, आजादी का अमृत महोत्सव



के अंतर्गत केंद्र सरकार के निर्देश पर प्रदेश सरकार ने देशवासियों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने के लिए विगत वर्ष की भांति 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम शुरू किया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने भी इस अभियान को सफल बनाने का बीड़ा उठाया है। प्राधिकरण ने सवा लाख तिरंगा बांटने का लक्ष्य निर्धारित किया है। प्राधिकरण की तरफ से सभी विभागों की जिम्मेदारी तय कर दी गई है। मंगलवार को इसकी तैयारियों का जायजा लेने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी विशु राजा ने प्राधिकरण के सभी विभागों के साथ बैठक की। ओएसडी ने सभी विभागों को अति शीघ्र तिरंगा तैयार कराकार बंटवाने व उसे लोगों के घरों पर लगवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस काम में आवासीय सेक्टरों की आरडब्ल्यूए व सोसाइटियों में अपार्टमेंट ऑनर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों से सहयोग लिया जाएगा। स्कूल, कॉलेज व विश्वविद्यालयों के माध्यम से भी लोगों को घरों पर तिरंगा लगाने के लिए जागरूक किया जाएगा। ओएसडी ने घर पर तिरंगा लगा फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड करने के लिए प्लेटफॉर्म तैयार करने के निर्देश दिए। ग्रेटर नोएडा के प्रमुख चौराहों पर तिरंगे की फ्लैक्सी लगाई जाएगी। फ्लैक्सी, होर्डिंग आदि के जरिए शहर भर में प्रचार-प्रसार कराया जाएगा। प्राधिकरण के एसीईओ आनंद वर्धन ने रोडवेज बसों, सार्वजनिक स्थलों, शिक्षण संस्थानों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, गैर सरकारी संगठनों, रेस्टोरेंट, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, टोल प्लाजा, पुलिस चौकी आदि जगहों पर भी तिरंगा फहराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# यमुना प्राधिकरण की आवासीय योजना में पहले दिन पांच हजार लोगों ने कराया नामांकन

- आवासीय भूखंड योजना में इस बार रिकॉर्ड तोड़ आवेदन आने की उम्मीद

**ग्रेटर नोएडा,** 8 अगस्त (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की आवासीय भूखंडों की योजना को लोगों ने हाथों-हाथ लिया है। पहले दिन 4559 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। अधिकारियों की उम्मीद है कि इस बार रिकॉर्ड तोड़ आवेदन आएंगे।

यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण ने 1184 आवासीय भूखंडों की योजना मंगलवार को लांच कर दी। इस योजना के भूखंड सेक्टर 16, 17, 18 और 20 में हैं। इसमें 120 वर्ग मीटर से लेकर 2000 वर्ग मीटर तक के भूखंड शामिल है। इस योजना को लोगों ने हाथों-हाथ लिया है। पहले दिन 4559 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। 1391 लोगों ने आवेदन शुल्क जमा कर दिया है। 540 आवेदकों ने अपना आवेदन फार्म जमा कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि 81 लोगों ने एनईएफटी फार्म जनरेट कर लिए हैं। यमुना प्राधिकरण के एसीईओ कपिल सिंह ने बताया कि आवासीय भूखंड की योजना लांच कर दी गई है। लोगों का बेहतर रुझान इस योजना को लेकर आया है। पहले दिन 4559 लोगों ने नामांकन करा लिया है।

## यमुना प्राधिकरण में लागू होगा बिल्डिंग मैनेजमेंट सिस्टम

**ग्रेटर नोएडा।** बिल्डिंग प्लान मैनेजमेंट सिस्टम (बीपीएमएस) लागू करने के लिए एजेंसी के चयन की प्रक्रिया चल रही है। इसको लेकर प्री बिड मीटिंग हुई। इसमें कंपनियों ने अपने सुझाव दिए है। बिड डॉक्यूमेंट में इन लोगों को शामिल किया जाएगा।

यमुना प्राधिकरण चाहता है कि भवन अनुमोदन प्रक्रिया को डिजिटल और ऑनलाइन किया जाए। इसको विकसित करने के लिए प्राधिकरण एक एजेंसी का चयन करेगा। एजेंसी के चयन के लिए यमुना प्राधिकरण ने टेंडर निकाले थे। टेंडर प्रक्रिया के तहत प्री बिड मीटिंग का आयोजन किया गया। इसमें आई कंपनियों ने अपने सुझाव दिए। कहा कि इन सुझाव पर अमल किया जाए। अब यमुना प्राधिकरण इन सुझावों को शामिल करेगा। प्राधिकरण के एसीईओ कपिल सिंह ने बताया कि प्री बिड मीटिंग हो गई है। अब आगे की प्रक्रिया की जा रही है। इसमें इच्छुक एजेंसी 28 अगस्त तक आवेदन कर सकती हैं। 30 अगस्त को तकनीकी निविदा खोली जाएगी। एजेंसी का चयन तीन साल के लिए किया जाएगा। सिस्टम विकसित करके उसका रखरखाव भी करना होगा।

## सार संक्षेप

### अंबावता की मंडल अध्यक्ष बनीं अर्चना



**रबूपुरा।** क्षेत्र के गांव रूस्तमपुर में मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन अंबावता संगठन की बैठक का आयोजन किया गया। किसान समस्याओं पर चर्चा करते हुए संगठन विस्तार कर गांव निवासी एड0 अर्चना सिंह को महिला प्रकोष्ठ मेरठ मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया है। एडवोकेट अर्चना सिंह ने कहा कि, राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल अंबावता एवं महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रश्मि चौधरी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, वह इसे पूर्ण ईमानदारी से निभाएंगी और किसानों की आवाज को मजबूती से उठाने का काम करेंगी।

### वृक्ष लगाकर मनाया जन्मोत्सव

**रबूपुरा।** मंगलवार को क्षेत्र के गाव रूस्तमपुर के पास स्थित ढाके मंदिर प्रांगण में श्री राजपूत करणी सेना संगठन के लोगों ने अनंगपाल तोमर, स्वर्गीय लोकेंद्र सिंह कालवी व राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में कार्यकर्ताओं ने वृक्षारोपण भी किया। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री लोकेंद्र सिंह राजपूत जिलाध्यक्ष दीपक ठाकुर, मनोज सिंह, केपी भाटी, ललित तोमर, प्रवीण भाटी, तरुण भाटी आदि मौजूद रहे।



# जिम्स की बुनियादी समस्या को लेकर प्राधिकरण की एसीईओ ने किया दौरा

- एसीईओ ने बैठक कर संस्थान की प्रगति की समीक्षा
- हर संभव सहायता का दिया आश्वासन

**ग्रेटर नोएडा,** 8 अगस्त (देशबन्धु)। राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक ब्रिगेडियर.(डॉ.) राकेश गुप्ता ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सीईओ से मुलाकात कर उन्हें बुनियादी ढांचे के संदर्भ में संस्थान के सामने आने वाली समस्याओं, अस्पताल भवन के बेसमेंट में रिसाव और रखरखाव की अन्य समस्याओं से अवगत कराया। इन समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए उन्होंने एसीईओ को अस्पताल का दौरा करने को कहा। इसे देखते हुए एम.एस. मेधारूपम (आईएएस), अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को संस्थान का दौरा किया। एसीईओ ने आसपास सहित पूरे अस्पताल का दौराकर अस्पताल की सभी समस्याओं को देखा। उन्होंने अस्पताल के बेसमेंट 2 को देखा और जमीन से बड़े पैमाने पर रिसाव और अस्पताल भवन की सुरक्षा पर चिंता व्यक्त की। इसके बाद उन्होंने प्रशासन कार्यालय में बैठक बुलाई और उन्हें संस्थान की प्रगति, जीआईएमएस को आवंटित 56 एकड़ भूमि, कॉलेज परियोजना, अस्पताल रखरखाव, अस्पताल भवन हैंडओवर, बेसमेंट सीवेज, परिसर के बाहर सीवर प्रणाली को मजबूत करने से संबंधित मुद्दों से अवगत कराया गया। छात्रों के लिए छात्रावास, सिटी बस सेवा और अस्पताल के लिए सीएसआर फंड। उन्होंने सुविधाओं में सुधार के लिए हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, ग्रेटर नोएडा, यूपी सरकार का एक स्वायत्त तृतीयक देखभाल संस्थान है, जिसका मिशन समाज के सभी वर्गों को सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है और उत्कृष्ट पेशेवर चिकित्सा शिक्षा प्रदान करने में सबसे आगे रहने की कल्पना की गई है। बहु-विषयक अनुसंधान संस्थान ने एमबीबीएस (2019), डीएनबी (2020), कॉलेज ऑफ नर्सिंग (2021) और पैरामेडिकल स्कूल (2021) शुरू किया है।



# लिफ्ट टूटने से महिला की मौत का मामला मुख्यमंत्री तक पहुंचा



- जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह मुख्यमंत्री से मिले
- नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बहुमंजिला इमारतों में लिफ्ट अधिनियम लागू करने की रखी मांग

**ग्रेटर नोएडा,** 8 अगस्त (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा में पिछले दिनों एक सोसायटी के लिफ्ट में फंसने से महिला की मौत का मामला मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ तक पहुंच गया। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने मंगलवार को मुख्यमंत्री से मिलकर नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बहुमंजिला इमारतों में लिफ्ट अधिनियम लागू करने की मांग रखी है। विधायक ने मुख्यमंत्री से कहा कि प्रभावी लिफ्ट अधिनियम के अभाव में, जनपद गौतमबुद्ध नगर की हाईराइज बिल्डिंगों में आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे जनहानि के साथ-साथ लोगों में भय का माहौल है। ऐसे में शीघ्रता से लिफ्ट अधिनियम लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि जिले में पिछले कई वर्षों से लिफ्ट अधिनियम को लागू किए जाने हेतु लोग मांग कर रहे हैं, और आज वक्त की जरूरत है, क्योंकि जिस तरीके से गौतमबुद्ध नगर में शहरीकरण का विस्तार और हाई राइज बिल्डिंगों का निर्माण हुआ है, जरूरी हो जाता है, ऐसे नियम बनाए जाएं जिससे बिल्डर, प्राधिकरण और सोसाइटी वाले, नियमों में आबद्ध होकर दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में आगे बढ़ सके। जेवर विधायक के साथ अनूपशहर विधानसभा के विधायक संजय शर्मा भी मौजूद रहे।

## चारा काटते समय मशीन की चपेट में आने से किशोर की मौत

**जेवर,** 8 अगस्त (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र के गांव थोरा में रविवार को इंजन मशीन से पशुओं के लिए चारा काटते वक्त चपेट में आने से एक ग्यारह वर्षीय किशोर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जिससे स्वजनों में कोहराम मच गया।

स्वजनों से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को थोरा गांव के रहने वाले आजाद खान अपने ग्यारह वर्षीय बेटे के साथ इंजन मशीन से पशुओं के लिए चारा काट रहे थे। ग्यारह वर्षीय किशोर सफी खान इंजन को नियंत्रित कर रहा था। उसी दौरान उसके गले में पड़ा हुआ कपड़ा इंजन के पट्टा में आ गया। हादसे में किशोर की गर्दन धड़ से अलग हो गई। दर्दनाक हादसे की खबर सुनकर क्षेत्र के लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना देने के लिए पहुंच रहे हैं।

# जिलाधिकारी ने की बिजली विभाग के साथ बैठक

## कहा, निर्बाध रूप से बिजली की हो आपूर्ति

- बिजली चोरी रोकने के लिए अभियान चलाकर उठाए जाए उचित कदम

**ग्रेटर नोएडा,** 8 अगस्त (देशबन्धु)। विद्युत विभाग के विकास कार्यक्रमों में गतिशीलता लाने एवं उनको निर्धारित समय अवधि में पूरा करने को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश का शो विंडो कहा जाने वाला यह जिला है और यह औद्योगिक दृष्टि से भी बहुत ही महत्वपूर्ण जिला है। इसीलिए विद्युत विभाग के अधिकारी गंभीरता को समझते हुए विद्युत आपूर्ति पर अपना विशेष फोकस बनाकर रखें और जहां कहीं पर भी विद्युत संबंधी कोई भी समस्या होती है उसको निर्धारित समय अवधि में निस्तारित करते हुए अनवरत रूप से विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित करायी जाएं। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि पूरे जिले में निरंतर स्तर पर अभियान चलाकर बिजली चोरी करने वालों के विरुद्ध भी नियमानुसार कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि जिले में बिजली चोरी पर पूर्णत: अंकुश लगाया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्युत विभाग के द्वारा विद्युत को लेकर जो भी परियोजना जिले में चल रही है, उनको निर्धारित समय अवधि में मानकों के अनुरूप गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने की कार्रवाई की जाए, ताकि उत्तर प्रदेश शासन की जो मंशा है उसको मूर्त रूप प्रदान किया जा सके। बैठक में विद्युत विभाग के चीफ इंजीनियर राजीव मोहन, अधीक्षण अभियंता प्रथम संजीव कुमार वैश्य, अधीक्षण अभियंता द्वितीय नंदलाल तथा विद्युत विभाग के अन्य अधिकारीगण एवं जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी शिवराज मौजूद रहे।



# नाले में सीधे डाला जा रहा सोसायटी के सीवर का पानी

- ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एक सोसायटी का सीवर सीधे नाले में डालने का वीडियो वायरल

**ग्रेटर नोएडा,** 8 अगस्त (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सोसाइटी में सीवर निस्तारण सही ढंग से नहीं किया जा रहा है। मंगलवार को एक सोसाइटी का सीवर सीधे नाले में डालने की शिकायत सोशल मीडिया के जरिए की गई। इस पर प्राधिकरण ने कहा है कि वह मामले की जांच कर रहा है।(ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सोसाइटी में सीवर की समस्या बढ़ने लगी है। यहां की सोसाइटी में लगे एसटीपी ठीक ढंग से काम नहीं करते हैं। नतीजा सीवर सीधे नाले में डाला जाता है। वहां के निवासी इसको लेकर समय-समय पर शिकायत करते रहते हैं। मंगलवार को इको विलेज 1 सोसायटी के निवासी मनीष कुमार ने सोशल मीडिया पर सीवर को नाले में डालने के वीडियो शेयर किए। कहा कि समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। पहले भी इस सोसाइटी पर जुर्माना लगा है, लेकिन काम तरीके से नहीं किया जा रहा है। इस पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का कहना है कि वह मामले की जांच कर रहा है और कार्रवाई की जाएगी।

# ऑपरेशन दृष्टि के तहत व्यापारियों के साथ अडिशनल डीसीपी ने की बैठक

**दनकौर,** 8 अगस्त(देशबन्धु)। पुलिस कमिश्नर ने ऑपरेशन दृष्टि अभियान के तहत अडिशनल डीसीपी ने मंगलवार को कोतवाली में कस्बे के व्यक्तियों को साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों से आपराधिक घटनाओं को देखते हुए अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने को कहा। जिले की पुलिस द्वारा मुख्य जगहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने को लेकर ऑपरेशन दृष्टि अभियान चलाया जा रहा है। उसी के तहत कोतवाली में कस्बे के व्यापारियों के साथ बैठक करने के लिए अडिशनल डीसीपी अशोक कुमार पहुंचे। जिन्होंने व्यापारियों से कहा कि आपराधिक घटनाओं को देखते हुए सभी अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे जरूर लगाएं। क्योंकि अपराध होने के बाद आरोपियों की तुरंत ही कैमरे की फुटेज के आधार पर पहचान कर कार्रवाई की जा सकती है। इसलिए दुकानों के मुख्य गेट पर सीसीटीवी कैमर लगाए। साथ ही सीसीटीवी कैमरे लगने की वजह से अपराधी भी क्राइम करने से कतराते हैं। साथ ही उन्होंने वहां मौजूद व्यापारियों से उनकी समस्याओं को भी सुना। मीटिंग के दौरान व्यापारियों ने अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने का उनको आश्वासन दिया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी संजय सिंह, महेंद्र शर्मा, गिरीश, सचिन बंसल, उधम नागर, तरुण तिवारी, हेमू, सजंय वर्मा और नानक शर्मा समेत कई व्यापारी उपस्थित रहे।



# साइबर सुरक्षा हैकाथॉन 'कवच' के सॉफ्टवेयर संस्करण का शुभारम्भ

**ग्रेटर नोएडा,** 8 अगस्त (देशबन्धु)। जीएल बजाज कॉलेज में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित दो दिवसीय साइबर सुरक्षा हैकाथॉन 'कवच' 2023 के सॉफ्टवेयर संस्करण का भव्य शुभारम्भ किया गया। एआईसीटीई अध्यक्ष डॉ. टी. जी. सीथाराम और उपाध्यक्ष अभय जेरे ने देश के पांचों नोडल सेंटर पर प्रतियोगिता को एक साथ ओपन किया। मुख्य अथिति के रूप में पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह उपस्थित रहीं। उन्होंने सभागार को संबोधित करते हुए साइबर क्राइम से जुड़े तथ्यों पर प्रकाश डाला और प्रतिभागी छात्रों को प्रेरित किया। हैकाथॉन के लिए शुभकामनाए देते हुए कहा कि आप सभी एक युवा सोंच है और आप देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जीएलबी आईटीएम के निदेशक डॉ. मानस कुमार मिश्रा ने सभी टीमों को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हार जीत मायने नहीं रखती है आप सभी अच्छा करें और बेस्ट टीम बनकर उभरे।

गृह एवं शिक्षा मंत्रालय इस प्रतियोगिता को पूरे देश में केवल 5 शिक्षण संस्थानों में आयोजित कर रहा है। जिसमें जीएल बजाज कॉलेज को एक मात्र सॉफ्टवेयर संस्करण के लिए नोडल सेंटर चुना गया है।



# आजमगढ़ में प्रधानाचार्य व शिक्षक की गिरफ्तारी के विरोध में जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा,** 8 अगस्त (देशबन्धु)। आजमगढ़ जिले में एक निजी स्कूल की छात्रा के आत्महत्या के मामले में स्कूल की प्रधानाचार्य और शिक्षक की गिरफ्तारी को लेकर मंगलवार को जिले के स्कूलों को बंद करने के साथ जिला मुख्यालय पर धरना दिया। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों का कहना है कि आजमगढ़ में छात्रा की आत्महत्या के बाद प्रधानाचार्य व शिक्षक को परिवार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। धरना प्रदर्शन कर रही शिक्षिकाओं की मांग है कि शिक्षक व प्रधानाचार्य को तुरंत रिहा किया जाए और अगर ऐसा नहीं किया गया तो यह आंदोलन व्यापक स्तर पर किया जाएगा। दरअसल आजमगढ़ के चिल्ड्रन गर्ल्स स्कूल में एक छात्रा श्रेया तिवारी ने स्कूल की तीसरी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली थी, घटना के बाद मृतक छात्रा के परिजनों ने प्रधानाचार्य व शिक्षक पर आरोप लगाया था। वहीं स्कूल प्रशासन ने अपनी सफाई में कहा था कि छात्रा के पास से मोबाइल मिला था, जिसकी सूचना उसके परिजनों को दी जाती इस डर से छात्रा ने सुसाइड कर लिया। घटना को लेकर सोशल मीडिया पर भी लोग अपनी अपनी राय व्यक्त कर रहे हैं, कुछ लोग छात्रा की मौत के बाद इसको स्कूल प्रशासन की लापरवाही और मनमानी रवैया की वजह मान रहा है तो वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो टीचर और प्रिंसिपल को गिरफ्तार किए जाने को उचित नहीं ठहरा रहे हैं।



## शिक्षकों की गिरफ्तारी के विरोध में निजी स्कूल रहे बंद

**जेवर।** आजमगढ़ में एक निजी विद्यालय में छात्रा द्वारा आत्महत्या किये जाने पर निर्दोष शिक्षकों के खिलाफ की दोषपूर्ण कार्रवाई के विरोध में मंगलवार को जेवर क्षेत्र के निजी विद्यालयों द्वारा एक दिवसीय हड़ताल की गई तथा घटना पर खेद व्यक्त करते हुए शिक्षा प्रसार समिति के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर घटना की मजिस्ट्रेटी जांच कराने की मांग की। शिक्षा प्रसार समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र तालान ने बताया कि आजमगढ़ स्थित एक निजी विद्यालय में 3 अगस्त को एक छात्रा द्वारा आत्महत्या के मामले में पुलिस द्वारा भेदभावपूर्ण कार्रवाई करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या व शिक्षक के खिलाफदोषपूर्ण कार्रवाई की गई है। मंगलवार को शिक्षा प्रसार समिति के नेतृत्व में दर्जनों निजी विद्यालयों के प्रतिनिधियों ने तहसील प्रांगण में पहुंचकर छात्रा की मौत पर खेद प्रकट किया तथा उपजिलाधिकारी अभय कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपकर घटना की मजिस्ट्रेटी जांच कराने की मांग की। वहीं क्षेत्र के ज्यादातर सीबीएसई से संचालित विद्यालयों ने भी घटना पर खेद व्यक्त करते हुए कार्रवाई को दोषपूर्ण बताया तथा निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए मंगलवार को शिक्षण कार्य बंद रखा गया।



ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्लॉट नं0-01, सेक्टर-के0पी0-04, ग्रेटर नोएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्ध नगर
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Judges Cultural & Welfare Organization के माध्यम से आवंटित भूखण्ड संख्या A-112, Sector-Builder's Area-P-7, Greater Noida क्षेत्रफल-292.7925 वर्ग मीटर Shri Rajvir Singh S/o Late Shri Adiram Singh & Smt. Pushpa Bhati D/o Shri Rajvir Singh के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। मूल आवंटी Late Shri Rajvir Singh की मृत्यु दिनांक-02.05.2021 को हो जाने के उपरान्त उनके स्थान वसीयत के आधार पर सह आवंटी उनकी पुत्री Smt. Pushpa Bhati D/o Late Shri Rajvir Singh ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सूनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो मूल आवंटी Late Shri Rajvir Singh के स्थान पर वसीयत के आधार पर सह आवंटी उनकी पुत्री Smt. Pushpa Bhati D/o Late Shri Rajvir Singh के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

महाप्रबन्धक (ग्रुप हाउसिंग)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे
इ-निविदा (इ-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण
G20

सं. 128-W/280/इ-निविदा सूचना/44-2023-24/W-3 दिनांक : 08.08.2023
निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे इ-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | एडीईएन/एनडीएलएस के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एनडीएलएस के अनुभाग में आनंद विहार कार्यालयों/शेडों, सिक लाइन कॉम्प्लेक्स, लिनन/लॉन्ड्री शेड, वॉशिंग लाइन कॉम्प्लेक्स आदि की मरम्मत और लोको रोड से लोको रनिंग रूम एएनवीटी से कैपिटल स्टोर और कूड़ेदान क्षेत्र तक आरसीसी रोड की मरम्मत। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) | रू. 1,89,99,096.19 (रूपये एक करोड़ नवासी लाख निन्यान्वे हजार छियानबे और उन्नीस पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रूपये) | रूपये 2,45,000/- (रूपये दो लाख पैंतालीस हजार मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये) | रू. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 01.09.2023 को 15.00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

- ठेकेदारों को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अतंर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

2459/23
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, बुधवार 9 अगस्त 2023

संस्थापक-सम्पादक : स्व. मायाराम सुरजन

## मणिपुर को न्याय मिलेगा?

पिछले कुछ माह से उत्तर पूर्वी राज्य मणिपुर में हिंसा और उत्पीड़न के शिकार हुए लोगों के दर्द की अनेक कहानियां सामने आने लगी हैं परन्तु उन्हें न्याय मिलेगा या नहीं, इसके बारे में कोई भी निश्चित नहीं है। उसका कारण है केन्द्र व उस राज्य की सरकार की चुप्पी और वहां की स्थिति को छिपाने की निर्लज्ज कोशिशें। मई के पहले हफ्ते में हुई उस घटना के वीडियो वायरल होने के बाद देश-दुनिया में तो भारत की किरकिरी हुई ही, हर भारतीय का सिर शर्म से झुक गया जिसमें दो कुकी महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाते हुए दिखाया गया है। उनमें से एक का सामूहिक बलात्कार भी हुआ। जुलाई में इस घटना के उजागर होने के बाद भी डबल इंजन की सरकार तो चुप रही परन्तु सुप्रीम कोर्ट सामने आया और उसने स्वत: संज्ञान लेकर दोनों ही सरकारों से सवाल किये।

इसके बाद भी सरकारों के मौन रहने के बाद लोगों को इस बात की कोई उम्मीद नहीं थी कि मणिपुर के पीड़ितों को न्याय मिल पायेगा क्योंकि वहां के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को यह कहने में तनिक भी संकोच नहीं हुआ कि 'ऐसी सैकड़ों घटनाएं उनके राज्य में घट रही हैं।' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को वहां के लोगों से मिलकर उनके दुख-दर्द सुनने, उनके घावों पर मरहम लगाने और शांति बहाली की ज़रूरत महसूस तक नहीं हुई। मणिपुर को उसके हाल पर छोड़कर पीएम देश के भीतर चुनावी मोड में बने रहे या विदेश यात्राएं करते रहे।

संसद के मानसून सत्र के ठीक पहले उन्हें इसलिये यह संक्षिप्त बयान देना पड़ गया कि वे मणिपुर की घटनाओं से क्रोध व पीड़ा से भर गये हैं। क्योंकि उसी सुबह सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर दोनों सरकारों को चेतावनी दे दी थी कि अगर वे कुछ नहीं कर सकतीं तो शीर्ष न्यायालय आवश्यक कार्रवाई करेगा। मोदी ने अपनी पीड़ा और क्रोध का इज़हार तो किया लेकिन सरकार क्या कर रही है इसके बारे में वे मौन रहे। संसद के भीतर भी उन्होंने कोई अधिकृत वक्तव्य नहीं दिया। उन्होंने यह भी नहीं बताया कि राज्य सरकार को उनके क्या निर्देश हैं और केन्द्र सरकार इस पर क्या करने जा रही है। कुछ माह पहले ही, यानी हिंसा व साम्प्रदायिक दंगों के दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मणिपुर का दौरा कर आये थे और अधिकारियों की बैठक कर चुके थे। उन्होंने भी देश को वहां की वस्तुस्थिति से अवगत कराना मुनासिब नहीं समझा। जहां तक बीरेन सिंह की बात है, वे तो बता ही चुके थे कि ऐसी घटनाएं बड़े पैमाने पर हुई हैं। अलबत्ता उन्होंने अपने समर्थकों के बीच इस्तीफा देने का नाटक ज़रूर किया था। जो हो, राज्य सरकार और केन्द्र की उदासीनता व मामले को सम्हाल न पाने का दुष्परिणाम यह हुआ कि मणिपुर की हिंसा की आग से समीपवर्ती राज्य मिजोरम व असम के कुछ हिस्से भी झुलसने लग गये हैं। फिर भी भारतीय जनता पार्टी प्रणीत सरकारों के कानों पर जूं तक न रेंगी और भाजपा व उनके नेता कोई ठोस व रचनात्मक पहल करने की बजाय इन घटनाओं का कांग्रेस कनेक्शन ढूंढने में व्यस्त रहे।

मणिपुर की हिंसा तथा वहां बड़े पैमाने पर हो रहे मानवाधिकार उल्लंघन पर धीरे-धीरे बातें सामने आने लगीं। पता चला कि मणिपुर में हिंसा की छह हजार से अधिक घटनाएं हुई हैं और उसके मुकाबले गिरफ्तारियों की संख्या शर्मनाक रूप से काफी कम है जो राज्य सरकार की विफलता और हिंसा को रोकने की इच्छा शक्ति के अभाव को बतलाता है। राज्य व केन्द्र सरकारें चाहे मणिपुर की घटनाओं की गम्भीरता को लेकर संजीदा न रही हों परन्तु सुप्रीम कोर्ट को इसका आभास ज़रूर हो गया है। सोमवार को उसने जांच और कानून के शासन में लोगों का भरोसा लौटाने की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये। जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट की पूर्व मुख्य न्यायाधीश गीता मित्तल की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। बॉम्बे हाईकोर्ट की पूर्व न्यायाधीश शालिनी जोशी एवं दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस आशा मेनन अन्य सदस्य होंगी। इन जजों की समिति को राहत शिविरों को भी देखने के लिये कहा गया है। उम्मीद है कि इससे लोगों का कानून के राज में विश्वास लौटेगा और उनकी हिम्मत बंधेगी। यौन प्रताड़ना के 11 मामले सीबीआई को सौंपने के निर्णय पर भी सर्वोच्च अदालत ने मुहर लगाई लेकिन यह भी निर्देश दिये हैं कि इसके लिये हिन्दी भाषी राज्यों से प्रतिनियुक्ति पर उप पुलिस अधीक्षक रैंक के अधिकारी लाए जायें जो जांच की निगरानी करेंगे। इसके साथ ही जिन मामलों को सीबीआई को नहीं सौंपा गया है उनकी जांच 42 विशेष जांच टीमें (एसआईटी) करेंगी। एक छोटे से राज्य में इतनी बड़ी संख्या में एसआईटी का गठन हिंसा की विभीषिका और दायरा बतलाने के लिये काफी है।

दूसरी तरफ मणिपुर में हिंसा व उत्पीड़न रोकने में मिली विफलता के आधार पर ही लोकसभा में मोदी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर मंगलवार को चर्चा शुरु हुई जो गुरुवार तक जारी रहेगी और उसका समापन प्रधानमंत्री मोदी के जवाब के साथ होगा। देखना तो यह है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अलावा मोदी मणिपुर की जनता को न्याय दिलाने के लिये किन उपायों की घोषणा करते हैं; या ऐसा तो नहीं कि वे अब तक के अपने ट्रैक रिकार्ड को कायम रखते हुए इस बेहद संवेदनशील मामले का भी राजनीतिकरण कर उन सभी को निराश करते हैं जो भाजपा की हिंसक व विभाजनकारी नीति के चलते पीड़ा झेल रही मणिपुर की अवाम की तरह ही व्यथित हैं।

# 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' की याद में

■ अरुण कुमार डनायक

जब महात्मा गांधी ने 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' का आह्वान किया था तब भारत के राजनैतिक क्षितिज पर कैसा परिदृश्य था, इस पर विचार करना चाहिए। देश में हिन्दू-मुस्लिम तनाव चरम पर था। 'मुस्लिम लीग' ने पाकिस्तान बनाने का ध्येय 1940 के अंत में घोषित कर दिया था। सावरकर के नेतृत्व में हिन्दू कट्टरपंथियों का एक धड़ा, जिसका प्रभाव बंगाल और सिंध में था, 'दो राष्ट्र के सिद्धांत' से सहमत था और 'द्वितीय विश्वयुद्ध' में ब्रिटेन का साथ देने सेना में भर्ती अभियान चला रहा था। संघ का विश्वास गांधीजी के अहिंसक अस्त्रों- सत्याग्रह, उपवास, रचनात्मक कार्यक्रम में नहीं था।

अंग्रेजी हुकूमत ने सितंबर 1939 में 'द्वितीय विश्वयुद्ध' के बादलों के मंडराते ही भारतीय नेताओं से परामर्श किए बगैर देश को युद्ध में शामिल कर दिया था। कांग्रेस इसके खिलाफ थी। वह चाहती थी कि अंग्रेजी हुकूमत युद्ध और शांति के अपने उद्देश्यों को, विशेष रूप से भारत के संदर्भ में स्पष्ट करे। इस पर वायसराय ने गोल-मोल जवाब दिया। कांग्रेस कार्यसमिति इससे संतुष्ट नहीं थी, फिर भी उसने देश के नागरिकों से सविनय अवज्ञा भंग जैसे कदम जल्दबाजी में नहीं उठाने का आग्रह किया।

युद्ध के समय कांग्रेस असमंजस में भी थी। उसकी सहानुभूति ब्रिटेन जैसे 'मित्र राष्ट्रों' के साथ थी और वह युद्ध प्रयत्नों में बाधा नहीं डालना चाहती थी। दूसरी ओर, गांधीजी युद्ध के ही खिलाफ थे। वे अहिंसा के अपने मूल सिद्धांत को त्यागने के लिए तैयार नहीं थे। गांधीजी ब्रिटिश हुकूमत को सशस्त्र और हिंसात्मक युद्ध में व्यवहारिक सहायता देने के पक्ष में नहीं थे, लेकिन वे नैतिक समर्थन देने के पक्ष में थे। आम जनता में अंग्रेजी हुकूमत के प्रति गुस्सा तो था, पर वह सरकार का विरोध करने के मूड में भी नहीं थी।

कांग्रेस और गांधीजी में 'असहयोग आंदोलन' शुरू करने को लेकर भी तीव्र मतभेद थे। कांग्रेस ने गांधीजी की सलाह के विरुद्ध, अंग्रेज हुकूमत से, युद्ध के बाद स्वतंत्रता दिए जाने के आश्वासन पर सशर्त सहयोग का प्रस्ताव रखा, लेकिन जब बात नहीं बनी तो वह पुन: गांधीजी की शरण में मार्गदर्शन के लिये आ गई। गांधीजी ने व्यक्तिगत सत्याग्रह शुरू किया और विनोबा भावे की गिरफ्तारी 'प्रथम सत्याग्रही' के रूप में 21 अक्टूबर 1940 को हुई। सभी सत्याग्रहियों को सरकार ने गिरफ्तार तो किया, पर जैसे ही जापान ने लड़ाई में हिस्सा लिया और उसकी जीत का सिलसिला शुरू हुआ तो सत्याग्रही जेल से छोड़ दिए गए।

युद्ध-भूमि में जापानी हवाई जहाज भारतीय सीमा के आसपास चेन्नई से बंगाल तक मंडरा रहे थे। यह स्थिति सरकार और कांग्रेस के लिए चिंता का विषय थी। अन्तराष्ट्रीय जगत, खासकर अमेरिका के अखबारों में ब्रिटेन की भारत-नीति की कटु आलोचना हो रही थी। तभी 1942 में ब्रिटिश सरकार ने सर क्रिप्स के नेतृत्व में वार्ताकारों का एक दल भारत में कांग्रेस व मुस्लिम लीग के नेताओं से बातचीत के लिए भेजा। कांग्रेस को 'क्रिप्स मिशन' के प्रस्ताव स्वीकार नहीं थे क्योंकि इसमें भारतीयों को तत्काल उत्तरदायित्व सौंपने को लेकर कोई विचार नहीं था। गांधी जी ने 'क्रिप्स मिशन' को 'दिवालिया बैंक का पोस्ट डेटेड चेक' कहा था।

जब जापान तेजी से आगे बढ़ रहा था, अंग्रेज फौज देश की सीमाओं की सुरक्षा कर पाने में असमर्थ थी। सीमावर्ती इलाकों को जबरदस्ती खाली कराया जा रहा था। गांधीजी ने यह महसूस किया कि यदि जापानी सेना भारत में घुस आती है तो अंग्रेजों से त्रस्त जनता उन्हें अपना मुक्तिदाता मान बैठेगी और भारत अंग्रेजों की दासता से मुक्त होकर जापानियों का गुलाम बन जाएगा। गांधीजी के अनुसार अंग्रेजों के पास एक ही सम्मानजनक रास्ता बचा था-वे शांतिपूर्वक भारत को जनता के भरोसे छोड़कर चले जाएं, जनता स्वयं जापानियों से मुकाबला कर लेगी।

ऐसी परिस्थितियों में एक बार फिर कांग्रेस कार्यसमिति सक्रिय हुई और उसकी बैठक 27 अप्रैल 1942 को इलाहाबाद में गांधीजी की अनुपस्थिति में हुई। मीरा बहन की मार्फत गांधीजी द्वारा भेजा गया प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। कांग्रेस कार्यसमिति की 7 जुलाई 1942 को वर्धा में आयोजित बैठक में गांधीजी ने पुन: पूर्ण स्वतंत्रता की मांग को दोहराया और बहुत मुश्किल से कार्यसमिति के सदस्यों को वे 'अंग्रेज भारत छोड़कर चले जाएं' की मांग मनवाने में सफल हुए। कांग्रेस के बड़े नेताओं का मानना था कि अव्वल तो अंग्रेज आसानी से भारत छोड़कर जाने वाले नहीं हैं और इस वक्त अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ सत्याग्रह शुरू करने से भारत 'मित्र राष्ट्रों' की सहानुभूति खो देगा।

> यह आंदोलन अपने तात्कालिक उद्देश्यों को प्राप्त करने में सफल हुआ। सरकार ने अत्यधिक बल प्रयोग कर आंदोलन को तो दबा दिया, पर वह जन भावनाओं को दबाने में सफल नहीं हो पाई। इस आन्दोलन से उत्पन्न चेतना के परिणामस्वरूप ही 1946 में जलसेना (नेवी) का विद्रोह हुआ, जिसने भारत में ब्रिटिश शासन पर भयंकर चोट की। इस आन्दोलन तथा कुछ अन्य तत्वों के परिणामस्वरूप ही युद्ध के बाद अमेरिका तथा इंग्लैण्ड में भारत के पक्ष में इतना अधिक लोकमत बना कि इंग्लैण्ड को विवश होकर भारत छोड़ना पड़ा।

गांधीजी अपने अकाट्य तर्कों से नेहरूजी सहित सभी नेताओं को यह समझाने में सफल हुए कि उनके प्रस्ताव से ही साम्राज्यवादी हठधर्मी का, जो भारत को कठिन परिस्थितियों में जापान के हवाले कर देना चाहती है, मुकाबला किया जा सकता है। अंतत: कार्यसमिति ने सर्वसम्मति से एक बार फिर अपने प्रिय नेता महात्मा गांधी का 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। सेवाग्राम में पारित प्रस्ताव के अनुरूप सात व आठ अगस्त को मुंबई में कांग्रेस महासमिति की बैठक हुई। महासमिति ने भारत की स्वतंत्रता को फौरन स्वीकार करने, एशिया तथा अफ्रीका की जनता को साम्राज्यवादी दासता से मुक्त करने, विभिन्न दलों के सहयोग से अस्थायी सरकार की स्थापना आदि प्रस्तावों को मंजूरी दी। गांधीजी ने जनता से 'करो या मरो' का आह्वान किया। दूसरे दिन पौ फटते तक गांधीजी सहित कांग्रेस के सभी प्रमुख नेता गिरफ्तार कर लिए गए।

'भारत छोड़ो आन्दोलन' को कुचल देने में सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी। नेताओं की गिरफ्तारी से जनता में विद्रोह की भावना भड़क उठी, देश भर में लगभग एक सप्ताह तक आम हड़ताल कर सारा कारोबार ठप्प कर दिया गया।

जनता भी नेतृत्वविहीन होने के बावजूद आंदोलन को सक्रियता से चला रही थी। अहिंसक सत्याग्रहियों पर पुलिस ने बहुत जुल्म ढाए, जेल में बंदकर उन्हें यातनाएं दी गई, स्त्रियों के साथ बलात्कार किए गए। महादेव देसाई और कस्तूरबा गांधी की जेल में मृत्यु हो गई। भारत मंत्री ने स्वीकार किया कि चार माह के अंदर ही हजार से ऊपर व्यक्ति पुलिस की गोली का शिकार हुए, लगभग चार हजार लोग पुलिस की मार से गंभीर रूप से घायल हुए।

पुलिस के आतंक ने प्रतिहिंसा को जन्म दिया। बड़े कांग्रेसी नेताओं के गिरफ्तार हो जाने और पुलिसिया आतंक के बावजूद यह आंदोलन डेढ़ वर्ष तक चलता रहा। भारत छोड़ो आन्दोलन अपने मूल लक्ष्य भारत से ब्रिटिश शासन की समाप्ति को तात्कालिक रूप से प्राप्त नहीं कर सका, लेकिन इस आन्दोलन ने भारत की जनता में एक ऐसी अपूर्व जागृति उत्पन्न कर दी जिससे ब्रिटेन के लिए भारत पर लम्बे समय तक शासन कर सकना सम्भव नहीं रहा।


यह तो नहीं कहा जा सकता कि यह आंदोलन अपने तात्कालिक उद्देश्यों को प्राप्त करने में सफल हुआ। सरकार ने अत्यधिक बल प्रयोग कर आंदोलन को तो दबा दिया, पर वह जन भावनाओं को दबाने में सफल नहीं हो पाई। इस आन्दोलन से उत्पन्न चेतना के परिणामस्वरूप ही 1946 में जलसेना (नेवी) का विद्रोह हुआ, जिसने भारत में ब्रिटिश शासन पर भयंकर चोट की। इस आन्दोलन तथा कुछ अन्य तत्वों के परिणामस्वरूप ही युद्ध के बाद अमेरिका तथा इंग्लैण्ड में भारत के पक्ष में इतना अधिक लोकमत बना कि इंग्लैण्ड को विवश होकर भारत छोड़ना पड़ा। इस प्रकार यह निश्चित तथ्य है कि भारत छोड़ो आन्दोलन ने भारतीय स्वतन्त्रता के लिए पृष्ठभूमि तैयार की।

**(लेखक व सामाजिक कार्यकर्ता हैं।)**

# बहुसंख्यकवादी राजनैतिक एजेंडा और भारतीय मुसलमान

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने पार्टी की जो नई राष्ट्रीय कार्यकारणी घोषित की है, उसमें एक जाने माने पसमांदा मुसलमान, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के पूर्व कुलपति तारिक मंसूर को तेरह उपाध्यक्षों में से एक नियुक्त किया गया है। भाजपा की केरल इकाई के एक नेता पी. अब्दुल कुट्टी, जो पिछली कार्यकारिणी के सदस्य थे, को भी पुनर्नियुक्ति दी गई है। इस समय भाजपा का फोकस राष्ट्रीय स्तर पर पसमांदा मुसलमानों को महत्व देने पर है। पसमांदा सबसे पिछड़े मुसलमान है, जिनमें से अधिकांश दलित या ओबीसी हैं। वे समाज और मुस्लिम समुदाय में सामाजिक-आर्थिक दृष्टि से सबसे निचले पायदान पर हैं।

भाजपा अलग-अलग दौर में मुसलमानों के विशिष्ट तबकों में अपनी पैठ बनाने का प्रयास करती रही है। इस समय, पार्टी का एक भी सांसद मुसलमान नहीं है परन्तु पूर्व में उसने मुसलमानों को राज्यपाल (सिकंदर बख्त) और केंद्रीय मंत्री (शाहनवाज हुसैन और मुख्तार अब्बास नकवी) नियुक्त किया है। मोदी हाल में एक बोहरा मस्जिद में पहुंचे जहां उन्होंने घोषणा की कि बोहरा उनकी परिवार का हिस्सा हैं। वे समय-समय पर अजमेर में ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर चादर भी चढ़ाते रहे हैं।



राम पुनियानी

> किसी भी राजनैतिक संगठन, भले ही वह खुद को सांस्कृतिक संगठन बताता हो, के दावे का सच इससे जाहिर होता कि वह और उसके साथी संगठन किस तरह की राजनीति करते हैं और कौन से मुद्दे उठाते हैं। भागवत स्वयं भी गौमांस और गौमाता का मसला उठाते रहे हैं। पिछले कुछ दशकों में यह एक भावनात्मक मुद्दा बन गया और इसके चलते न केवल मुसलमानों को अत्याचार और दमन का शिकार होना पड़ रहा है।

पिछले कुछ समय से भाजपा पसमांदा मुसलमानों को लुभाने में लगी हुई है। इस साल, उत्तर प्रदेश में स्थानीय संस्थाओं के चुनाव में उसने कुछ पसमांदा मुसलमानों को अपना प्रत्याशी बनाया था और उनमें से कुछ चुनाव जीते भी हैं। सन् 2022 की जुलाई में भाजपा की एक अहम बैठक हैदराबाद में हुई थी। उसमें मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा था कि वे पसमांदा मुसलमानों में अपनी पैठ बनाएं। उन्होंने यह भी कहा था कि मुस्लिम समुदाय एकसार नहीं है और पसमांदा, मुसलमानों का पिछड़ा तबका है। तभी से पसमांदा मुसलमानों को पार्टी की छतरी तले लाने के प्रयास चल रहे हैं।

भाजपा इस समुदाय को लुभाने के लिए यह कह रही है कि मोदी की नीतियां किसी धर्म के लोगों के साथ भेदभाव नहीं करतीं और पसमांदा मुसलमान भी मोदी सरकार की 'विकास योजनाओं' के उतने ही 'लाभार्थी' हैं जितने अन्य समुदाय। इस बीच कई जाने माने मुसलमानों, जिनमें पूर्व उप-राज्यपाल नजीब जंग, पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस.वाई. कुरैशी, जनरल ज़मीरुद्दीन शाह, शाहिद सिद्दिकी और सईद शेरवानी शामिल थे, ने आरएसएस मुखिया मोहन भागवत को एक चिट्ठी लिखकर उनसे 'मेलमिलाप संवाद' के लिए समय मांगा। एक महीने के इंतजार के बाद उन्हें संघ प्रमुख के दरबार में आने की इज़ाजत मिली।

इन प्रमुख मुसलमानों ने भागवत से 'मुस्लिम समुदाय के प्रति बढ़ती नफरत' और उनके साथ 'बुलडोज़र न्याय' पर बात की। यह भी कहा कि मुसलमानों को जिहादी और पाकिस्तानी कहा जाता है। भागवत का जवाब था कि हिन्दू भी गौहत्या और उन्हें काफिर कहे जाने से आहत महसूस करते हैं। इस 'संवाद' के बाद, आरएसएस के प्रमुख नेताओं, जिनमें मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मुखिया इन्द्रेश कुमार, कृष्ण गोपाल और रामलाल शामिल थे, ने 22 सितम्बर 2022 को आल इंडिया इमाम आर्गेनाइजेशन के मुख्य इमाम उमर अहमद इल्यासी से मुलाकात की। इल्यासी ने उम्मीद जाहिर की कि इस बातचीत से सांप्रदायिक सौहार्द्र में वृद्धि होगी।

इन संवादों का भारतीय राजनीति पर क्या असर पड़ा है? यह महत्वपूर्ण है क्योंकि भारतीय राजनीति की दशा और दिशा मुस्लिम अल्पसंख्यकों को प्रभावित करती है। संघ परिवार के कई लेखक जिनमें राम माधव और पूर्व भाजपा नेता सुधीन्द्र कुलकर्णी शामिल है, ने सितम्बर 2018 में दिल्ली के विज्ञान भवन में भागवत के तीन व्याख्यानों के बाद तर्क दिया था कि आरएसएस बदल रहा है। भागवत ने कहा था कि हिन्दुओं और मुसलमानों का डीएनए एक ही है, मुसलमानों के बिना हिंदुत्व अधूरा है आदि, आदि।

सच क्या है? सच यह है कि किसी भी राजनैतिक संगठन, भले ही वह खुद को सांस्कृतिक संगठन बताता हो, के दावे का सच इससे जाहिर होता कि वह और उसके साथी संगठन किस तरह की राजनीति करते हैं और कौन से मुद्दे उठाते हैं। भागवत स्वयं भी गौमांस और गौमाता का मसला उठाते रहे हैं। पिछले कुछ दशकों में यह एक भावनात्मक मुद्दा बन गया और इसके चलते न केवल मुसलमानों को अत्याचार और दमन का शिकार होना पड़ रहा है वरन ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी पटरी से उतर गई है। ऐसा क्यों है कि बीफ को हिंदी पट्टी में तो मुद्दा बनाया जा रहा है पर केरल, पूर्वोत्तर और गोवा में नहीं? ऐसा क्यों है कि किरण रिजुजू जैसे नेता खुलकर कहते हैं कि बीफ उनके खानपान का हिस्सा है? और ऐसा क्यों है कि अटलबिहारी वाजपेयी जैसे शीर्ष नेता बीफ खा सकते हैं?

सच यह है कि नफरत की राजनीति के सबसे बड़े शिकार पसमांदा ही हैं। अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों के खिलाफ नफरत संघ की शाखाओं और शिशु मंदिरों और भाजपा के आईटी सेल द्वारा फैलाई जा रही है। नफरत से हिंसा फैलती है, हिंसा से ध्रुवीकरण होता है और ध्रुवीकरण के कारण मुसलमान अपने-अपने मोहल्लों में सिमटते जा रहे हैं। पसमांदा मुसलमान साम्प्रदायिक हिंसा से सबसे अधिक पीड़ित हैं।

पिछले कुछ समय से बुलडोजर भी न्याय करने लगे हैं। संघ और भाजपा के प्रवक्ता कहते हैं कि जो कुछ हो रहा है वह कानून के मुताबिक है। जाहिर है कि यह सच नहीं है। इसके अलावा संघ का शीर्षतम नेतृत्व यह प्रचार कर रहा है कि मुसलमान बहुसंख्यक बन जाएंगे। हम सबको याद है कि कुरैशी ने अपनी पुस्तक 'पापुलेशन मिथ' मोहन भागवत को भेंट की थी। इसमें इस मिथक को तर्कसंगत ढंग से गलत सिद्ध किया गया। कुछ समय पहले भागवत ने भी अपरोक्ष रूप से यह कहा था कि देश की मुस्लिम आबादी अन्य समुदायों की तुलना में तेजी से बढ़ रही है।

नफरत फैलाने के नए-नए तरीके ढूंढ़े जा रहे हैं। कोरोना जेहाद की बातें हुई हैं और अब टमाटर की कीमतों में बढ़ोतरी के लिए भी मुसलमानों को दोषी ठहराया जा रहा है। कुछ समय पहले हमें बताया गया कि मुस्लिम महिलाओं के साथ न्याय करने के लिए यूसीसी लागू की जाएगी। मजे की बात यह है कि यूसीसी का पहला मसविदा भी तैयार नहीं है। इसके पहले एनआरसी और सीएए के नाम पर मुसलमानों को मताधिकार से वंचित करने के प्रयास हुए थे। इसके विरोध में मुस्लिम महिलाएं सड़कों पर उतर आईं थीं और शाहीन बाग पर ऐतिहासिक विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया था।

इस बीच हिन्दुओं और मुसलमानों के बीच की खाई को गहरा करने वाली कई फिल्में रिलीज हुई हैं जिनमें कश्मीर फाईल्स, केरला स्टोरी और 72 हूरें शामिल हैं। सरसंघचालक से लेकर प्रधानमंत्री तक ने इन फिल्मों की तारीफ की और भाजपा नेताओं ने थोक में इनके टिकट खरीदकर लोगों को दिखाईं ताकि नफरत के जहर को ज्यादा से ज्यादा फैलाया जा सके।

कुल मिलाकर संघ का मूल चरित्र वही है जो पिछले सौ सालों से रहा है। भाषा और शब्द बदल गए हैं परंतु हिन्दू राज का एजेंडा वही है। पसमांदा मुसलमानों को केवल चुनावों में लाभ के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। यह मुसलमानों को बांटने की रणनीति का हिस्सा भी है। सच यह है कि चाहे पसमांदा हो या अशरफ-सभी मुसलमान संघ और भाजपा की नीतियों के शिकार बन रहे हैं। पसमांदा मुसलमानों के प्रति सहानुभूति का प्रदर्शन एक नए प्रहसन से ज्यादा कुछ नहीं है।

(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया)

## शांति दिवस

### मानवता के इतिहास में काला दिवस नागासाकी दिवस

9 अगस्त नागासाकी में परमाणु विस्फोट विश्व के इतिहास में 6 और 9 अगस्त 1945 का यह दिवस ऐतिहासिक रूप से मानवता के कलंक के रूप में हर वर्ष इन दोनों शहरों में परमाणु बमबारी की वर्षगांठ का प्रतीक है। नागासाकी दिवस शांति दिवस के रूप में पीड़ितों को याद करने विश्व शांति को बढ़ावा देने और अधिक युद्धों से बचने तथा परमाणु हथियारों की विनाशकारी क्षमता के महत्व के बारे में वैश्विक जागरूकता को बढ़ाने के लिए हर वर्ष मनाया जाता है। यह नागासाकी दिवस मनाना बमबारी के पीड़ितों और बच्चे लोगों के प्रति सम्मान दिखाने का एक महत्वपूर्ण तरीका है। यह हमें इतिहास से सीखने में सदैव सजग रखता है और यह सुनिश्चित करने के लिए भी याद किया जाता है कि ऐसी नागासाकी में 74 हजार तथा हिरोशिमा में 1,70 हजार लोगों की मौत की फिर पुनरावृत्ति न हो। अमेरिका ने पहले युद्ध में हिरोशिमा में लिटिल बॉय नमक बम से लाखों लोगों की जान ली थी इसके पश्चात 9 अगस्त को फिर नागासाकी में फैट मेंन नामक परमाणु बम विस्फोट कर 74000 लोगों की जान ले ली थी। निस्संदेह 9 अगस्त नागासाकी दिवस इतिहास के काले पन्नों पर लिखा जाएगा। मनुष्य जाति इतनी बर्बर भी हो सकती है? इसका यह एक वीभस्त उदाहरण है। 6 और 9 अगस्त 1945 को अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा तथा नागासाकी शहर में परमाणु बम गिरकर मानवता के मध्य हैवानियत मचा दी थी। 1945 में संयुक्त राज्य अमेरिका ने हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु हमला किया था इस हमले से दोनों ही शहर पूरी तरह बर्बाद हो गए।

इस बम विस्फोट के बाद भी परमाणु हथियारों के विकिरण से फैली बीमारियों से लोगों की लगातार मौतें होती रही और पूरा विश्व देखता रहा, बम विस्फोट का असर जापान में कई वर्षों तक रहा। इसके बाद 15 अगस्त को जापान की सेना ने आत्मसमर्पण कर दिया था फलस्वरुप द्वितीय युद्ध समाप्त हो गया था। लेकिन युद्ध के बाद की विभीषिका को याद करके मानव जाति अभी सिसकती कराहती रही है। 2 सितंबर 1945 को जापान की सेना के आत्मसमर्पण के बाद औपचारिक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। यह मानवता के लिए सर्वाधिक काला दिवस ही रहा होगा। आज भी नागासाकी, हिरोशिमा में तबाही के निशान मिलते हैं। 78 साल बाद भी पैदा हुए बच्चों समेत कई लोगों में परमाणु बम विस्फोट के रेडिएशन का असर दिखाई देता है। पैदा होने वाले बच्चों में कहीं ना कहीं कोई कमी रह जाती है जिसका खामियाजा वह लोग पूरी जिंदगी उठाते हैं। वर्तमान में भी पूर्व विश्व विश्वयुद्ध की कगार पर खड़ा है। रूस-यूक्रेन युद्ध इसका बहुत बड़ा और ताजा उदाहरण है। ताजा ताजा घटना को ही ले लिया जाए तो रूस यूक्रेन और उत्तर कोरिया की गुप्त परमाणु संधि इस परमाणु युद्ध की ओर इशारा करती है। यह तीनों देश यूक्रेन, अमेरिका तथा नाटो देश के लिए परमाणु हथियारों के लिए कमर कस रहे यह विभीषिका कभी भी सिर उठाकर वैश्विक शांति के लिए खतरा बन सकती है।

एनोला गे नामक एक अमेरिकी युद्ध विमान से परमाणु कोड वाले बम बैटमैन को गिराया गया था जबकि नागासाकी में लिटिल मेंन नामक प्लूटोनियम बम बरसाया गया था। तब 40 सेकंड के बाद जमीन से करीबन 1550 फीट की ऊंचाई पर यह बम फटा जिसके फलस्वरूप 1 हजार से ज्यादा डिग्री सेल्सियस की उष्मा उत्पन्न हुई और इसी बम से लाखों लोगों की मौत हो गई थी।

जापान एक शांतिवादी और बगैर परमाणु वाला देश बन गया। उसके बाद रूस ,चीन, पाकिस्तान, भारत एवं अन्य देशों ने परमाणु शक्तिसंपन्न बनने का प्रयास शुरू कर दिया था। भारत द्वारा परमाणु शक्ति संपन्न होना शांति तथा आत्म रक्षार्थ हेतु बनाना बताया गया है। एकमात्र भारतीय ही ऐसा देश है जो शांति का संदेश लेकर पूरी दुनिया में लोगों से संपर्क कर शांति और समझौते की बात कर रहा है। नागासाकी तथा हिरोशिमा में मृत नागरिकों को विनम्र नमन श्रद्धांजलि। ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि भविष्य में फिर से नागासाकी तथा हिरोशिमा जैसी मानवीय संवेदना को कलंकित करने वाली घटनाएं न हो।

**संजीव ठाकुर**

## आपके पत्र

### वृद्धाश्रमों का बढ़ता चलन चिंताजनक

भारत भूमि के संस्कारों ने हमेशा बड़े बुजुर्गों को सम्मान दिलाया है। हमारी संस्कृति यह सिखाती है कि बड़ों की इज्जत करो और उनका कहना मानो। वृद्धावस्था में अपने मां-बाप की सेवा तथा उनकी खुशियों को पूरा करना संतान का दायित्व है। किसी अच्छे कार्य को करने से पहले या घर से बाहर सफर करने से पहले बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लेना हमारी परंपरा रही है। लेकिन अब सब कुछ बदल गया है क्योंकि आज बहुत सारी संतानें अपने बूढ़े मां-बाप को अपने साथ घर में रखने की जगह वृद्धाश्रम भेज रहे हैं। हालांकि भारतीय समाज में तो इस कुरीति की हमेशा निंदा की गई है।

आजकल के समय में लोग अपने आपको इतना व्यस्त बता रहे हैं कि उनके पास अपने बूढ़े मां-बाप के लिए भी समय मौजूद नहीं रह गया है। इसी भागदौड़ भरी जिंदगी में वह अपने फैसले भी खुद लेने में ज्यादा विश्वास रखते हैं। जिसके चलते वृद्ध माता-पिता से लोग बिना सलाह लिए काम करते हैं इससे आपसी रिश्तों पर बुरा असर पड़ रहा है। रिश्तों में खटास पैदा होने लगी है। रिश्ते दिन प्रतिदिन कमजोर होते जा रहे हैं। आज़ादी के नाम पर मां-बाप के साथ रहना बुरा लगने लगा है। प्राइवेसी और 'मेरी लाइफ' के नाम पर माता-पिता उन्हीं बच्चों की आंखों में खटकने लगते हैं जो कभी उनकी आंखों का तारा हुआ करते थे। धीरे-धीरे रिश्ते इतने कमजोर हो जाते हैं कि लोगों को इस समस्या का समाधान केवल वृद्धाश्रम लगने लगता है और फिर बच्चे अपने वृद्ध मां-बाप को उनके ही घर से निकाल कर वृद्ध आश्रम में छोड़ आते हैं।

कुछ तो ऐसे वृद्ध होते हैं जिन्होंने किसी दुर्घटना में अपना पूरा परिवार ही खो दिया है। इनका वृद्धाश्रम में पहुंचना तो फिर भी समझ में आता है परंतु कुछ ऐसे वृद्ध माता-पिता भी होते हैं, जिनके उनके अपने बच्चों द्वारा ही उन्हें वृद्धाश्रम में पहुंचा दिया जाता है और फिर कई साल गुजर जाने के बाद भी उन बच्चों द्वारा अपने बूढ़े माता-पिता की कोई सुध नहीं ली जाती है। यह हालात देश के किसी एक राज्य या जिला की नहीं है बल्कि देश का ऐसा कोई जिला नहीं होगा जहां वृद्ध माता-पिता को ऐसी परिस्थिति से गुज़रना नहीं पड़ता है। बात चाहे दिल्ली या मुंबई जैसे महानगर हों या पटना और नागपुर जैसे मध्यम दर्जे के शहर, ऐसे वृद्धाश्रम हर कहीं खुल गए हैं।

यूनाइटेड नेशन वर्ल्ड पापुलेशन एजिंग की रिपोर्ट के अनुसार आने वाले समय में भारत में वृद्धों की संख्या तेजी से बढ़ेगी। वर्तमान में, भारत में बुजुर्गों की संख्या कुल आबादी का 8 प्रतिशत है जो वर्ष 2050 में बढ़कर 30 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है। ऐसे में क्या इन आंकड़ों से यह अनुमान लगाया जाए कि जब बुजुर्गों की तादाद बढ़ेगी तो वृद्धाश्रम की संख्या भी बढ़ेगी। क्योंकि मौजूदा समय में देश की करीब 250 जिलों में करीब 400 वृद्धाश्रम संचालित हो रहे हैं परंतु चाहे वृद्धों की संख्या कितनी भी बढ़े, एक बात तो साफ है कि वृद्ध व्यक्ति समाज के लिए संपत्ति की तरह हैं, बोझ की तरह नहीं और इस संपत्ति का लाभ उठाने का सबसे अच्छा तरीका यह होगा कि उन्हें वृद्धाश्रमों की बजाय मुख्यधारा में आत्मसात किया जाए ताकि समाज और नई पीढ़ी उनके अनुभवों का लाभ उठा सके।

**हरीश कुमार, पुंछ जम्मू**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770

ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## बलूचिस्तान में बम विस्फोट में सात लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में पंजगुर जिले में एक वाहन के पास हुए बम विस्फोट में एक स्थानीय राजनेता, सरकारी अधिकारियों और पुलिस सहित कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। पंजगुर जिले के उपायुक्त अमजद सोमरो ने स्थानीय मीडिया को बताया कि यह घटना सोमवार देर रात हुई उस समय हुए जब एक शादी समारोह से लौट रहे यूनियन काउंसिल के अध्यक्ष और अन्य लोगों के वाहन सड़क किनारे रखे बम की चपेट में आ गए। पुलिस ने बताया कि बम को रिमोट कंट्रोल के जरिए विस्फोट किया गया और विस्फोट में वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस और सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया है और अपराधियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान चलाया गया।

# रूसी मिसाइल हमले में यूक्रेन के सात नागरिकों की मौत

**कीव,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। यूक्रेन के पूर्वी शहर पोक्रोव्स्क में सोमवार को आवासीय इमारतों पर रूसी मिसाइल हमले में कम से कम सात लोग मारे गए और कई लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

■ कई लोग घायल, घायलों में दो बच्चे भी शामिल

रूस द्वारा दो मिसाइलों ने पोक्रोव्स्क शहर पर हमला किया। इस हमले में करीब सात लोगों की मौत हो गयी और पुलिस अधिकारियों, बचावकर्मियों सहित कई लोग घायल हो गए। घायलों में दो बच्चे भी हैं। यहां बचाव प्रयास



जारी हैं। दोनेत्सक क्षेत्र के प्रमुख पावलो क्रिलेंको ने बताया कि पहले हमले में पांच नागरिकों की मौत हो गई और दूसरे हमले में आपातकालीन सेवाओं का एक अधिकारी तथा एक सेना का एक जवान भी मारा गया। उन्होंने कहा कि नष्ट हुई ऊंची इमारतें, निजी घर, प्रशासनिक भवन, रेस्टोरेंट और होटल थीं। यूक्रेनी अधिकारियों ने एक टेलीग्राम पर लिखा, रूस एक आतंकवादी राज्य है। उसे उसके अपराधों के लिए दंडित किया जाना चाहिए! उन्होंने कहा कि दूसरी मिसाइल पहली मिसाइल के 40 मिनट बाद गिरी, जिसमें सात लोग मारे गए और बचावकर्मी सहित कई लोग घायल हो गए। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख एंड्री यरमक ने कहा कि कल शाम को खार्किव क्षेत्र में निजी घरों पर रूसी मिसाइल हमले में करीब दो नागरिक मारे गए। उन्होंने कहा कि इस हमले में पांच लोग घायल हो गए। यूक्रेनी अधिकारियों के अनुसार, ये हमले उत्तर-पूर्वी यूक्रेन में एक 'रक्त स्थानांतरण केंद्र' पर रूसी निर्देशित बम हमले के एक दिन बाद हुए, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई।

## पादरी को युद्ध का समर्थन करने पर जेल

**कीव।** यूक्रेन में रूस समर्थित चर्च के पादरी को युद्ध का समर्थन करने के लिए पांच साल की जेल की सजा सुनाई गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रावदा के मुताबिक सोमवार को एक बयान में, यूक्रेन की सुरक्षा सेवा (एसएसयू) ने कहा कि विन्नित्सिया क्षेत्र में मॉस्को पैट्रिआर्केट के यूक्रेनी ऑर्थोडॉक्स चर्च के तुलचिन डायोसीज़ के प्रमुख मेट्रोपॉलिटन इओनाफ़ान को विशेष सेवाओं, उक्रेन्स्का द्वारा प्रस्तुत सबूतों के आधार पर सजा सुनाई गई थी।

## रूस ने 22 यूक्रेनी युद्धबंदियों को किया रिहा



**कीव।** रूसी अधिकारियों ने युद्ध बंदी के रूप में रखे गए 22 यूक्रेनी सैनिकों को रिहा कर दिया है। कीव के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। टेलीग्राम पर एक पोस्ट में, राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख एंड्री यरमक ने सोमवार को कहा, आज, 22 और यूक्रेनी सैनिक कैद से घर लौट आए। इनमें यूक्रेनी सशस्त्र बल के दो अधिकारी, निजी और गैर-कमीशन अधिकारी शामिल हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, रिहा किए जाने वालों में सबसे अधिक आयु का सैनिक 54 साल का है और सबसे छोटा 23 साल का है। उन्होंने कहा, मुक्त किए गए प्रत्येक सैनिक को शारीरिक और मनोवैज्ञानिक पुनर्वास, पुनएकीकरण से गुजरना होगा व चिकित्सा विशेषज्ञों के सहयोग से आवश्यक उपचार प्रदान किया जाएगा। यरमैक ने युद्धबंदियों की रिहाई के लिए समन्वय मुख्यालय और उनकी टीम को धन्यवाद दिया। सीएनएन ने यरमैक के हवाले से कहा, हमें राष्ट्रपति के कार्य को पूरा करना होगा और अपने सभी लोगों को वापस लौटाना होगा। यूक्रेनी संसद में मानवाधिकार आयुक्त दिमित्रो लुबिनेट्स ने कहा कि रिहा किए गए कुछ सैनिक घायल हैं।

गौरतलब है कि फरवरी 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से, 2,598 यूक्रेनियन को रूसी कैद से रिहा किया गया है।

## पश्चिमी म्यांमार में आई बाढ़

**यांगून,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिमी म्यांमार के रखाइन राज्य में अतिवृष्टि के कारण कई कस्बे में बाढ़ की स्थिति है, जिसके बाद हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। यह जानकारी म्यांमार अग्निशमन सेवा विभाग ने दी। स्थानीय मीडिया के अनुसार, हाल के दिनों में म्यांमार के कई हिस्सों में अतिवृष्टि और नदियों के उफान में होने के कारण बाढ़ और भूस्खलन हुआ है, जिससे स्थानिय निवासियों को वहां से पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। एक स्थानीय बचाव संगठन ने सोशल मीडिया पर तस्वीरों को साझा किया जिसमें सोमवार को अतिवृष्टि के कारण कयिन राज्य में मयावाडी-कावकरेइक एशिया रोड का एक हिस्सा ढहा हुआ दिखाया गया है। अग्निशमन सेवा विभाग ने सोमवार को कहा कि रखाइन प्रांत के मरौक यू कस्बे में 01 अगस्त से 07 अगस्त के दौरान हुई अतिवृष्टि के कारण लगभग 1,209 लोगों को मठों और रिश्तेदारों के घरों जैसे सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। इसने कहा कि बाढ़ पीड़ितों में मरौक यू कस्बे के 246 घरों के 596 पुरुष और 613 महिलाएं शामिल हैं। सरकारी टेलीविजन चैनल एमआरटीवी ने सोमवार को कहा कि रखाइन प्रांत के बुथीदाउंग शहर और मिनब्या कस्बे के बाढ़ प्रभावित इलाकों में भी निवासियों को सुरक्षित निकाला गया है। म्यांमार के मौसम और जल विज्ञान विभाग ने सोमवार को बाढ़ के खतरों की चेतावनी देते हुए कहा कि कई कस्बे में नदी का स्तर खतरे के निशान पर पहुंच रहा है या पहले से ही खतरे के निशान से ऊपर है।

■ हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया

## सुडोकू 6281


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 9 | 3 | | | | | 2 |
| | 5 | | | | 4 | | | 3 |
| | 8 | 3 | 1 | 2 | 9 | | | |
| | 6 | | | | 7 | | | |
| | | 4 | | | | 3 | | |
| | | | 8 | | | | 1 | |
| | | | 5 | 6 | 8 | 2 | 9 | |
| 8 | | | 4 | | | | 3 | |
| 9 | | | | | 3 | 8 | | 5 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6281




**बायें से दायें:-**

१. जीवन का अवलंब या सहारा
३. हलचल, घबराहट, उथल-पुथल
५. भद्दा, विशाल, भयंकर, दुर्गम
६. समय का बोध कराने वाला
७. कुटुंब
९. माथा, मस्तक
१०. समीपता
१२. उपकरण, आला, कोई काम करने का साधन (उर्दू)
१३. उस ओर का, दूसरी ओर का
१४. सेविका, दासी
१६. चारों दिशाओं में से एक
१८. उच्च कुल में उत्पन्न
२०. सालाना
२१. जंगल में पैदा होने वाला
२३. दयालु, उदारमना (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. सवेरे का समय
२. अविच्छिन्न रूप में होने या चलने वाला
३. अनबन, मनमुटाव
४. उपद्रव, दंगा (उर्दू)
५. बेचैनी, व्याकुलता
८. कामदेव
१०. जो किसी से न डरे
११. पतली शाखा, डाली
१२. संतान
१३. ऐसी समस्या जो शीघ्र हल न किया जा सके, बुझौवल
१४. नवयुवक (उर्दू)
१५. राजा या शासन को दिया जाने वाला कर
१७. सीता
१८. फूल, पुष्प
१९. नया, नवीन
२२. वृक्ष, पेड़

### वर्ग पहेली-6280



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 9 अगस्त, 2023 श्रावण कृष्ण पक्ष 7

### राशिफल

मेष -दिन का आरंभ कुछ इस तरह से होगा कि आप उत्साह से भरपूर रहेंगे। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। पारिवारिक वातावरण आनंदप्रद रहेगा। मित्रों, स्नेहीजनों के साथ मेल-मिलाप होगा।

वृषभ -आज आप किसी बात की दुविधा में रह सकते हैं। काम पूरा नहीं होने से असंतुष्ट रहेंगे। सर्दी-खांसी, कफ या बुखार की समस्या हो सकती है। धार्मिक कामों के पीछे भी धन खर्च हो सकता है। स्वजनों से वियोग होगा।

मिथुन -आज आपको मित्रों से लाभ होगा। नए मित्र बन सकते हैं, जो कि भविष्य में आपके लिए लाभदायक सिद्ध हो सकते हैं। अपेक्षा से अधिक धनलाभ होगा। प्रवास या पर्यटन का आयोजन हो सकता है।

कर्क -आप आज शारीरिक तथा मानसिक रूप से व्याकुलता और अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। क्रोध की मात्रा अधिक रहने से किसी के साथ विवाद भी हो सकता है, परंतु दोपहर के बाद आप की शारीरिक स्थिति में सुधार होगा।

सिंह -परिवार तथा व्यावसायिक क्षेत्र में आज का दिन अच्छी तरह से गुजरेगा। दोनों जगहों पर जरूरी चर्चाओं में समय निकलेगा। काम का बोझ बढ़ने से स्वास्थ्य में कुछ शिथिलता रहेगी। तथा दोपहर के बाद स्वास्थ्य में सुधार होगा।

कन्या -आज आप किसी बात का गहरा विचार करेंगे। ज्योतिष या आध्यात्म के विषय के प्रति आपका ध्यान आकर्षित होगा। आज सोच-समझकर बोलिएगा, जिससे किसी के साथ विवाद न हो। स्वास्थ्य नरम रहेगा।

तुला -आज आप सामाजिक कार्यक्रमों में प्रशंसा प्राप्त कर सकेंगे। प्रियपात्र मिलने से आपका मन खुश रहेगा। दांपत्यजीवन में सुख और संतोष का अनुभव होगा। दोपहर और शाम के समय आप अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम रखें।

वृश्चिक -आज का आपका दिन बहुत खुशी और आनंद में गुजरेगा। आप व्यापार के काम में ज्यादा व्यस्त रहेंगे तथा उससे आर्थिक लाभ भी होगा। अधिक लोगों का साथ आज मिलने से किसी राजनीतिक या सामाजिक चर्चा के प्रसंग बनेंगे।

धनु -आज दिन की शुरुआत में आप शारीरिक तथा मानसिक रूप से थोड़ी शिथिलता का अनुभव करेंगे। काम के लिए कुछ अधिक भागदौड़ मची रहेगी। परिश्रम की तुलना में परिणाम कम मिलेंगे।

मकर -आज किसी बात को लेकर ज्यादा इमोशनल ना हो। पानी वाली जगहों से दूर रहें। जमीन-ज़ायदाद के दस्तावेज ध्यान से पढ़ें। मानसिक चिंता रहेगी। आज जिद्दी व्यवहार टालिएगा। संतान की चिंता रहेगी।

कुंभ -आज आपको नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी, लेकिन कोई अति महत्वपूर्ण निर्णय लेने से बचें। साहित्य से जुड़े काम के लिए दिन अच्छा है। दोपहर के बाद परिस्थिति में बदलाव आएगा। किसी बात को लेकर कन्फ्यूजन बना रहेगा।

मीन -आज आप ज्यादा स्वार्थी ना बनें और दूसरों को भी महत्व दें। घर, कुटुंब तथा व्यावसायिक क्षेत्र में अच्छा व्यवहार दूसरों से आपके संबंध बनाए रखेगा। आप नए काम करने के लिए उत्साहित होंगे।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## आज का इतिहास

1173- दुनिया के सात अजूबों में से एक इटली के पीसा की झुकी हुई मीनार का निर्माण शुरू हुआ।
1483- वेटिकन का सिस्टिन चैपल प्रार्थना के लिए खुला।
1788- गुलाम कादिर ने दिल्ली के सुलतान शाह आलम द्वितीय की आंख में अपना खंजर घोंपकर उसे अंधा कर दिया।
1830- लुई फिलिप फ्रांस के राजा बने।
1831- अमेरिका में पहली बार स्टीम इंजन ट्रेन चली।
1892- थॉमस अल्वा एडिसन ने टू-वे टेलिग्राफ का पेटेंट कराया।
1910- अल्वा फिशर ने बिजली से चलने वाली वाशिंग मशीन का पेटेंट हासिल किया।
1916- कैलिफ़ोर्निया में लस्सेन ज्वालामुखीय राष्ट्रीय उद्यान स्थापित किया गया।
1925- क्रांतिकारी राम प्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में 10 लोगों ने ट्रेन के डिब्बे में लोहे की तिज़ोरी को तोड़कर चार हज़ार रुपये लेकर फरार हो गए। यह घटना काकोरी षड्यंत्र के नाम से प्रसिद्ध है।
1942- मुंबई में भारत छोड़ो आंदोलन के साथ 'करो या मरो' का नारा देने के बाद राष्ट्रपिता महात्मा गांधी 50 समर्थकों के साथ गिरफ्तार किए गए।
1942- स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने मलाया (अब मलेशिया) में जापान की मदद से इंडियन नेशनल आर्मी की स्थापाना की।

## माली में आतंकवादी हमले में 17 लोगों की मौत

**बमाको,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम अफ्रीकी देश माली में सप्ताहांत में हुए दो आतंकवादी हमलों में 17 लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हुए है।

स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि पहला हमला शनिवार को बांदीगारा क्षेत्र के बोडियो गांव में हुआ, जिसमें 15 लोग मारे गए और दो घायल हो गए। वहीं, रविवार को एक अन्य हमला बोडियो गांव और अनाकंडा गांव के बीच एक बारूदी सुरंग का हुआ जिससे दो लोगों की मौत हो गई। बांदीगारा गवर्नरेट के एक बयान में कहा गया है कि इस घृणित कृत्य के अपराधियों को पकड़ने के लिए अभियान जारी हैं। उन्होंने कहा कि हम इस तरह के हमलों से अपने देश की सुरक्षा के लिए हतोत्साहित नहीं होंगे। बयान के अनुसार ये हमले माली में संयुक्त राष्ट्र बहुआयामी एकीकृत स्थिरीकरण मिशन द्वारा बांदीगारा में एक सैन्य अड्डे, ओगोसागौ शिविर को मालियन सरकार को सौंपने के एक दिन बाद हुए। संयुक्त राज्य सुरक्षा परिषद ने 30 जून को माली अधिकारियों के अनुरोध पर सर्वसम्मति से अगले छह महीनों में माली में संयुक्त राष्ट्र शांति सेना की पूर्ण वापसी को मंजूरी दे दी थी।



## भारतीय प्रवासी नई दिल्ली में 'जी-20 फोरम' का करेंगे आयोजन

**न्यूयॉर्क,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक भारतीय प्रवासियों का नेटवर्क इंडियास्पोरा इस महीने नई दिल्ली में 25 देशों के 200 नेताओं को एक साथ लाने के लिए एक जी20 फोरम का आयोजन कर रहा है। इसके कार्यकारी निदेशक संजीव जोशीपुरा ने ये बात कही है।

उन्होंने कहा, इंडियास्पोरा जी20 फोरम यह पता लगाएगा कि स्वतंत्रता के 100 वर्षों की भारत की यात्रा में प्रवासी कैसे योगदान दे सकते हैं। जोशपुरिया ने कहा, भारत में प्रमुख नेताओं के साथ काम कर रहे भारतीय प्रवासी, समावेशी विकास, सतत विकास और सामाजिक प्रगति को बढ़ावा देने के लिए हमारी सामूहिक शक्ति का उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

संगठन ने कहा, 22 से 24 अगस्त को होने वाली तीन दिवसीय बैठक के वक्ताओं में सरकारी अधिकारी और नीति निर्माता, उद्योगपति, कलाकार और समर्पित परोपकारी शामिल होंगे, जिनमें से सभी एक बेहतर दुनिया के लिए एक समान दृष्टिकोण साझा करते हैं। इसमें कहा गया है कि एजेंडे में विदेश नीति, वित्तीय समावेशन, जलवायु परिवर्तन, लैंगिक समानता, स्वास्थ्य सेवा, परोपकार, उद्यमिता, खेल और व्यापार और निवेश शामिल हैं। इंडियास्पोरा-इंडिया के सीईओ श्रीकुमार नायर ने कहा कि फोरम सकारात्मक बदलाव लाने और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सार्थक विरासत छोड़ने के लिए भारतीय प्रवासियों की सामूहिक प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है।

यह आयोजन अगले महीने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन से पहले होगा, जिसमें 20 से अधिक देशों के राष्ट्राध्यक्ष या सरकार के प्रमुख एक साथ आएंगे।

G20 भारत 2023 INDIA

■ 25 देशों के 200 नेताओं को एक साथ लाने के लिए हो रहा आयोजन

## श्रीलंकाई नौसेना ने 1 साल में 94 तमिल मछुआरों को गिरफ्तार किया

**चेन्नई,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। श्रीलंकाई नौसेना ने उच्च स्तरीय बैठकों और चर्चाओं के बावजूद पिछले एक साल में तमिलनाडु के कम से कम 94 मछुआरों को अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पार करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। जबकि, 14 मशीनीकृत नौकाओं को भी जब्त किया है। श्रीलंकाई नौसेना ने बीते रविवार को नागापट्टिनम के अक्करैपट्टी गांव के 10 मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया है। यह मछुआरे 3 अगस्त को समुद्र में उतरे थे। नौसेना ने उनकी मशीनीकृत नाव भी जब्त कर ली। लगातार हो रही गिरफ्तारियों पर नागापट्टिनम के मछुआरों के नेता आर. सेल्वाकुमार ने बताया कि हम इस मुद्दे का स्थायी समाधान निकालने के लिए मुख्यमंत्री, अन्य मंत्रियों, विपक्ष और केंद्र सरकार के दरवाजे खटखटा रहे हैं। हमारे 19 लोग दो अलग-अलग घटनाओं में श्रीलंकाई नौसेना की हिरासत में हैं और अब हम इसे हल्के मुद्दे के रूप में नहीं छोड़ सकते। हम चाहते हैं कि भारत सरकार तुरंत कार्रवाई करे और स्थायी समाधान निकाले। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के सभी तटीय इलाकों के मछुआरे जल्द ही नागापट्टिनम में बड़े पैमाने पर विरोध मार्च निकालेंगे। रामनाथपुरम के एक अन्य मछुआरे थॉमस एंटनी ने आईएएनएस को बताया कि श्रीलंकाई नौसेना द्वारा हमें परेशान किया गया है और अब समय आ गया है कि भारत सरकार की ओर से श्रीलंकाई लोगों को कड़ी चेतावनी दी जाए। उन्होंने हमारी नावें जब्त कर ली हैं और ये महंगी नावें उनकी कस्टडी में जंग खा रही हैं। हम अब पूरी तरह बर्बाद हो चुके हैं क्योंकि इन नावों के लिए लिया गया ऋण चुकाया नहीं जा सका है। श्रीलंकाई लोगों की धमकी के बाद समुद्र में जाने के डर से हम पहले से ही गहरे संकट में हैं।



■ 14 मशीनीकृत नौकाओं को भी किया जब्त

## श्रीलंका में डेंगू के 58 हजार से अधिक मामले



**कोलंबो,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। श्रीलंका में इस साल अबतक 58,000 से अधिक डेंगू के मामले सामने आए हैं और 38 मौतें हुई हैं । स्वास्थ्य मंत्रालय की राष्ट्रीय डेंगू नियंत्रण इकाई ने यह जानकारी दी। डेंगू नियंत्रण इकाई ने मंगलवार को कहा कि लगभग 50 प्रतिशत मामले देश के पश्चिमी प्रांत से सामने आए हैं। देश में 47 उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान की गयी है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार श्रीलंका में पिछले साल 76,000 से अधिक डेंगू के मामले दर्ज किए गए थे।

**कोशिश** नाइजर में हाल ही में किया गया है तख्तापलट

## अमेरिकी राजदूत ने नाइजर के सैन्य नेताओं के साथ वार्ता की

**वाशिंगटन,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। नाइजर में हाल ही में हुए तख्तापलट के बाद अमेरिका ने वहां के सैन्य नेताओं के साथ आमने-सामने बातचीत की है। अमेरिकी कार्यवाहक उप विदेशमंत्री विक्टोरिया नूलैंड ने कहा कि यह बातचीत बहुत स्पष्ट और कई बार बहुत असहज और कठिन रही। सुश्री नुलैंड ने नाइजर की राजधानी नियामे में संवाददाताओं से कहा कि बातचीत दो घंटे से ज्यादा समय तक चली। इस दौरान अमेरिका ने कहा कि जिम्मेदार लोग अगर संवैधानिक व्यवस्था बहाल करने की इच्छा रखते हैं तो आर्थिक मदद की जा सकती है।

उन्होंने कहा कि नए सैन्य प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल मूसा सलाउ बरमो से उनकी मुलाकात हुई है लेकिन नाइजर के स्व-घोषित नेता जनरल अब्दुर्रहमान त्चियानी या अपदस्थ राष्ट्रपति श्री बाज़ोम के साथ नहीं। श्री बाज़ोम अभी भी हिरासत में हैं लेकिन उन्होंने पहले अमेरिकी अधिकारियों से फोन पर बातचीत की थी।

सुश्री नुलैंड ने कहा कि उन्होंने उन दावों पर भी चिंता व्यक्त किया जिसमें कहा गया कि तख्तापलट करने वाले नेताओं ने रूस के वैगनर समूह से देश पर नियंत्रण कायम करने में मदद मांगी थी। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने वैगनर को आमंत्रित किया वह अपनी संप्रभुता के लिए जोखिम को अच्छी तरह समझते हैं।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार तख्तापलट को अभी भी कूटनीतिक रूप से समाप्त किया जा सकता है और राष्ट्रपति मोहम्मद बाज़ौम को बहाल किया जा सकता है लेकिन तब तक सहायता भुगतान को निलंबित रखा गया है। पश्चिम अफ्रीकी देश गुरुवार को नाइजर के संकट पर चर्चा करने के लिए एक बैठक करने वाले हैं।



■ 'संवैधानिक व्यवस्था बहाल करने पर की जा सकती है आर्थिक मदद'

पश्चिम अफ्रीका के 15 देशों का व्यापारिक समूह 'इकोवास' ने नाइजर के जुंटा नेताओं को पद छोड़ने और निर्वाचित राष्ट्रपति को बहाल करने के लिए रविवार को अंतरराष्ट्रीय समयानुसार रात 11 बजे तक का समयसीमा दिया था। जवाब में तख्तापलट करने वाले नेताओं ने नाइजर के हवाई क्षेत्र को बंद कर इस समूह की सैन्य कार्रवाई की धमकी का जवाब दिया।श्री बाज़ोम के राष्ट्रपति गार्ड के पूर्व प्रमुख जनरल त्चियानी ने 26 जुलाई को सत्ता पर कब्जा कर लिया था और दलील दी थी कि वह नाइजर के क्रमिक और अपरिहार्य पतन को रोकना चाहते हैं। इस क्षेत्र में बढ़ती अस्थिरता के कारण फ्रांस ने सोमवार को अपने नागरिकों को साहेल क्षेत्र की यात्रा करने के खिलाफ चेतावनी जारी किया और जो फ्रांसीसी अभी भी वहां रह रहे हैं, उन्हें फ्रांस विरोधी भावना के खिलाफ सतर्क रहना पड़ रहा है।

## दुनिया को जानें

### अमेरिका में खराब मौसम के कारण पांच लाख से अधिक घरों में 'अंधेरा'

**वाशिंगटन,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका के पूर्वी तटीय इलाके में खराब मौसम के कारण 5,00,000 से अधिक घरों में बिजली नहीं है। पॉवरआउटरेज.यूएस निगरानी सेवा के आंकड़ों में यह जानकारी दी गयी। दरअसल सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रीय मौसम सेवा ने कोलंबिया जिले सहित देश के पूर्वी तट पर भारी बारिश, तूफानी हवाओं, बवंडर और बाढ़ के खतरे की चेतावनी दी।



मंगलवार को 06: 40 बजे तक न्यूयॉर्क, पेंसिल्वेनिया, पश्चिम वर्जीनिया, वर्जीनिया, उत्तरी कैरोलिना, जॉर्जिया और अमेरिका के पूर्व में अन्य राज्यों में 500,000 से अधिक घरों के लोग बिजली के बिना रह रहे हैं। इस बीच फॉक्स न्यूज ने बताया कि अलबामा में बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

# प्रादेशिकी

## कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल को पुलिस ने रास्ते में रोका : दीपेंद्र

**चंडीगढ़।** कांग्रेस के रोहतक से सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने दावा किया है कि पार्टी हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष उदयभान के नेतृत्व में नूंह जा रहे प्रतिनिधिमंडल को पुलिस ने रास्ते में ही रोक लिया। श्री हुड्डा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रतिनिधिमंडल तय कार्यक्रम के अनुसार नलहड़ मंदिर, नूंह शहरवासियों, अनाज मंडी में व्यापारियों, दुकानदारों के अलावा अन्य सभी दंगा पीड़ितों से मुलाकात करना चाहता था जिनका जान-माल का नुकसान हुआ है, जिनका गैर-कानूनी ढंग से मकान गिराया गया अथवा जिनके वाहनों को जला दिया गया। हम हर जाति, हर धर्म, हर समुदाय की पीड़ा जानना चाहते थे। अमन-शांति की अपील करना चाहते थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने जितना पुलिस बल कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल को रोकने के लिये लगाया उसका समय रहते आधा भी अगर नूंह में लगा देती तो इस घटना को टाला जा सकता था।

## नूंह जिले इंटरनेट सेवाएं 11 अगस्त तक बंद

**चंडीगढ़,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा सरकार ने नूंह जिले में साम्प्रदायिक तनाव के मद्देनजर वहां इंटरनेट सेवाएं बंद करने की अवधि 11 अगस्त रात 12 बजे तक बढ़ा दी है। राज्य के गृह विभाग के सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने मंगलवार को यहां इस सम्बंध में आदेश जारी किये। आदेशों के तहत नूंह जिले में मोबाइल इंटरनेट, एसएमएस और सभी डोंगल सेवाएं आदि बंद रहेंगे। अलबत्ता वॉयस कॉल चालू रहेंगी। आदेशों में कहा गया है कि नूंह जिला उपायुक्त ने जानकारी दी है कि जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति अभी ठीक नहीं है। इसी के मद्देनजर इंटरनेट सेवाएं 11 अगस्त तक बंद रखने के आदेश दिए गये हैं। सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को इस आदेश का पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।



### अब भाजपा प्रतिनिधिमंडल भी करेगा नूंह का दौरा

चंडीगढ़। कांग्रेस के बाद अब हरियाणा प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ के नेतृत्व में पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल भी नूंह में ब्रज मंडल यात्रा के दौरान हुई हिंसक घटनाओं की जानकारी और मौजूदा हालात का जायजा लेने के लिये बुधवार को वहां का दौरा करेगा। पार्टी के प्रदेश सह मीडिया प्रमुख अरविंद सैनी ने मंगलवार को यहां बताया कि प्रतिनिधिमंडल में सहकारिता मंत्री बनवारी लाल, विधायक एवं प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बडौली, विधायक संजय सिंह और प्रदेश मंत्री समय सिंह भाटी शामिल रहेंगे। प्रतिनिधिमंडल नूंह में कई स्थानों का दौरा करेगा तथा वहां के लोगों से बातचीत कर हालात का जायजा लेगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान के नेतृत्व में पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने नूंह का दौरा करने का ऐलान किया था। इस प्रतिनिधिमंडल में राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी शामिल रहेंगे।

## सुक्खू सरकार खनन नीति में बदलाव कर राजस्व बढ़ाने के प्रयास में

**शिमला,** 8 अगस्त (देशबन्धु)। हिमाचल की सुक्खू सरकार खनन नीति में बदलाव कर राजस्व बढ़ाने के प्रयास में है। सरकार की कोशिश खनन राजस्व को 250 करोड़ से बढ़ा कर 500 करोड़ करने की है। राजस्व बढ़ाने के मकसद से जहां सरकार अवैध खनन पर ड्रोन से नजर रखेगी, वहीं सूर्यास्त के बाद जेसीबी के साथ साथ अन्य उपकरणों से भी खनन पर रोक लगेगी। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने अनौपचारिक बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार के खजाने में खनन राजस्व के तौर पर सालाना 250 करोड़ की रकम आती है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में खजाने में खनन राजस्व के तौर पर 80 करोड़ की रकम आई है। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में 350 करोड़ का खनन राजस्व अर्जित करने का लक्ष्य है। आगामी साल में इसे 500 करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य है। इस मकसद से खनन नीति में आवश्यक बदलाव किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारी बरसात से प्रदेश में उद्योग विभाग को 300 करोड़ का नुकसान हुआ है। बद्दी नालागढ़ में ज्यादा नुकसान सडक़ों और पुलों को क्षतिग्रस्त होने की वजह से हुआ है । लगातार हो रही बारिश ने बीबीएन क्षेत्र को अस्त.व्यस्त कर दिया है। राष्ट्रीय राजमार्ग-105 पर हरियाणा की तरफ मंड़ावाला, चरणिया और बालद पुल के क्षतिग्रस्त होने से बद्दी और नालागढ़ जाने वाली सभी सडक़ें कट गई हैं। उन्होंने कहा कि भारी बारिश की वजह से उद्योग विभाग को हुए नुकसान की भरपाई का मुद्दा वह केंद्र के समक्ष उठाएंगे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर राहत पैकेज की मांग की जाएगी। हरियाणा सरकार से भी सडक़ों पुलों को दुरुस्त करने की मांग की गई है।



### सेब उत्पादक क्षेत्रों में सड़कों को बहाल करने के लिए 110 करोड़ जारी : सुक्खू

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार सेब उत्पादक क्षेत्रों में सड़कों को बहाल करने के लिए दक्षतापूर्वक कार्य कर रही है, ताकि सड़क सम्पर्क के अभाव में बागवानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के सेब उत्पादक क्षेत्रों में संपर्क सड़कों को बहाल करने के लिए 110 करोड़ रुपये जारी किए हैं और पर्याप्त मशीनरी भी तैनात की गई है। श्री सुक्खू ने कहा कि कुछ क्षेत्रों में प्राकृतिक आपदा के कारण संपर्क सड़कों का काफी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है और उन्हें बहाल करने में काफी समय लगेगा, इसलिए उन्होंने स्थानीय लोगों से सेब सीजन के लिए अस्थायी सड़कें बनाने में राज्य सरकार का सहयोग करने का आग्रह किया।

### सरकारी आदेशों की अवहेलना करने वाले लदानियों पर सरकार सख्त

**शिमला।** बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी सरकारी आदेशों की अवहेलना करने वाले लदानियों पर सख्त हुए हैं। उन्होंने लदानियों को साफ शब्दों में चेताया है कि सेब की पेटी पर दो किलो काट की छूट नहीं मिलेगी, सरकार के आदेशों की अवहेलना कर मनमानी करने वाले लदानियों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सोलन-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर आज शाम से छोटे वाहनों की आवाजाही प्रारंभ होगी। नेगी शिमला में पत्रकारों से बात कर रहे थे। हिमाचल प्रदेश की फल मंडियों में सरकार इस बार किलो के हिसाब से सेब बेचा रहा है जिससे बागवानों को अच्छे दाम मिल रहें हैं। लदानी प्रति पेटी दो किलो की काट की मांग कर रहे हैं और इसके लिए सरकार पर दबाव बनाने के लिए कुछ लदानी बीते कल सोलन की मंडी पर हड़ताल पर भी रहें। बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि बागवानों आढ़तियों के साथ सलाह मशवरा करके ही दो किलो की काट को बंद करने का निर्णय लिया गया है लेकिन अगर कोई आढ़ती या लदानी आदेश नही मानता हूं और बागवान इसकी शिकायत करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सुरेश कश्यप ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से दिल्ली में मुलाकात की



**शिमला,** 8 अगस्त (देशबन्धु)। पोंटा साहिब और काला अंब औद्योगिक क्षेत्र को जगाधरी रेलवे से जोड़ने को लेकर भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से दिल्ली में मुलाकात की। कश्यप ने मंत्री को बताया की शिमला संसदीय क्षेत्र का यह क्षेत्र एशिया का सबसे बड़ा फार्मास्युटिकल हब है और यह अभी तक रेल सेवा से नहीं जुड़ा है। इसके लिए पहले भी एक सर्वेक्षण कराया गया था और केंद्रीय मंत्री ने इस क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रेल सेवा से जोड़ने का आश्वासन दिया है। इसके अलावा सुरेश कश्यप ने केंद्रीय मंत्री से कालका-शिमला ट्रेन सेवा को बहाल करने के लिए भी कहा, जो भारी बारिश के कारण बाधित है और कई स्थानों पर ट्रैक क्षतिग्रस्त हो गया है। `रिटेज ट्रैक को सर्वोच्च प्राथमिकता पर बहाल किया जाना चाहिए इससे टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने जल्द से जल्द ट्रेनें सेवा शुरू करने का आश्वासन दिया

## सार संक्षेप

### सेना में चमार रेजिमेंट बहाल करने की मांग

**भिवानी।** हरियाणा प्रदेश चमार महासभा ने केंद सरकार से सेना में चमार रेजिमेंट बहाल करने की मांग की है। महासभा ने बवानीखेड़ा के गुरु रविदास मंदिर में समाज की आवश्यक बैठक कर इस मांग को लेकर प्रस्ताव पारित किया। सभा के राष्ट्रीय महासचिव जगरूप पातलान ने कहा कि देश की जनसंख्या में चमार समाज 17 प्रतिशत के लगभग हैं। चमार रजिमेंट के गौरवशाली इतिहास को देखते हुए वह हरियाणा सरकार के माध्यम से केंद्र सरकार से सेना में चमार रजिमेंट बहाल करने की मांग करते हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से 85वां संविधान संशोधन लागू करने, अनुसूचित जाति में वर्गीकरण बंद करने और खाद्य आपूर्ति विभाग में राशन डिपो अनुसूचित कोटे से अनुसार निर्धारित करने, ड्राइंग शिक्षक भर्ती में उच्च न्यायालय की व्यवस्था का पालन करने, पदोन्नति में आरक्षण लागू करने तथा अनुसूचित जाति में अन्य जातियों का समायोजन रोकने की मांग की।

### पंजाब के इतिहास में पहली बार होगा पंजाब पर्यटन समिट : गगन मान

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार द्वारा राज्य में पर्यटन क्षेत्र को आगे बढ़ाने और यहां की संस्कृति और अमीर विरासत के बारे दुनिया को अवगत कराने के लिए पंजाब के इतिहास में जल्द ही पहली बार पंजाब टूरिज्म समिट करवाया जा रहा है। पंजाब के पर्यटन और सांस्कृतिक मामले, निवेश प्रोत्साहन, श्रम और आतिथ्य मंत्री अनमोल गगन मान ने मंगलवार को समिट सम्बन्धी की जाने वाली तैयारियों के बारे जानकारी देते हुये बताया कि राज्य में पहली बार होने जा रहे पंजाब टूरिज्म समिट में अन्य लोगों के इलावा देश विदेश में बैठे एन. आर. आइज़ पंजाबियों को भी बुलाया जायेगा। मंत्री ने कहा कि पंजाब टूरिज्म समिट का मुख्य उद्देश्य पंजाब में पर्यटन और बड़े स्तर पर निवेश को उत्साहित करना है। उन्होंने कहा समिट में राज्य के इतिहास से सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं को दर्शाती प्रदर्शनियाँ, सेमिनार और अलग-अलग इवेंट करवाए जाएंगे।

### विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए 105 प्रशिक्षकों के तीन बैच रवाना

**चंडीगढ़।** पंजाब के तकनीकी शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस मंगलवार को पांच दिवसीय उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए 105 प्रशिक्षकों के तीन बैचों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। श्री बैंस ने कहा कि फिटर और वेल्डर ट्रेडों के 20 प्रशिक्षकों का पहला बैच झाड़माजरी, बद्दी (हिमाचल प्रदेश) में स्थित सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीआईपीईटी) में सीएनसी मशीनिंग तकनीक में गहन प्रशिक्षण लेने के लिए तैयार है।

### सुडोकू 6281 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 9 | 3 | 5 | 6 | 1 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 1 | 7 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 |
| 6 | 8 | 3 | 1 | 2 | 9 | 4 | 5 | 7 |
| 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 4 |
| 5 | 9 | 4 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 |
| 3 | 7 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 9 |
| 4 | 3 | 7 | 5 | 6 | 8 | 2 | 9 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 4 | 9 | 1 | 7 | 3 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 7 | 3 | 8 | 4 | 5 |

## एनएचएम से निकाले आउटसोर्स कर्मियों के मुद्दे की हो जांच : राकेश शर्मा

**शिमला,** 8 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश सरकार ने युवाओं को हर साल एक लाख रोजगार देने के वादा किया था लेकिन यह सरकार तो आउटसोर्स पर रखें कर्मचारियों की भावनाओं के साथ भी खिलवाड़ कर रही है। उन्हें नौकरी से निकाला जा रहा है। आउटसोर्स कर्मियों को नौकरी से निकालने पर प्रवक्ता राकेश शर्मा ने सुक्खू सरकार को कठघरे में खड़ा किया है। उन्होंने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सुक्खू सरकार में अधिकारी कर्मचारियों का शोषण कर उनसे बर्तन मांजने का काम करवा रही है जब यह कर्मचारी अधिकारी के घर पर बर्तन मांजने से मना कर देते हैं तो उन्हें नौकरी से निकाला जाता है। इतना ही नहीं जब ऑउट सोर्स कर्मचारियों को नौकरी से निकाले जानें पर सीएम से सवाल तो पूछा जाता है तो उसे हल्के में लेकर यह कहकर टाल दिया जाता है कि आउटसोर्स कर्मचारी ठेकेदार के माध्यम से रखे जाते हैं इसलिए यह कोई ज्यादा बड़ा विवाद नहीं है। उन्होंने कहा सचिव स्वास्थ्य ने सरकारी कर्मचारियों को आपने घर पर रख काम करवाया यह गलत है और उसके बाद उनको नौकरी से बर्खास्त कर दिया, यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

कर्मचारी न्याय के इंतजार में है पर मुख्यमंत्री उनको निकलने के पक्ष में दिखाई दे रहे है, कर्मचारी अशमाजिस की स्तिथि में है। उन्होंने सीएम पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की गारंटियां झूठी गारंटी साबित हो रही हैं। सरकार ने सत्ता में आने के लिये 10 बड़ी गारंटियां देने का वादा किया था लेकिन सरकार अपने सात माह के कार्यकाल में एक भी गारंटी पूरी नहीं कर पाई है। सरकार ने प्रदेश के हर वर्ग को ठगा है। सरकार ने कर्मचारियों को ओपीएस देने के नाम पर ठगा है इसके अलावा महिलाओं को 1500 देने के नाम पर भी ठगने का काम किया है।

## केंद्र आपदा में प्रदेश के साथ, 190 करोड़ की तीसरी किश्त जारी : ठाकुर

**शिमला,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आपदाग्रस्त राज्य को केंद्र सरकार ने आपदा राहत के लिए बीते कल 190 करोड़ रुपये और जारी कर दिये। आपदा राहत के तहत केंद्र सरकार ने प्रदेश को पहले ही 364 करोड़ रुपये जारी कर चुकी है। श्री ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार इस आपदा के समय में प्रदेश के साथ खड़ी है और हर संभव मदद कर रही है। केंद्र सरकार द्वारा अब तक प्रदेश को लगभग एक हज़ार करोड़ रुपये की सीधी मदद कर चुका है। नेता प्रतिपक्ष ने प्रदेश की जनता कि तरफ़ से भी इस सहयोग के लिए आभार जताया। श्री ठाकुर ने कहा कि आपदा के समय से ही केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश की मदद के गंभीर प्रयास किए। आपदा के समय ही राहत और बचाव कार्य के लिए हर ज़रूरी संसाधन केंद्र द्वारा तत्काल उपलब्ध करवाए गये, जिससे आपदा में फंसे लोगों को सकुशल निकाला जा सके। राहत और बचाव के सैंकड़ों मिशन चलाकर हज़ारों लोगों को रेस्क्यू किया गया। इसके बाद आपदा राहत के लिए 364 करोड़ रुपये की अग्रिम सहायता राशि जारी कर दी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सड़कों के इंफ्रास्ट्रक्चर को हुए नुक़सान को देखते हुए मैं दिल्ली गया और केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मिला और उनसे प्रदेश को हुए नुक़सान का ज़ायजा लेने का आग्रह किया। नितिन गडकरी संसद का सत्र छोड़कर हिमाचल आए और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। नितिन गड़करी ने नेशनल हाईवे और फ़ोर लेन के नुक़सान को दुरुस्त करने के आदेश दिये साथ ही नेशनल हाईवे से लगने वाले स्टेट हाईवे और ब्रिज को भी सही करवाने का विश्वास दिलवाया। इसके अलावा राज्य सरकार को सीआरएफ़ के तहत 400 करोड़ रुपए भी दिये, जिससे प्रदेश की सड़कें सही करवाई जा सके। अब तक केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकार को लगभग एक हज़ार करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि आपदा के समय केंद्र द्वारा दिया गया सहयोग प्रदेश भूलेगा नहीं।



श्री ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा दी गई इस राहत राशि से प्रदेश के आपदा प्रभावितों को मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जारी आपदा राहत राज्य सरकार अतिशीघ्र पात्र प्रभावितों तक पहुंचाए, जिससे संकट की इस घड़ी में लोगों की मदद हो सके।उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के इस सहयोग के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत केंद्र सरकार के समस्त मंत्रियों का आभार व्यक्त किया।

## बागेश्वर विधानसभा उपचुनाव के पांच सितम्बर को डाले जाएंगे वोट

**नैनीताल/देहरादून,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तराखंड की बागेश्वर विधानसभा उपचुनाव के लिये आगामी पांच सितम्बर को वोट डाले जायेंगे। केन्द्रीय चुनाव आयोग की ओर से मंगलवार को उपचुनाव के लिये कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। चुनाव आयोग की ओर से देश के विभिन्न राज्यों की सात विधानसभाओं के उपचुनाव के लिये कार्यक्रम जारी किया गया है। इनमें कुमाऊं की बागेश्वर विधानसभा भी शामिल है। आगामी 10 अगस्त को चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी की जायेगी। कैबिनेट मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेता चंदनराम दास की असामयिक मृत्यु के बाद यह विधानसभा रिक्त घोषित हुई है। जारी कार्यक्रम के अनुसार 17 अगस्त को नामांकन की अंतिम तिथि जबकि 18 अगस्त को दस्तावेजों की जांच की जायेगी। आगामी 21 अगस्त को नाम वापसी और पांच सितम्बर को मतदान होगा। इसके साथ ही आठ सितम्बर को मतगणना की जायेगी। आयोग की ओर से कहा गया है कि वोट इलैक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से डाले जायेंगे। इसके लिये आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही वोट डालने के लिये चुनाव फोटो पहचान पत्र के अलावा दस अन्य प्रमाण पत्रों के माध्यम से मतदान किया जा सकेगा। बागेश्वर के अलावा विभिन्न राज्यों की जिन विधानसभाओं के लिये उपचुनाव होने हैं उनमें झारखंड की डुमरी, केरल की पुथुपल्लई, त्रिपुरा की बोक्सानगर, पश्चिम बंगाल की धुमगुरी (एससी) और उप्र की घोसी विधानसभा सीट शामिल है।

## सचिन पायलट ने कथित बलात्कार के बाद भट्टे में जलाई गई लड़की के परिजनों से मुलाकात की

**जयपुर,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता सचिन पायलट मंगलवार को भीलवाड़ा जिले के नरसिहपुरा गांव पहुंचे। उन्होंने यहां उस लड़की के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की, जिसके साथ कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया गया था और इसके बाद उसे ईंटों वाले भट्टे में जला दिया गया था। सचिन पायलट ने परिजनों को ढांढस बंधाया और परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिया। 3 अगस्त की घटना के बाद अब तक सिर्फ बीजेपी नेताओं ने ही इस गांव का दौरा किया है और बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। इस मुद्दे पर अब तक कोई टिप्पणी नहीं करने वाले सीएम अशोक गहलोत ने सोमवार देर रात कानून व्यवस्था पर चर्चा के लिए बुलाई बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि हम आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए तत्काल कार्रवाई कर रहे हैं। हालांकि इस मामले का राजनीतिकरण किया जा रहा है। सामूहिक बलात्कार के बाद जघन्य हत्या के छह दिन बाद लड़की के शव के टुकड़ों को सोमवार को उसके गांव ले जाया गया। उसके पिता उसके शरीर को टुकड़ों में देखकर गमगीन हो गए और उसके अंतिम संस्कार के दौरान चिता में कूदने की भी कोशिश की। ग्रामीण पिछले छह दिनों से यहां प्रदर्शन कर रहे थे और अपनी मांगें पूरी होने तक शव का पोस्टमार्टम नहीं होने दिया था।



## अवैध खनन गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए ली जाएगी ड्रोन सेवाएं : मीत हेयर

**चंडीगढ़,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब के खनन मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने मंगलवार को विभाग के अधिकारियों से अवैध खनन गतिविधियों पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए अभियान तेज करने को कहा। खनन मंत्री ने कहा कि अवैध खनन की जांच कार्य को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए ड्रोन सेवाएं ली जानी चाहिए और इसे पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर रूपनगर जिले से शुरू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि 15 अप्रैल 2022 से चार अगस्त 2023 तक अवैध खनन से संबंधित 716 एफआईआर दर्ज की गई हैं। मंत्री ने कहा कि एचडीएफसी बैंक के कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड से चेक पोस्ट पर हाईटेक कैमरे लगाए जा रहे हैं।पंजाब भवन में विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में खनन मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार लोगों को सस्ती कीमतों पर पर्याप्त रेत उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 67 वाणिज्यिक स्थलों वाले 40 क्लस्टरों को शुरू करने की मंजूरी के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई मानसून सीजन तक पूरी की जानी चाहिए ताकि उन्हें 20 सितंबर से शुरू किया जा सके। नीलाम किए गए 40 क्लस्टरों में से अब तक 32 क्लस्टरों के लिए तकनीकी बोली लगाई जा चुकी है और वित्तीय बोली अभी भी जारी है। सरकार लोगों को सार्वजनिक और व्यवसायिक दोनों जगहों से 5.50 रुपए प्रति घन फुट पर रेत दे रही है। मीत हेयर ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा अब तक 60 सार्वजनिक स्थलों को राज्य के निवासियों को समर्पित किया जा चुका है और 13 और सार्वजनिक स्थलों को जल्द ही संचालन शुरू करने के लिए तैयार किया जा रहा है। उन्होंने विभाग को और अधिक सार्वजनिक स्थल खोलने के लिए नए स्थानों की तलाश करने का निर्देश दिया ताकि लोगों की जरूरतों को पूरा किया जा सके। इस सम्बन्ध में स्वीकृतियों के कार्य में तेजी लाई जाए। लंबित पर्यावरण स्वीकृतियों को तुरंत लिया जाना चाहिए।



## सरकार की संवेदनशीलता और पुलिस की कार्रवाई से एससी-एसटी वर्ग को सुनिश्चित हो रहा है न्याय : गहलोत

**जयपुर,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कहा है कि राज्य सरकार की संवेदनशीलता और पुलिस की कार्रवाई से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) वर्ग को न्याय सुनिश्चित हो रहा है। श्री गहलोत मंगलवार को उनकी अध्यक्षता में अनुसूचित जाति और जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत गठित राज्य स्तरीय सतर्कता और मॉनिटरिंग समिति की बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि एससी-एसटी अत्याचार के मामलों में पुलिस द्वारा पूरी संवेदनशीलता के साथ बिना किसी दबाव एवं भयमुक्त होकर त्वरित अनुसंधान कर उन्हें न्याय दिलाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस पर आम जनता की सुरक्षा की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। पुलिस द्वारा तुरंत एक्शन कर अपराधियों की गिरफ्तारियां की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एससी-एसटी के प्रकरणों में एफआर के बाद भी पुलिस द्वारा प्रकरणों के रिव्यू का दायरा और बढ़ाया जाए। उन्होंने एससी-एसटी के लम्बित प्रकरणों में जांच कम से कम समय में पूरी करने, पुलिस में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने की दिशा में कदम उठाने, महिलाओं के विरूद्ध अपराधों को रोकने के लिए सामाजिक जनजागृति के लिए भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थानों में निर्बाध पंजीकरण के फैसले से संख्या में जरूर वृद्धि हुई है लेकिन पूरे देश में सराहना भी हो रही है। इससे परिवादियों में पुलिस के प्रति सकारात्मक संदेश पहुंचा है।



**एससी-एसटी अत्याचार के मामलों में पुलिस द्वारा पूरी संवेदनशीलता के साथ बिना किसी दबाव एवं भयमुक्त होकर त्वरित अनुसंधान कर उन्हें न्याय दिलाना सुनिश्चित किया जाए। पुलिस पर आम जनता की सुरक्षा की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है: अशोक गहलोत**

बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए जिनमें नए जिलों में एससी-एसटी एक्ट की जांच के लिए डिप्टी एसपी की अध्यक्षता में सैल बनेगी। महिलाओं एवं बाल अपराधों के लिए एडिशनल एसपी की अध्यक्षता में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट फॉर क्राइम एगेंस्ट वूमेन (सिकाउ) यूनिट बनेगी। एससी-एसटी एक्ट के प्रकरणों के निस्तारण का समय वर्ष 2017 में 197 दिन था। अब यह समय 64 दिन रह गया है। इसे 60 दिन से भी कम करने के प्रयास किए जाएंगे। एससी-एसटी एक्ट के मामलों में पीड़ित प्रतिकर सहायता का भुगतान समयबद्ध तरीके से हो। केंद्र सरकार से मिलने वाला राशि में विलम्ब होने पर केंद्र सरकार से पत्राचार किया जाएगा शामिल हैं।

इसी तरह एससी-एसटी एक्ट की एफआईआर के साथ ही पीड़ित को पीड़ित प्रतिकर योजना का लाभ देने के लिए जरूरी जानकारियां भी पुलिस द्वारा तत्समय सुनिश्चित किया जाए। साथ ही दो अप्रैल 2018 को हुए आंदोलन में एससी-एसटी वर्ग के विरुद्ध दर्ज अधिकांश मुकदमों को सरकार द्वारा निस्तारण किया जा चुका है।

## डीजल चोरी करते ड्राइवर सहित सवारियों को टिकट न देने वाले दो कंडक्टर गिरफ्तार

**चंडीगढ़,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब के परिवहन मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर की ओर से गठित किए गए मनिस्टर्स फ़्लाइंग स्क्वाड ने पिछले एक हफ़्ते के दौरान विभिन्न स्थानों पर मारे छापों में जहाँ पांच लीटर डीज़ल चोरी करते ड्राइवर को रंगे-हाथों काबू किया है, वहीं सवारियों से पैसे लेकर टिकट न देने वाले दो कंडक्टरों सहित अनाधिकृत रूट पर चलने वाली पांच बसों को रिपोर्ट किया गया है। भुल्लर ने मंगलवार को बताया कि मनिस्टर्स फ़्लाइंग स्क्वाड ने श्री झाड़ साहिब में चेकिंग के दौरान रोडवेज/पनबस डिपो लुधियाना की बस नंबर पी.बी-10-डी.एम 8073 से तेल चोरी करते हुए ड्राइवर चरनजीत सिंह को रंगे-हाथों पकड़ा है। उन्होंने बताया कि इसी तरह कैराना (उत्तर प्रदेश) में फ़्लाइंग स्क्वाड ने चेकिंग की और चंडीगढ़ डिपो की बस नंबर पी.बी-65-बी.बी 8852 के कंडक्टर लखविन्दर सिंह को सवारियों से 845 रुपए लेकर टिकटें न देने के लिए रिपोर्ट किया गया है जबकि खमाणों में चेकिंग के दौरान पंजाब रोडवज़/पनबस पट्टी डीपू की बस नंबर पी.बी-02-ई.जी 4398 के ड्राइवर लखविन्दर सिंह और कंडक्टर सतनाम सिंह को खमाणों बस अड्डे पर बस ना रोकने और आठ सवारियों को छोड़ जाने के कारण विभाग को 510 रुपए का वित्तीय नुकसान पहुँचाने के लिए रिपोर्ट किया गया है।

# प्रादेशिकी

## फर्रुखाबाद में सड़क हादसे में मोटर साइकिल सवार दो युवकों की मौत

**फर्रुखाबाद,**8 अगस्त (देशबन्धु)। राजेपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक सड़क हादसे में अज्ञात किसी भारी वाहन से मोटर साइकिल सवार दो युवकों की कुचल कार दर्दनाक मौत हो गई। राजेपुर थाना प्रभारी निरीक्षक दिवाकर प्रसाद सरोज ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम ताजपुर निवासी ग्रह स्वामी सत्यपाल उम्र करीब 35 वर्ष अपने मकान का निर्माण करने वाले, राजमिस्त्री अवधेश उम्र करीब 28 वर्ष के साथ एक मोटर साइकिल से ग्राम कुतलूपुर से भवन की सामग्री लेने जा रहे थे यह दोनों मोटर साइकिल से प्रात: 8:15 बजे जब थाना क्षेत्र में बदायूं-फर्रुखाबाद पर ग्राम हरिहरपुर आईटीआई के समीप में तेज रफ्तार से जा रहे थे। तभी अचानक सामने से आए किसी अज्ञात भारी वाहन ने इन दोनों मोटर साइकिल सवारों को कुचल दिया। जिससे दोनों की घटनास्थल पर मौत हो गई।

# उप्र में बेरोजगारी दर में आई कमी : योगी

**लखनऊ,** 8 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विधानसभा में समाजवादी पार्टी और नेता विरोधी दल अखिलेश यादव को प्रदेश में बेरोजगारी और शिक्षा के संबंध में पूछे गए सवाल पर आईना दिखाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छा है कि नेता विरोधी दल को भी अब जनसंख्या की चिंता होने लगी है। इसी को नियंत्रित करने के लिए हम लोग समान कानून की बात कर रहे हैं। चलिए समाजवादियों में कुछ तो प्रोग्रेस हुई है। प्रगति के बारे में सोचना अच्छी बात है।

उन्होंने कहा कि अभी एक सदस्य ने बेसिक शिक्षा के विषय में एक प्रदेश, एक कोर्स और एक मूल्य को लेकर सवाल पूछा था। इसमें एक देश और एक कानून को भी

- **मुख्यमंत्री ने विधानसभा में शिक्षा व बेरोजगारी पर अखिलेश को दिखाया आईना**
- **जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए ही हम कर रहे समान कानून की बात**

जोड़ देते तो अच्छा होता। सीएम योगी ने बेरोजगारी दर को लेकर कहा कि बेरोजगारी दर जो 2017 से पहले 19 फीसदी थी, वो आज 3 से 4 के बीच रह गई है। प्रदेश में रोजगार के जो अवसर सृजित हुए हैं, उसी की वजह से बेरोजगारी दर में कमी आई है।



**अच्छा है कि समाजवादियों को भी अब जनसंख्या की चिंता होने लगी हैं : योगी आदित्यनाथ**

इससे पहले, योगी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू हो चुकी है और इसमें सामान्य पाठ्यक्रम के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को भी पैरलल उपलब्ध कराने के कार्यक्रम शुरू किए जा चुके हैं।

माध्यमिक शिक्षा में भी राज्य सरकार ने उस अभियान को आगे बढ़ाया है जिसमें सामान्य पाठ्यक्रम को जारी रखते हुए पैरामेडिकल, ड्रोन टेक्नोलॉजी, डेटा एनालिसिस, थ्री डी प्रिंटिंग या फिर इससे संबंधित सर्टिफिकेट कोर्सेज से छात्रों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए पहले से ही व्यवसायिक शिक्षा के पाठ्यक्रम में व्यापक परिवर्तन करने के कार्य हो रहे हैं। सीएम योगी ने प्रदेश में रोजगार के अवसर के बारे में कहा कि ये कहना की बीते 6 वर्ष में भर्ती नहीं हुई है, इसमें आपकी पीड़ा को मैं समझ सकता हूं। पिछले 6 वर्ष में नकल विहीन परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न हुई है। नकल माफिया पर लगाम कसी गई है। पहली बार हुआ है जब माध्यमिक शिक्षा जिसमें हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा जो पहले 2 से 3 महीने तक चलती रहती थी वो मात्र 15 दिन में संपन्न हुई है और मात्र 14 दिन में परिणाम भी आए हैं। 56 लाख बच्चों के परिणाम मात्र 29 दिन (परीक्षा से लेकर परिणाम जारी होने तक)में आए हैं। यह भी उस रिफॉर्म का परिणाम है जो शिक्षा के क्षेत्र में आज देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जहां तक शिक्षकों की भर्ती का विषय है तो कोई भी मामला न्यायालय में लंबित नहीं है। 1.64 हजार से अधिक शिक्षकों की भर्ती बेसिक और माध्यमिक शिक्षा में इस सरकार ने की है।

शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया को युद्धस्तर पर किया जा रहा है। यदि कहीं वेकेंसी है चाहे वो माध्यमिक में हो, बेसिक में हो, उच्च शिक्षा में हो, प्राविधिक में हो, व्यवसायिक शिक्षा में हो या फिर संस्कृत विद्यालयों में हो, इन सबकी भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए हमारी सरकार एक नए शिक्षा आयोग के गठन के लिए बिल लेकर आई है। बिल पर आपको भी अपनी बात रखने का अवसर प्राप्त होगा। जो भी सुझाव आएंगे उन पर सरकार विचार करेगी।

### शुचिता व ईमानदारी से हो रही है भर्ती प्रक्रिया

मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश में बेरोजगारी दर में हुए सुधार को रोजगार के बढ़ रहे अवसरों से जोड़ते हुए अखिलेश पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार क्या कर रही है ये तो सर्वे भी बताते हैं। बेरोजगारी दर इस बात पर निर्भर करती है कि रोजगार कितने सृजित हुए। 2016-17 में उत्तर प्रदेश की बेरोजगारी दर 19 फीसदी से अधिक थी और आज के दिन पर यह 3 से 4 के बीच रह गई है। ये दिखाता है कि उत्तर प्रदेश में रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। लोगों को पारदर्शी तरीके से नौकरी मिल रही है और नौकरी की कोई भी प्रक्रिया न्यायालय में लंबित नहीं है। न्यायालय को भी मालूम है कि प्रक्रिया में पारदर्शिता है, शुचिता और पूरी ईमानदारी से सरकार इसको आगे बढ़ा रही है। उत्तर प्रदेश के इस परसेप्शन के कारण ही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 36 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव पास हुए हैं जो एक करोड़ नई नौकरियों का सृजन करेंगे। यह उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए अवसर है। उत्तर प्रदेश के युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए ही 2 करोड़ युवाओं को टैबलेट और स्मार्टफोन उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

# 'उत्तर प्रदेश में गिरते भूजल के प्रति सतर्क व सजग योगी सरकार'

- **भूगर्भ जल स्तर की गिरावट को रोकने को किए उपायों की दी जानकारी**
- **प्रदेश में लागू की गई है अटल भूजल योजना**

**लखनऊ,** 8 अगस्त (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश में लोगों तक शुद्ध पीने योग्य पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ-साथ योगी सरकार भूगर्भ जल के संरक्षण को लेकर भी सजगता से कार्य कर रही है। सरकार ने भूगर्भ जल स्तर की गिरावट को रोकने के लिए अनेक उपाय किए हैं, जिनमें जल संचयन और भूगर्भ जल रिचार्ज के साथ-साथ भूजल संसाधनों की सुरक्षा, संरक्षण, प्रबन्धन एवं नियमन पर गंभीरता से कार्य किया गया है। मंगलवार को सरकार की ओर से भूगर्भ जल स्तर में गिरावट को रोकने के लिए किए जा रहे प्रयासों के विषय में जानकारी प्रदान की गई। विधानसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि प्रदेश में गिरते हुए जल स्तर की समस्या के निदान के लिए भारत सरकार द्वारा प्रदेश के 10 जनपदों (चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर, झांसी, मुजफ्फरनगर, शामली, ललितपुर, महोबा, बागपत एवं मेरठ) में अटल भूजल योजना लागू की गई है। इसके अन्तर्गत विभिन्न सम्बन्धित कार्यदायी विभागों द्वारा कन्वर्जेन्स के माध्यम से अपनी-अपनी योजनाओं के अधीन वर्षा जल संचयन एवं भूगर्भ जल रिचार्ज के विभिन्न कार्य कराये जाते है, जनमें चेकडैम का निर्माण, तालाबों का जीर्णोद्धार, आन-फार्म हार्वेस्टिंग, मेढबन्धी, रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग आदि संरचनाओं के कार्य सम्मिलित है। अटल भूजल योजना के तहत प्रदेश के अवशेष 65 जनपदों को आच्छादित करते हुए उत्तर प्रदेश अटल भूजल योजना लागू की गयी है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के समस्त जनपदों में लघु सिंचाई विभाग द्वारा चेकडैम का निर्माण एवं तालाबों का जीर्णोद्धार कराया जाता है। जल शक्ति मंत्री ने बताया कि प्रदेश में भूजल संसाधनों की सुरक्षा, संरक्षण, प्रबन्धन एवं नियमन किए जाने के लिए 'उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल (प्रबन्धन और विनियमन) अधिनियम-2019' प्रख्यापित है।

## चलाई जा रही 'कैच द रेन' मुहिम

जल शक्ति मंत्री ने बताया कि भारत सरकार के जल शक्ति अभियान के अन्तर्गत 'कैच द रेन' की मुहिम चलाई गयी है, जिसके अन्तर्गत विभिन्न सम्बन्धित विभागों द्वारा अपनी-अपनी योजनाओं के अधीन वर्षा जल संचयन एवं भूगर्भ जल रिचार्ज के विभिन्न कार्य कराये जाते है, जिनमें चेकडैम का निर्माण, तालाबों का जीर्णोद्धार, आन-फार्म हार्वेस्टिंग, यथा-मेढबन्धी, रूफटाप रेनवाटर हार्वेस्टिंग आदि संरचनाओं के कार्य सम्मिलित है।

## सार संक्षेप

### शादी का झांसा देकर किशोरी से दुष्कर्म

**मेरठ।** सोशल मीडिया लड़कियों की जिंदगी खराब कर रहा है। थाना पल्लवपुरम में क्षेत्र में रहने वाली एक युवती से सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती की। युवक ने युवती से शारीरिक संबध बनाए बाद में पता चलने पर युवती दलित है जो उससे दूरी बना ली। अब युवक शादी के बात करने पर युवती को जान से मारने की धमकी दे रहा है। मंगलवार को युवती अपने परिजनों के साथ एसएसपी से मिलने के लिए एसएसपी ने फरियाद सुनकर जांच के आदेश दिए है।

### मामूली बात को लेकर मोबाइल कारोबारी को पीटा

**मेरठ।** परतापुर थाना क्षेत्र इंदिरापुरम में पड़ोसी सीमेंट कारोबारी ने मोबाइल की दुकान चलाने वाले युवक की मामूली बात को लेकर पिटाई कर दी। आरोपी द्वारा पिटाई से मोबाइल कारोबारी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल मोबाइल कारोबारी को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। जहां पीड़ित की हालत गंभीर बनी हुई है।

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**मेरठ।** थाना लालकुर्ती क्षेत्र के बड़ा बाजार में शॉट सर्किट के कारण एक कारोबारी के तीन मंजिला मकान में भंयकर आग लग गई। घर के अंदर रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंची दमकल की गाडियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया।

### अवैध निर्माण पर गरजा बुलडोजर

**मेरठ।** अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ मेरठ विकास प्राधिकरण का अभियान जारी है। मंगलवार को हापुड़ रोड पर घोसीपुर में शरीफअहमद द्वारा खसरा सख्या-150, घोसीपुर हापुड़ रोड मेरठ पर बिना से आउट स्वीकृत कराये लगभग 10000.00 वर्ग गज में अवैध कालोनी विकसित किए जाने हेतु सड़क व अवैध बाउन्ड्रीवाल का विकास कार्य किए गए अवैध रूप से बनाई गई सड़कें डीपीसी बाउन्ड्री साईट आफिस को ध्वस्त कर दिया गया ।

### अवैध निर्माण को छावनी परिषद ने किया सील

**मेरठ।** कैंट क्षेत्र के अंतर्गत बांग्ला नंबर 182 में अवैध रूप से तैयार की जा रही मल्टी स्टोरी बिल्डिंग पर छावनी परिषद द्वारा सीलिंग की कार्रवाई की गई मंगलवार को छावनी परिषद मुख्य अधिशासी अधिकारी ज्योति कुमार के निर्देश पर ए ई पीयूष गौतम एवं जेई अवधेश यादव के नेतृत्व में छावनी परिषद की टीम ने बांग्ला नंबर 182 में जयप्रकाश द्वारा अनऑथराइज्ड कंस्ट्रक्शन से तैयार की जा रही अवैध बिल्डिंग पर कार्रवाई करते हुए आज उसको सील कर दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान छावनी परिषद टीम को निर्माण कर्ताओं द्वारा हल्के विरोध का सामना भी करना पड़ा। वही ज्योति कुमार ने बताया जयप्रकाश अग्रवाल द्वारा अवैध निर्माण को रोकने के लिए पूर्व में निर्माणकर्ता को नोटिस जारी किए गए बता दें इस अवैध निर्माण के निरीक्षण पर जून माह में मध्य कमान से निदेशक एन वी सत्यनारायण भी आए थे लेकिन निर्माण कार्य निरंतर जारी रहा।

# भूमाफिया पर वक्फ की संपत्ति कब्जाने का आरोप

- **जिलाधिकारी को सौंपा शिकायती पत्र, कार्रवाई की मांग**
- **संबंधित अधिकारियों को जांच के निर्देश**

**मेरठ/किठौर,** 8 अगस्त (देशबन्धु)। मवाना तहसील की नगर पंचायत किठौर में वक्फ की संपत्ति पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जा करने मामला सामने आया है। जिसमें भूमाफिया कब्रिस्तान की जमीन को निजी संपत्ति में शामिल कर प्लाटिंग की जा रही है। क्षेत्र के लोगों ने एक शिकायती पत्र जिलाधिकारी को सौंपा है। जिलाधिकारी ने इस मामले में अपने अधिनस्त अधिकारियों को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। कुरैशी समाज के लोगों द्वारा जिलाधिकारी को सौंपे शिकायती पत्र में कहा गया है कि नगर पंचायत कस्बा किठौर तहसील मवाना जिला मेरठ में स्थित नगर पंचायत किठौर के सरकारी रिकोर्ड में दर्ज खसरा नंबर 613 खतौनी खाते की 1804 क्षेत्रफल 0.038 हैक्टेयर वक्फ की संपत्ति है। जिसमें कब्रिस्तान हैं और आबादी से मिले हुए हैं। इस कब्रिस्तान पर भू माफिया पूर्व विधायक परवेज हलीम की नजर है। जिसने धीरे- धीरे वक्फ कब्रिस्तान की सरकारी संपत्ति अपनी निजी संपत्ति में मिलाकर प्लॉटिंग कर बेचा जा रहा है। जब इस कब्रिस्तान में क्षेत्र के लोग अपने मृत लोगों को दफनाने ले जाते हैं तो उक्त भू माफिया द्वारा धमकाया जाता है। क्षेत्र के लोगों ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी पर भी कार्रवाई नहीं करने के आरोप लगाए। इस मामले में अययूब कुरैशी, चांद कुरैशी, शाईम आदि ने शिकायत की।

# ठेकेदारों ने ईओ को घेरा, पुलिस सुरक्षा में हुई नीलामी

**मवाना,** 8 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिका मवाना में मंगलवार को शहीद प्रदर्शनी और साप्ताहिक पैठ के ठेकों की नीलामी का दिन घोषित था। आसपास जिलों से आये ठेकेदारों की रसीद नहीं काटे जाने पर हंगामा करते हुए अधिशासी अधिकारी का घेराव किया। दिन भर हंगामे के बाद शाम चार बजे पालिका गेट पर पुलिस तैनात रही और अपने चेहते को ठेके छोड़ दिये गये। शहीद प्रदर्शनी का ठेका 30 लाख रुपए और 30 सप्ताह की पैठ का ठेका 12.60 लाख रुपए में छोड़ा गया। नगर पालिका मवाना को मंगलवार को कार्यालय में शहीद प्रदर्शनी और साप्ताहिक पैठ के ठेकों की नीलामी थी। सुबह दस बजे आसपास जिले सहारनपुर, मेरठ, मुजफ्फरनगर, बड़ौत, मीरापुर व हरिद्वार से ठेकेदार पालिका कार्यालय पहुंच गये। सभी ठेकेदारों ने शहीद प्रदर्शनी के ठेके की पांच लाख और पैठ ठेके की दो लाख रुपए जमा कराने का प्रयास किया। पैसे जमा नहीं



- **चेहते को प्रदर्शनी व पैठ के ठेके देने का आरोप**
- **पालिका के गेट पर तैनात रही पुलिस**

करने पर ठेकेदारों ने अधिशासी अधिकारी राजीव जैन का घेराव किया। घंटों घेराव के बाद भी ठेकेदारों की अग्रिम धनराशि जमा नहीं हो सकी। इस पर ठेकेदारों ने कार्यालय में हंगामा किया। बाद में ठेकेदारों ने एसडीएम मवाना अखिलेश यादव को शिकायती पत्र दिया। पत्र में आरोप लगाया गया कि ठेकों की नीलामी में उनका धन जमा नहीं कराया जा रहा है। खुलेआम बोली बोलने पर पालिका को दस लाख रुपए से अधिक फायदा होता। पालिका कार्यालय के गेट पर शाम चार बजे पुलिस तैनात कर दी गई और बाहर से आये ठेकेदारों को अंदर जाने से रोक दिया गया। ठेकेदारों ने आरोप लगाया कि चेहते ठेकेदारों को अंदर बिठाकर नीलामी की गई। नगर पालिका परिषद् मवाना द्वारा नगर में लगने वाली शहीद चन्द्रभान प्रर्दशनी व साप्ताहिक पैठ के ठेको की नीलामी पालिका कार्यालय के हाल में आयोजित की गयी, जिसमें पालिका अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक, अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार, सभासद व बोलीदाताओं के समक्ष नीलामी की गई।

### ठेकेदार ने की वीडियो वायरल

ठेकेदार संदीप कुमार ने मंगलवार को पूरे दिन हुए घटनाक्रम व हंगामे की वीडियो जारी कर दी है। वीडियो में ईओ का घेराव, हंगामा व अन्य ठेकेदारों के द्वारा की गई शिकायतें की गई। उसमें आरोप लगाया कि पालिका प्रशासन ने अपने चेहतों को ठेका छोड़ा गया है। आरोप लगाया कि पालिका प्रशासन की सरकारी बोली 42 लाख रुपए नियत की गई थी तो सरकारी बोली से कम 30 लाख रुपए में बोली कैसे छोड़ दी गई।

# मेला प्रदर्शनी का किया गया आयोजन



- **महिलाओं को नि:शुल्क मेंस्ट्रुएशन कप वितरित**
- **सशक्त व आत्मनिर्भर बनाना रहा उद्देश्य**

**मेरठ,**8 अगस्त (देशबन्धु)। महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत एमआईईटी इनक्यूबेशन फोरम, मेरठ उद्यमी फाउंडेशन, माइल्ड केयर्स और एनआइसीएसआई, एनसीयूआई नई दिल्ली के संयुक्त प्रयासों से रजपुरा ब्लाक में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा मेला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान मेले में खरखोदा ब्लॉक एवं रजपुरा ब्लॉक की 200 से अधिक स्वयं सहायता समूह की ग्रामीण महिलाओं द्वारा हस्तकला उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। स्वयं सहायता समूह से सल्तनत समूह से हस्तशिल्प वस्तुएं, विकास समूह से कृत्रिम आभूषण, उन्नति समूह से हस्तशिल्प वस्तुएं प्रदर्शित की गई। उद्घाटन सीडीओ शशांक चौधरी के निर्देशन में ब्लाक प्रमुख पूनम चौहान, खंड विकास अधिकारी अजय कुमार एमआईईटी के वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

इस दौरान भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ के कार्यकारी निदेशक आशीष द्विवेदी और सलाहकार सुमित सिंह ने बताया संघ द्वारा एनसीयूआई हॉट की स्थापना की है। जिसमें स्वयं सहायता समूह की महिलाएं अपने उत्पादों को हॉट में लाकर बिक्री कर सकती है। महिलाओं के उत्पादों को बेचने के लिए ऑनलाइन पोर्टल बनाया गया है। जिसमें अच्छे दामों में उत्पाद बेचे जा रहे हैं।

# यातायात नियमों का पालन करने की ली शपथ



**मवाना,** 8 अगस्त (देशबन्धु)। ए एस इंटर कॉलेज मवाना में मंगलवार को यातायात सड़क सुरक्षा कार्यशाला एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.मेघराज सिंह ने यातायात संरक्षक तथा मिशिका सोसायटी के उप सचिव सुनील कुमार शर्मा, यातायात पुलिस के टीएसआई धर्मवीर सिंह, हेड कांस्टेबल नमित मलिक का अंग वस्त्र तथा माला के द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन नृपेंद्र कुमार भटनागर ने किया। कार्यशाला में सुनील कुमार, संदीप कुमार, संजय कुमार निमेष, श्रवण कुमार, डॉ.राजीव राणा, सचिन मोगा, बृजेश कुमार, शिवानंद शर्मा, विशेष रस्तोगी, छाया गर्ग, विभा जैन, शिवानी चौधरी, नविता सैनी, हीरामणि सरोज, रामभूल नाथ, कपिल कुमार सिरोही, प्रीतम सिंह, अमरेश कुमार, मीनाक्षी, वैशाली, अनुरागिनी देवी आदि का विशेष सहयोग रहा।

# डॉ.शल्या राज स्त्री शक्ति सम्मान 2023 से सम्मानित

**मेरठ,** 8 अगस्त (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज को रिथिंक इंडिया संस्था द्वारा सुषमा स्वराज स्त्री शक्ति सम्मान 2023 के सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान रिथिंक इंडिया द्वारा आयोजित ऑनलाइन कार्यक्रम में डॉ.शल्या राज को प्रदान किया गया।



डॉ.शल्या राज द्वारा महिलाओं को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य प्रमुखता से किया जा रहा है। विशेष रूप से महिलाओं को अधिकार दिलाने, उन्हें शिक्षा से जोड़ना एवं महिलाओं के स्वास्थ्य हेतु कार्य किए जा रहे है। डॉ. शल्या राज के द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यो ने उन्हें देश की सबसे सशक्त महिला की सूची में शुमार कर दिया है। इन्हीं सभी उपलब्धियों को देखते हुए डॉ.शल्या राज को सुषमा स्वराज स्त्री शक्ति सम्मान 2023 के सम्मान से सम्मानित किया गया है। सम्मान प्राप्त करने पर डॉ. शल्या राज ने सभी अतिथि एवं रिथिंक इंडिया संस्था को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिये उन्हें जागरूक करने के साथ प्रोत्साहित करने की अति आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि सुभारती विश्वविद्यालय में शिक्षा, सेवा, संस्कार एवं राष्ट्रीयता के मंत्र के साथ विद्यार्थियों में कौशल विकास के गुण स्थापित किये जा रहे है और इसमें विशेष रूप से छात्राओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सुभारती विश्वविद्यालय लैंगिक समानता को बल देने के साथ छात्राओं को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से देशहित में योगदान देने के प्रति प्रोत्साहित कर रहा है।

**खेल** *भोपाल में आयोजित हुई राष्ट्रीय बेसबॉल चौम्पियनशिप*

# उत्तराखण्ड को हराकर राष्ट्रीय चौम्पियन बना उत्तर प्रदेश

मेरठ,8 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वेंक्टेश्वरा संस्थान एवं पूरे उत्तर प्रदेश के लिए आज का दिन बेहद खास रहा। राष्ट्रीय बेसबॉल फेडरेशन यूपी के अध्यक्ष एवं वेंक्टेश्वरा समूह के चेयरमैन डॉ.सुधीर गिरि की यूपी टीम ने भोपाल में आयोजित 'राष्ट्रीय बेसबॉल चौम्पियनशिप-2023' में चण्डीगढ़, पंजाब, छत्तीसगढ़ एवं फाईनल में उत्तराखण्ड जैसी मजबूत टीम को हराकर 'राष्ट्रीय चौम्पियनशिप' जीत ली है।

इस उपब्धि पर खेलमंत्री डॉ. अनुराग ठाकुर, बीएसएफआई अध्यश डॉ.जोगिन्दर सिंह, राष्ट्रीय सचिव डॉ.अनुपम चौकसे समेत सैकड़ों खेल हस्तियां एवं खिलाड़ियों ने यूपी टीम को राष्ट्रीय चौम्पियन बनने पर यूपी बेसबॉल फेडरेशन के चेयरमैन डॉ.सुधीर गिरि को बधाइयां प्रेषित की। यूपी की जीत से गदगद सुधीर गिरि ने 2 सितम्बर मैक्सिकों में आयोजित होने वाली 'इन्टरनेशनल साउथ वेस्ट्रन लीग' में प्रतिभाग करने वाली टीम को जीत की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए इंटरनेशनल मेडल लाने पर नकद पुरस्कार एवं



स्कॉलरशिप देने का आश्वासन दिया। भोपाल के एलएनसीटी मैदान पर एक अगस्त से सात अगस्त तक आयोजित हुई 'राष्ट्रीय बेसबॉल चौम्पियनशिप-2023' के बारे में बताते हुए यूपी बेसबॉल चौम्पियनशिप के अध्यक्ष एवं वेंक्टेश्वरा समूह के चेयरमैन डॉ.सुधीर गिरि के आधिकारिक प्रतिनिधि एवं प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी ने बताया कि लीग मैच, क्वॉर्टर फाईनल, सेमीफाईनल में क्रमश हरियाणा, छत्तीसगढ़, पंजाब जैसी दिग्गज टीमों को हराकर फाईनल में उत्तराखण्ड की बहुत ही

- **स्वर्ण पदक व एक लाख की राशि से किया गया सम्मानित**
- **खेल मंत्री समेत सैंकड़ों हस्तियों ने दी बधाई**

मजबूत एवं गतवर्ष की चौम्पियन उत्तराखण्ड को 3-1 से हराकर यूपी टीम पहली बार राष्ट्रीय चौम्पियन बनी। यूपी टीम के राष्ट्रीय बेसबॉल चौम्पियन बनने पर यूपी बेसबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ.सुधीर गिरि को बधाईयां देने वालो का तांता लग गया। उन्हे बधाई देने वालों में फेडरेशन अध्यक्ष जोगिन्दर सिंह, पूर्व डीजीपी ओपी सिंह, अनुपम चौकसे, प्रधान सलाहकार वीपीएस अरोडा, सीईओ अजय श्रीवास्तव, प्रभारी कुलपति राकेश यादव, कुलसचिव पीयूष पाण्डेय, मुख्य सुरक्षा निदेशक रामयश सिंह, लक्ष्मण सिंह रावत, मेरठ परिसर निदेशक प्रताप सिंह, ब्रजपाल सिंह, अलका सिंह, दीपक कुमार, राजेश सिंह, मारूफ चौधरी, सीएफओ विकास भाटिया, बालाजी, अरूण गोस्वामी, एसएस बघेल, सीओ गुरूदयाल सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहें।

## सड़क दुर्घटना में दुर्लभ जंगली बिल्ली की मौत

**मवाना,** 8 अगस्त (देशबन्धु)। हस्तिनापुर वन आरक्षित क्षेत्र से होकर गुजरने वाले हस्तिनापुर चेतावाला मार्ग पर बुढी गंगा पुल के समीप पास तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से रोड क्रॉस कर रही दुर्लभ जंगली बिल्ली की देर रात मौत हो गई। सुबह रहागीरों ने तेंदुए का शावक की सुचना वन विभाग को दी। जिससे वन विभाग में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में वन कर्मी मौके पर जा पहुंचे और वन्यजीव के शव अपने साथ ले गए। बता दे कि 2073 वर्ग किलोमीटर में फैले हस्तिनापुर वन आरक्षित घने जंगलों में जहां बड़े-बड़े वन्यपशु, तेंदुआ, नीलगाय, बारहसिंघा सहित आदि दुर्लभ वन्य जीव वास करते हैं। जंगल के बीच से निकली रोडों पर अक्सर वाहनों की चपेट में आने से दुर्लभ वन्यजीवों की मौत हो जाती है। सोमवार देर रात को जंगल में वास करने वाली दुर्लभ जंगली बिल्ली की तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। वन्यजीव प्रेमी की सूचना पर पहचें रेंज रवि राणा और वन कर्मियों ने उसे अपने कब्जे में ले लिया।




देशबन्धु | नई दिल्ली, बुधवार, 9 अगस्त, 2023, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

## सिल्वर स्क्रीन पर फिर लौटेगा डॉन

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार फरहान अख्तर ने अपनी आने वाली फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया है, जिसके बारे में चर्चा है कि वह फिल्म डॉन 3 का है। वर्ष 1978 में प्रदर्शित फिल्म डॉन में अमिताभ बच्चन ने डॉन का किरदार निभाया था। फरहान अख्तर ने शाहरूख खान को लेकर डॉन का सीक्वल बनायी। डॉन की सफलता के बाद डॉन का सीक्वल बनाया गया। फरहान अख्तर ने सोशल मीडिया पर एक टीज़र रिलीज किया है, जिसमें '3' नंबर का लोगो शेयर किया गया है लेकिन साफ साफ कुछ नहीं कहा गया है। टीज़र के साथ लिखा गया है, एक नया दौर शुरू हो गया है। कहा जा रहा है कि फिल्म डॉन 3 में रणवीर सिंह को डॉन का किरदार निभाने के लिए चुन लिया गया है।

### गर्मी को लेकर यूनिसेफ का खुलासा

# दक्षिण एशिया में गर्मी से लाखों बच्चों को खतरा

**इस्लामाबाद,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। यूनिसेफ ने एक विश्लेषण में पाया है कि दक्षिण एशिया में अन्य सभी क्षेत्रों की तुलना में अत्यधिक उच्च तापमान के संपर्क में आने वाले बच्चों की संख्या सबसे ज्यादा है।

यूनिसेफ द्वारा सोमवार को जारी एक विश्लेषण के अनुसार, दक्षिण एशिया में 18 वर्ष से कम उम्र के 76 प्रतिशत बच्चे यानी 46 करोड़ बच्चे अत्यधिक उच्च

- 18 वर्ष से कम उम्र के 76 प्रतिशत बच्चे उच्च तापमान के संपर्क में
- 2022 में, दुनिया के सबसे गर्म शहर जैकोबाबाद सहित पाकिस्तान के दक्षिणी सिंध प्रांत

तापमान के संपर्क में हैं, जहां का तापमान एक वर्ष में 83 या उससे ज्यादा दिनों तक 35 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहता है। इसका मतलब है कि दक्षिण एशिया में चार में से तीन बच्चे पहले से ही अत्यधिक उच्च तापमान के संपर्क में हैं, जबकि वैश्विक आंकड़ा केवल तीन में से एक बच्चा (32 प्रतिशत) है। यह नवीनतम विश्लेषण 2020 के आंकड़ों पर आधारित है।

इसके अलावा, आंकड़े बताते हैं कि दक्षिण एशिया में 28 प्रतिशत बच्चे प्रति वर्ष हीटवेव के संपर्क में आते हैं, जबकि वैश्विक स्तर पर यह आंकड़ा 24 प्रतिशत है। 2022 में, दुनिया के सबसे गर्म शहर जैकोबाबाद सहित पाकिस्तान के दक्षिणी सिंध प्रांत के



कुछ हिस्सों में, जून में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक रहा, जिससे 10.8 लाख लोगों को गंभीर अल्पकालिक और दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ा। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आठ लाख से ज्यादा बच्चों को जून 2023 में गंभीर गर्मी के कारण तनाव का खतरा था। जुलाई 2023 को वैश्विक स्तर पर सबसे गर्म महीना दर्ज किया गया, जिससे बच्चों के भविष्य के बारे में और चिंताएं बढ़ गईं क्योंकि दक्षिण एशिया में रहने वाले बच्चों को बड़े पैमाने पर जलवायु परिवर्तन के कारण लगातार और गंभीर हीटवेव का सामना करने की उम्मीद है।

यूनिसेफ के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय निदेशक संजय विजेसेकरा ने कहा कि पूरी दुनिया में उबाल है और डेटा स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि दक्षिण एशिया में लाखों बच्चों के जीवन एवं कल्याण पर हीटवेव और उच्च तापमान का खतरा बढ़ रहा है। इस क्षेत्र के देश अभी तक दुनिया के सबसे गर्म देशों में शामिल नहीं हैं, लेकिन यहां की गर्मी लाखों कमजोर बच्चों के लिए जानलेवा जोखिम लाती है।

उन्होंने कहा कि हम विशेष रूप से नवजातों, बच्चों, कुपोषित बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए चिंतित हैं क्योंकि वे हीट स्ट्रोक और अन्य गंभीर प्रभावों के लिए सबसे ज्यादा संवेदनशील होते हैं।

यूनिसेफ के 2021 चिल्ड्रन क्लाइमेट रिस्क इंडेक्स (सीसीआरआई) के अनुसार, अफगानिस्तान, बंगलादेश, भारत, मालदीव और पाकिस्तान के बच्चे जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के बहुत उच्च जोखिम में शामिल हैं। बारिश के मौसम में भी गर्मी से बच्चों की स्थिति और खराब हो सकती है। चूंकि बच्चे तापमान में बदलाव के लिए तुरंत अनुकूल नहीं हो पाते हैं इसलिए वे अपने शरीर से अतिरिक्त गर्मी को हटाने में सक्षम नहीं होते हैं। इससे छोटे बच्चों में उच्च शारीरिक तापमान, दिल की धड़कन में तेजी, ऐंठन, गंभीर सिरदर्द, भ्रम की स्थिति, अंग विफलता, निर्जलीकरण, बेहोशी और कोमा जैसे लक्षण और बीमारियां हो सकती है; शिशुओं का खराब मानसिक विकास, तंत्रिका तंत्र संबंधी शिथिलता, हृदय संबंधी बिमारियां और विकास संबंधी बाधाएं हो सकती हैं।

## डॉक्यू-सीरीज 'एपी ढिल्लों-फर्स्ट ऑफ ए काइंड' में अपनी कहानी बताएंगे सिंगर



**मुंबई,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाबी म्यूजिक आर्टिस्ट एपी ढिल्लों डॉक्यू-सीरीज 'एपी ढिल्लों फर्स्ट ऑफ ए काइंड' के लिए तैयार हैं, जिसका प्रीव्यू मंगलवार को जारी किया गया। प्रीव्यू एक मिनट से ज्यादा अवधि का है। वीडियो की शुरुआत एपी ढिल्लों के अपनी टीम के साथ एंट्री करने से होती है। वह फैंस के बीच एक कॉन्सर्ट में स्टेज की ओर बढ़ते हैं। वीडियो में, एपी अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनके डेली रूटीन को दिखाया गया है। वीडियो उनके यह कहने के साथ समाप्त होता है, 'मेरा नाम अमृत है'।

यह सीरीज एपी ढिल्लों की सेल्फ-मेड सुपरस्टार और ग्लोबल म्यूजिक आइकन बनने की दिलचस्प यात्रा को उजागर करेगी।

## फिक्की 'पब्लिकॉन 2023' में लर्निंग, रिसर्च व इनोवेशन में प्रकाशकों की भूमिका को किया गया सेलिब्रेट



**नई दिल्ली,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) ने लर्निंग, रिसर्च और इनोवेशन में प्रकाशकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर ध्यान केंद्रित करते हुए 'पब्लिकॉन 2023' की मेजबानी की। यह कार्यक्रम नई दिल्ली स्थित फेडरेशन हाउस में आयोजित किया गया, जहां प्रकाशन उद्योग, शिक्षा जगत और भारत सरकार से जुड़ी प्रसिद्ध हस्तियां साहित्यक उपलब्धियों और लर्निंग, रिसर्च व इनोवेशन में प्रकाशन उद्योग की भूमिका को सेलिब्रेट करने के लिए एकत्र हुईं। कार्यक्रम के दौरान व्यवसाय, अनुवाद, डिजाइनिंग, फिक्शन, नॉन-फिक्शन और बाल साहित्य सहित विभिन्न शैलियों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली पुस्तकों को फिक्की प्रकाशन अवार्ड से सम्मानित किया गया। साहित्य अकादमी के सचिव डॉ. के. श्रीनिवासराव ने कहा कि, 'हमारे दर्शन और परिकल्पना को कहानी कहने के माध्यम से शिक्षार्थियों तक आसानी से पहुंचाया जा सकता है। डॉ. देबप्रिया दत्ता, प्रमुख/वैज्ञानिक 'जी', साइंस फॉर इक्विटी, एम्पावरमेंट एंड डेवलपमेंट (सीड) प्रभाग विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार ने रिसर्च को मापने के विभिन्न संकेतकों पर भारत के प्रदर्शन को साझा किया। भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय के वैज्ञानिक 'डी' डॉ. रेम्या हरिदासन ने कहा कि 'नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एनआरएफ) बिल प्रकाशकों के लिए भारत के रिसर्च (अनुसंधान) आउटपुट को बढ़ावा देने में योगदान करने के नए रास्ते खोलता है।'

# प्रोफाइल पर पोस्ट को चुनने की सुविधा पर काम कर रहा एक्स

**सैन फ्रांसिस्को,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। एलन मस्क के स्वामित्व वाली एक्स एक नई सुविधा पर काम कर रही है जो यूजर्स को किसी की प्रोफ़ाइल पर पोस्ट को चुनने की अनुमति देगी। एक्स के डिजाइनर एंड्रिया कॉनवे द्वारा पोस्ट किए गए एक स्क्रीनशॉट से पता चलता है कि यह सुविधा यूजर्स को 'सबसे हालिया', 'सबसे ज्यादा पसंद किए गए', या 'सबसे ज्यादा व्यस्त' के आधार पर पोस्ट को चुनने की अनुमति देगी। मस्क ने टिप्पणी की, 'यह अच्छा होगा।' कॉनवे ने यह नहीं बताया कि यह सुविधा सार्वजनिक रूप से कब शुरू



होगी और क्या यह प्रीमियम ग्राहकों तक सीमित होगी। कॉनवे की पोस्ट पर कई यूजर्स ने विचार व्यक्त किए। जब एक यूजर्स ने पूछा, 'अभी भी टिप्पणी सॉर्टिंग जोड़ रहे हैं?', कॉनवे ने उत्तर दिया 'हां!' पिछले हफ्ते, मस्क द्वारा संचालित कंपनी ने घोषणा की थी कि भुगतान किए गए ग्राहक खातों पर अपने चेकमार्क छिपाना चुन सकते हैं।

जबकि चेकमार्क यूजर्स की प्रोफ़ाइल और पोस्ट पर छिपा रहेगा, चेकमार्क अभी भी कुछ स्थानों पर दिखाई दे सकता है और कुछ विशेषताएं अभी भी बता सकती हैं कि उनके पास एक सक्रिय सदस्यता है।

चेकमार्क छिपा होने पर कुछ सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो सकती हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने कहा कि हम आपके लिए इसे बेहतर बनाने के लिए इस सुविधा को विकसित करना जारी रखेंगे।

## विशाल कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ समारोह



**नई दिल्ली।** वर्तमान के बदलते परिवेश में नाना प्रकार के कष्टों से पीड़ित मानव प्राणी में भगवत ज्ञान की ज्योति प्रज्वलित करने हेतू कृष्णा नगर के चन्दू पार्क स्थित 'सिद्ध पीठ श्री सीताराम संत सेवा मन्दिर एवम गौशाला' में पुरुषोत्तम मास में 'अंतर्राष्ट्रीय महात्यागी खालसा के श्री महंत एवम् महामण्डलेश्वर श्री रामगोविंद दास महात्यागी जी महाराज' के पावन सानिध्य मे आज ( 8 अगस्त ) से 8 दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ समारोह का शुभारंभ हुआ । समारोह में ज्ञान गंगा की अमृत वर्षा 'श्रीमद भागवत कथा मर्मज्ञ कथा व्यास पंडित श्री अशोक कृष्ण ठाकुर जी' के श्री मुख से शुरू हुई। श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ समारोह का भव्य शुभारम्भ महामण्डलेश्वर श्री रामगोविंद दास महात्यागी जी महाराज , महामंडलेश्वर श्री सुदर्शन दास जी महाराज ,( जगन्नाथ पुरी ) व भागवत कथा मर्मज्ञ 'पंडित श्रीअशोक कृष्ण ठाकुर जी' के नेतृत्व में सौभाग्यवती महिलाओं की निकाली गई विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ ।

## विजया राघवेंद्र की पत्नी स्पंदना की मौत से कीटो डाइट व अत्यधिक एक्सरसाइज पर छिड़ी बहस



**बेंगलुरु,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। कन्नड़ एक्टर विजया राघवेंद्र की पत्नी स्पंदना का बैंकॉक में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। इसके तुरंत बाद कीटो डाइट और अत्यधिक एक्सरसाइज के प्रतिकूल प्रभावों पर बहस छिड़ गई है। सूत्रों ने दावा किया कि वजन कम करने की अत्यधिक कोशिश को दिल का दौरा पड़ने का कारण माना जाता है, क्योंकि वह कीटो डाइट का पालन कर रही थी और अत्यधिक एक्सरसाइज कर रही थी।

16 किलो वजन कम करने पर स्पंदना को काफी सराहना मिली थी। उन्होंने एक कन्नड़ फिल्म में एक्टिंग और कई रियलिटी शो में भाग लिया। उन्होंने एक फिल्म 'किस्मत' का भी निर्माण किया है, जिसमें विजया राघवेंद्र ने मुख्य भूमिका निभाई है।

इससे पहले जब कन्नड़ सुपरस्टार पुनीत राजकुमार का कार्डियक अरेस्ट के कारण निधन हो गया था, तो सवाल उठाए गए थे कि क्या अत्यधिक एक्सरसाइज इसका कारण था।

स्पंदना के चाचा, कांग्रेस एमएलसी और वरिष्ठ नेता बी.के. हरिप्रसाद ने मंगलवार को कहा कि पार्थिव शरीर आज रात 11 बजे थाईलैंड से बेंगलुरु पहुंचेगा और 12.30 बजे तक पार्थिव शरीर घर पहुंचेगा। स्पंदना के पिता बी.के. शिवराम के आवास पर पार्थिव शरीर को अंतिम श्रद्धांजलि के लिए रखा जाएगा। हरिप्रसाद ने कहा कि अंतिम संस्कार बुधवार दोपहर तक श्रीरामपुरा के हरिश्चंद्र घाट पर किया जाएगा।

विजया राघवेंद्र और स्पंदना का एक बेटा है। वे कन्नड़ फिल्म उद्योग में मॉडल कपल के रूप में पहचाने जाते थे। सोमवार को स्पंदना ने बैंकॉक के अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से दम तोड़ दिया।

स्पंदना, जो परिवार के सदस्यों के साथ बैंकॉक दौरे पर थीं, खरीदारी के बाद चचेरे भाइयों के साथ अपने कमरे में वापस आईं और बेहोश हो गईं। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।

## अभिनेता सोनू सूद के फैंस ने तैयार की 1.17 लाख वर्ग फुट में फैली 'पॉप कलाकृति'




**मुंबई,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। अभिनेता सोनू सूद के फैंस ने उन्हें एक यादगार तोहफा दिया है। कई प्रतिभाशाली कलाकारों ने मिलकर एक विशाल पॉप कलाकृति से अभिनेता को सम्मानित किया। 1.17 लाख वर्ग फुट में फैली यह पॉप कलाकृति पंजाब के मोगा जिले के अजीतवाल गांव में बनाई गई है। यह कलाकृति सोनू की रचनात्मक प्रतिभा और उनके मानवीय प्रयासों की पहचान है। सोनू ने मानवता का परिचय देते हुए कोविड-19 महामारी के समय आगे बढ़कर लोगों की मदद की। उन्होंने ऑक्सीजन सिलेंडर, अस्पताल में प्रवेश के संकट के साथ-साथ वैक्सीन शॉट्स को लेकर भी लोगों की काफी मदद की। यह कलाकृति टीम इंडियन क्रिएटिव यूनिटी ने बनाई है, जो कुशल कलाकारों और कारीगरों की एक सामूहिक इकाई है। अपनी कलात्मक प्रतिभा के माध्यम से कलाकारों का उद्देश्य न केवल अभिनेता की सिनेमाई यात्रा बल्कि संकट के समय में उनके कई मानवीय प्रयासों को भी शामिल करना था। सोनू सूद 'एमटीवी रोडीज कर्म या कांड' के होस्ट के रूप में अपनी प्रतिभा से दर्शकों को आकर्षित कर रहे हैं।

# एक अभूतपूर्व घटनाक्रम, लिंग पहचान के आधार पर शिविर में रक्तदान करने से रोका

### रक्तदान करने की अनुमति देना चिकित्सकीय रूप से जोखिम भरा क्यों

**कोलकाता,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। एक अभूतपूर्व घटनाक्रम में, एक ट्रांसजेंडर महिला को राज्य सरकार के एक स्वास्थ्य कार्यकर्ता ने लिंग पहचान के आधार पर शिविर में रक्तदान करने से रोक दिया। शिविर का आयोजन करने वाले संगठन के सचिव और एक प्रतिष्ठित क्वीर-अधिकार कार्यकर्ता द्वारा इस पर आपत्ति जताने पर, संबंधित स्वास्थ्य कार्यकर्ता ने ट्रांस-महिला को रक्तदान की अनुमति देने पर सहमति व्यक्त की।

लेकिन उनकी मंजूरी ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के यौन रुझान की अजीब व्याख्याओं के साथ आई और यह भी बताया गया कि उन्हें रक्तदान करने की अनुमति देना चिकित्सकीय रूप से जोखिम भरा क्यों है। शहर के प्रसिद्ध ट्रांसजेंडर अधिकार कार्यकर्ता और लोकप्रिय भाषण विशेषज्ञ अनुराग मैत्रेयी, जिन्होंने संबंधित ट्रांस-महिला को रक्तदान करने से रोके जाने के बाद विरोध की आवाज उठाई, ने कहा कि यह कार्यक्रम शहर में एक रक्तदान शिविर में हुआ था। 6 अगस्त को एक



कथित एनजीओ मानुषेर पाशे ठाकर अंगिकर (खड़े रहने का वादा) द्वारा आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि मैं इस अवसर पर अतिथि वक्ता था। जब रक्तदान की प्रक्रिया चल रही थी, तो अचानक हमारे ध्यान में लाया गया कि संबंधित राज्य सरकार के स्वास्थ्य कार्यकर्ता ने लिंग पहचान के आधार पर एक ट्रांस-महिला को रक्तदान करने से रोक दिया। संबंधित स्वास्थ्य कार्यकर्ता की दलील में कहा गया कि चिकित्सा दिशानिर्देश ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को, जो अक्सर हार्मोनल उपचार पर होते हैं, रक्त दान की अनुमति नहीं देते हैं।

मैंने और एनजीओ सचिव बिस्वजीत साहा ने तुरंत हस्तक्षेप किया और उस विशिष्ट दिशानिर्देश की एक प्रति की मांग की, जो ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को रक्तदान करने से रोकती है। लेकिन वह इसे प्रस्तुत नहीं कर सका। मैत्रेयी ने कहा कि काफी तर्क-वितर्क के बाद स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को अंततः ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को रक्तदान की अनुमति देनी पड़ी। लेकिन उनकी मंजूरी ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के यौन रुझान पर कई अजीब टिप्पणियों के साथ मिली।

# वृन्दावन मार्ग को प्रदूषण मुक्त कराने के लिए बनाया गया कदम्ब पथ

**मथुरा,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। मथुरा वृन्दावन मार्ग को प्रदूषण मुक्त बनाने एवं वृन्दावन जाने वाले तीर्थयात्रियों को द्वापर युग जैसा वातावरण देने के लिए इस मार्ग को कदम्ब के वृक्षों से आच्छादित करने का काम शुरू हो गया है।

मथुरा वृन्दावन के बीच रोज सैकड़ो सरकारी और निजी वाहन चलने से वातावरण प्रदूषित हो जाता है। कदम्ब का वृक्ष पर्यावरण हितैषी माना गया है। इसको ध्यान में रखते हुए मथुरा और वृन्दावन के बीच कदम्ब के 400 पौधों का रोपण समाजसेवियों, संतो द्वारा किया गया है।



जिलाधिकारी पुलकित खरे ने बताया कि इन पौधों को पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से उपलब्ध कराया गया वहीं ट्री-गार्ड उदारमना समाजसेवियों द्वारा उपलब्ध कराया गया। सभी पौधों को पौधारोपण के साथ साथ ट्री-गार्ड से सुरक्षित करना सुनिश्चित किया गया। प्रयास यह किया गया है कि मथुरा वृन्दावन के बीच चलनेवाले करोड़ो तीर्थयात्रियों को द्वापर की अनुभूति कराई जा सके। उन्होंने कहा कि इन पौधों का जीवन सुनिश्चित करने के लिए इनकी जिम्मेदारी नगर निगम, समाजसेवियों एवं पर्यावरणप्रेमियों एवं आसपास

**समाजसेवियों, संतो द्वारा किया गया कदम्ब के 400 पौधों का रोपण**

के ग्रामीणों को दी जाएगी। उधर वृन्दावन के प्रतिष्ठित चतु: सम्प्रदाय के अध्यक्ष संत फूलडोल महराज ने कहा कि यह एक अच्छा प्रयास है क्योंकि द्वापर में कान्हा ने कदम्ब के वृक्ष के नीचे वंशी बजाकर राधारानी और उनकी सखियों को बुलाकर महारास किया था। यह स्थल आज भी कदमखण्डी के नाम से मशहूर है। उन्होंने संस्कृत का श्लोक 'आई जगदम्बा मद-अम्बा कदम्बा, वन प्रियवासिनी, हसा राते' पढ़कर कहा कि कदम्ब के वृक्ष में मां जगदम्बा का वास होता है।

वैद्य श्यामबिहारी का कहना है कि कदम्ब का वृक्ष एक औषधीय वृक्ष है तथा इसकी छाल से बनी दवा से पाचन शक्ति बढ़ जाती है तो एक इत्र विक्रेता ने बताया कि कदम्ब के फूलों का प्रयोग इत्र बनाने में किया जाता है। किशोरी रमण महाविद्यालय के प्राचार्य जाने माने पर्यावरणविद प्रवीन अग्रवाल के अनुसार कदम्ब का वृक्ष पर्यावरण हितैषी है तथा इसका उपयोग पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए किया जाता है। मथुरा वृन्दावन के बीच कदम्ब पथ बनाने से इस मार्ग पर चलनेवाले वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम किया जा सकेगा।

जाने माने चिकित्सक डॉ. शैलेन्द्र मिश्र का कहना था कि इसकी छाल का उपयोग जहां ब्ल शुगर के लेविल को कम करता है वहीं इसका उपयोग घाव को ठीक करने मे भी होता है। कुल मिलाकर इन पौधों के कदम्ब के वृक्ष के रूप में विकसित होने पर कदम्ब पथ मनोहारी हरीतिमा युक्त बनने की उम्मीद की जाती है।

## धर्मेंद्र को इंग्लिश सिखाती थीं जीनत अमान

**मुंबई,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेत्री जीनत अमान फिल्म शालीमार के लिए अपने फेवरेट को-स्टार धर्मेन्द्र को इंग्लिश सिखाती थी।

जीनत ने इंस्टाग्राम पर धर्मेंद्र के साथ थ्रोबैक फोटो शेयर करते हुए एक पुराना किस्सा याद किया है।जीनत अमान ने फिल्म 'शालीमार' में धर्मेंद्र के साथ स्क्रीन शेयर किया था। जीनत अमान ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए फिल्म 'शालीमार' की यादों को ताजा किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, कुछ पर्सनल ओपिनियन, दो पुरानी तस्वीरें और एक किस्सा। मुझे कई अभिनेताओं के साथ को-स्टार बनने का सौभाग्य मिला, जिनमें मेरे फेवरेट धर्म जी थे। वह बेहद हैंडसम थे, लेकिन इससे भी जरूरी बात यह है कि वह जमीन से जुड़े एक जेंटलमैन थे। वह कोई दिखावा नहीं करते थे, जिसकी वजह से मुझे सेट पर सबसे ज्यादा कंफर्टेबल महसूस होता था। जीनत अमान ने लिखा, धर्म जी के साथ मैंने कई फिल्मों में काम किया, जिसमें से एक इंटरनेशनल फिल्म 'शालीमार' भी है। यदि आपको याद हो, तो मैंने पहले बताया था कि इस फिल्म को अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में शूट किया गया था।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

नई दिल्ली, 8 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 4.02 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 3.00 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.28 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.16 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.96 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.12 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.09 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 0.91 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.63 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.46 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दडा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## सब्जियों की बढ़ती कीमतों से 7.5 प्रतिशत तक हो सकती है मुद्रास्फीति

**नई दिल्ली**, 8 अगस्त (एजेंसियां)। टमाटर के अलावा, हरी मिर्च, अदरक और लहसुन की कीमतें पिछले साल के मुकाबले जुलाई में दोगुनी से अधिक हो गई हैं। सीपीआई बास्केट में जी3 सब्जियों का संयुक्त वजन 0.78 प्रतिशत है। एक साल पहले मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने एक रिपोर्ट में कहा था, बैंगन, 0.37 प्रतिशत वजन वाली एक अन्य सब्जी, पिछले महीने सालाना आधार पर 48 प्रतिशत अधिक थी और मटर (वजन = 0.1 प्रतिशत) की कीमतों में जुलाई 23 में दो-तिहाई से अधिक की वृद्धि देखी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है, कीमतों में उछाल पिछले महीने टमाटर तक ही सीमित नहीं था। 4.4 प्रतिशत (टीओपी का दोगुना और सीपीआई में सभी सब्जियों के दो-तिहाई से अधिक के लिए लेखांकन) के कुल वजन के साथ सब्जियों का एक व्यापक नमूना बताता है कि सभी सब्जियों के मूल्य सूचकांक में सालाना 50 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है।

सीपीआई में 0.57 प्रतिशत भार के साथ, टमाटर की कीमतों में तीन गुना वृद्धि जुलाई 23 में भारत की हेडलाइन सीपीआई-मुद्रास्फीति में एक प्रतिशत से अधिक अंक जोड़ देगी। रिपोर्ट में कहा गया है, 'इस प्रकार, मुद्रास्फीति के पूर्वानुमानों को तदनुसार संशोधित किया गया है। हालांकि, बाजार सहभागियों के लिए आश्चर्य की बात यह हो सकती है कि जुलाई 23 में हेडलाइन मुद्रास्फीति 7 प्रतिशत सालाना से अधिक हो जाए।' यह डेटा अगले सोमवार (14 अगस्त) को प्रकाशित होने वाला है। हमारा मानना है कि जुलाई 23 में हेडलाइन मुद्रास्फीति सालाना आधार पर 7.5-8 प्रतिशत हो सकती है, जबकि जून 23 में यह सालाना आधार पर 4.8 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि मुद्रास्फीति संभावित रूप से संशोधित पूर्वानुमानों से कहीं अधिक होने का प्राथमिक कारण अन्य सब्जियों की कीमतों में तेजी से वृद्धि है।



■ सीपीआई बास्केट में जी3 सब्जियों का संयुक्त वजन 0.78 प्रतिशत है

आमतौर पर, टमाटर, प्याज और आलू (जिन्हें टॉप कहा जाता है) तीन प्रमुख सब्जियां हैं, जिनकी दैनिक कीमतों पर बहुत बारीकी से नज़र रखी जाती है। तीनों सब्जियों का संयुक्त वजन 2.2 प्रतिशत है, जो सीपीआई बास्केट में 6 प्रतिशत वजन के साथ सभी सब्जियों के एक तिहाई से अधिक है। सामान्य परिदृश्य के दौरान, टॉप को देखना और सब्जियों में मुद्रास्फीति प्रक्षेपवक्र पर एक दृष्टिकोण बनाना पर्याप्त है। रिपोर्ट में कहा गया है, हालांकि, यह सामान्य समय नहीं है। यह कहा, 'यदि मुख्य मुद्रास्फीति 7.5 प्रतिशत या उससे अधिक पर आती है, तो हमारा मानना है कि वित्तीय बाजारों में कुछ अप्रत्याशित प्रतिक्रिया हो सकती है, जिससे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा एक और दर वृद्धि के बारे में शोर पैदा हो सकता है। हम, फिर भी, ऐसा करते हैं किसी भी मौद्रिक कार्रवाई की उम्मीद न करें।' कुल मिलाकर, सब्जियां जुलाई 23 के लिए हेडलाइन सीपीआई-मुद्रास्फीति को संशोधित पूर्वानुमानों (6.5 प्रतिशत - 7 प्रतिशत) की तुलना में बहुत अधिक (7.5 प्रतिशत या अधिक) बढ़ा सकती हैं। यदि ऐसा है, तो आरबीआई द्वारा दर में एक और बढ़ोतरी (या दर में कटौती में और देरी) के डर से बांड में बिकवाली हो सकती है, इससे उच्च पैदावार होगी, मुद्रा और इक्विटी पर भी कुछ दबाव होगा। हालांकि, हम इन प्रतिक्रियाओं को अस्थायी मानते हैं, क्योंकि हेडलाइन मुद्रास्फीति वित्तीय वर्ष की तिमाही में पांच प्रतिशत से नीचे लौटने की उम्मीद है।

## भारत की फैब्रिक केयर श्रेणी सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी व वैश्विक बाजार से बेहतर प्रदर्शन करेगी

**नई दिल्ली,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। मिंटेल की उपभोक्ता अनुसंधान रिपोर्ट के अनुसार, भारत का फैब्रिक केयर बाजार 2022 में 521 अरब रुपए से बढ़कर 2025 में 639 अरब रुपए होने का अनुमान है, इसमें तरल डिटर्जेंट के इस बाजार पर हावी होने और नए उत्पाद लॉन्च में अग्रणी होने की उम्मीद है। मिंटेल का अनुमान है कि भारतीय लॉन्ड्री देखभाल बाजार 7 प्रतिशत से अधिक की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ेगा, जो 2022 और 2027 के बीच वैश्विक लॉन्ड्री देखभाल बाजार के लिए अनुमानित 4.28 प्रतिशत की वृद्धि दर से बेहतर प्रदर्शन करेगा। टेक्नावियो की एक रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक लॉन्ड्री केयर बाजार का आकार 2027 तक बढ़कर 23.85 बिलियन डॉलर हो जाएगा। भारत में, कपड़े की देखभाल के लिए पाउडर डिटर्जेंट परंपरागत रूप से सबसे पसंदीदा रहे हैं। हालांकि, 2019 के बाद से, लिक्विड फॉर्मेट लॉन्च ने पाउडर फॉर्मेट को पछाड़ना शुरू कर दिया है, और मिंटेल के अनुसार, यह प्रवृत्ति निकट भविष्य में भारत की फैब्रिक केयर श्रेणी पर हावी रहेगी। 'स्वस्थ जीवन शैली को बनाए रखने की बढ़ती आवश्यकता ने बेहतर गुणवत्ता वाले डिटर्जेंट को बढ़ावा दिया है। इससे उपभोक्ता कपड़े धोने की देखभाल वाली सुगंधों की ओर आकर्षित हुए हैं, जो हमारे मूड और प्राथमिकताओं को प्रभावित करती हैं। यह अब केवल कपड़े साफ करने के बारे में नहीं है। यह ताज़ी महक के बारे में भी है। सुगंध और स्वादों के निर्माता और आपूर्तिकर्ता सैचीरोम के प्रबंध निदेशक, मनोज अरोड़ा कहते हैं, 'लॉन्ड्री एक उत्थानकारी अनुभव प्रदान करती है और उपभोक्ताओं को उस ब्रांड के साथ भावनात्मक संबंध बनाने में मदद करती है, जो उन्हें वितरित करता है।'

■ मिंटेल का अनुमान है कि भारतीय लॉन्ड्री देखभाल बाजार 7 प्रतिशत से अधिक की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ेगा

कोविड-19 महामारी की शुरुआत के बाद से, उपभोक्ता अपने द्वारा उपयोग किए जाने वाले उत्पादों, खरीदे जाने वाले सैनिटाइज़र और अपने घरों और कपड़ों की अच्छी खुशबू के बारे में अधिक सतर्क हो गए हैं। मिंटेल ने यह निष्कर्ष पूरे देश में तीन हजार उपभोक्ताओं से बात कर निकाला है। भारत बड़े पैमाने पर हाथ धोने का उपभोक्ता रहा है, जहां पाउडर डिटर्जेंट बाजार में सबसे बड़ी श्रेणी है।

## एयू एसएफबी ने शुरु की वीडियो बैंकिंग सेवा

**नई दिल्ली,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। बैंकिंग सेवाओं के परिदृश्य को बदलते हुए एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) ने वीडियो बैंकिंग सेवा लॉन्च करने की घोषणा की है। बैंक ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह उसके लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धी है क्योंकि इस सेवा को शुरू करने वाला वह पहला बैंक बन गया है। इसके माध्यम से समय या स्थान की परवाह किए बिना (सप्ताह के सातों दिन) ग्राहकों की उंगलियों पर एक आसान बैंकिंग प्रदान करते हुए, वीडियो सहायता प्राप्त शाखा जैसा अनुभव पेश किया गया है। यह सेवा एक आभासी मंच प्रदान करती है जहां ग्राहक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग जैसे वीडियो कॉल के माध्यम से वास्तविक समय में वीडियो बैंकर के साथ बातचीत कर सकते हैं। वीडियो बैंकिंग के क्षेत्र में सुरक्षा सर्वोपरि है जिसे देखते हुए एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने उन्नत एन्क्रिप्शन, एआई-आधारित चेहरे की पहचान, ओटीपी और हस्ताक्षर सत्यापन और वीडियो सत्यापन के साथ मानक बढ़ाया है। प्रत्येक लेन-देन और गोपनीय जानकारी को सावधानीपूर्वक सुरक्षित रखा जाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि ग्राहक अत्यंत भरोसे के साथ मंच से जुड़ सकें।

अब ग्राहक किसी भी समय खाते से जुड़ी जानकारी और सुविधा, जनसांख्यिकीय अपडेट, परेशानी मुक्त वित्तीय लेनदेन, आसान कर्ज और क्रेडिट कार्ड पूछताछ और सभी बैंकिंग संबंधों से संबंधित कुशल समस्या समाधान जैसी सेवाओं की सुविधा का आनंद ले सकते हैं।

## होंडा ने लांच की नयी मोटरसाइकिल एसपी 160, कीमत 117500 रुपए से शुरू

**नई दिल्ली,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। दोपहिया वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने अपनी नयी मोटरसाइकिल एसपी160 लांच करने की आज घोषणा की जिसकी दिल्ली में शुरूआती एक्स शोरूम कीमत 117500 रुपए है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि बोल्ड, स्पोर्टी और स्टाइलिश एसपी160 को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि यह अपने परफोर्मेन्स और पावर के साथ रोज़मर्रा की राइड के लिए उपयोगी है। इसे दो मॉडल में उतारा गया है जिसमें सिंगल डिस्क मॉडल की दिल्ली में एक्स शोरूम कीमत 117500 रुपए और ड्यूल डिस्क की कीमत 121900 रुपए है।

उसने कहा कि राइडरों की पसंद को ध्यान में रखते हुए नई एसपी160 को डिज़ाइन किया गया है, जो स्पोर्टी फीचरों के साथ व्यवहारिकता का संयोजन है। एसपी160 में ओबीडी2 कम्प्लायन्ट होंडा का मिड साइज़ अडवान्स्ड 160 सीसी प्रोग्राम्ड फ्यूल इंजेक्शन (पीजीएम एफआई) इंजन है। इंजन का सोलेनॉयड वॉल्व इंजन स्टार्ट और वार्मअप के दौरान ऑटोमेटिक चोक मैकेनिज़्म की तरह काम करता है। यह इग्निशन और इंजन वार्म अप के समय इंजन को अतिरिक्त एयर देता है। सोलेनॉयड वॉल्व की ओपनिंग और क्लोज़िंग का नियरण इंजन कंट्रोल युनिट के द्वारा किया जाता है, जो इंजन ऑयल के टेम्परेचर और इनटेक एयर के प्रेशर पर निर्भर करता है। उसने कहा कि नई एसपी160 सिंगल चैनल एबीएस (एंटी लॉक ब्रेकिंग सिस्टम) सड़क पर ब्रेकिंग के परफोर्मेन्स को बेहतर बनाता है। यह अचानक ब्रेक लगाने की स्थिति में या फिसलन भरी सड़क पर पहियों को लॉक होने से रोकता है। पैटल डिस्क ब्रेक एक समान हीट के वितरण से ब्रेकिंग की दक्षता में सुधार लाता है।


■ दिल्ली में शुरूआती एक्स शोरूम कीमत 117500 रुपए है

## तेजी पर लगा ब्रेक, सेंसेक्स निफ्टी गिरावट में

मुंबई, 8 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर अधिकांश समूहों में हुयी बिकवाली के कारण पिछले सत्र से जारी तेजी पर आज ब्रेक लग गया और शेयर बाजार गिरावट में बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 106.98 अंक उतरकर 65846.50 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 26.45 अंक गिरकर 19570.85 अंक पर रहा। इस दौरान हालांकि छोटी और मझौली कंपनियों में बढ़त दर्ज की गयी। बीएसई का मिडकैप 0.15 प्रतिशत बढ़कर 30377.50 अंक पर और स्मॉलकैप 0.25 प्रतिशत चढ़कर 35064.53 अंक पर रहा।

बीएसई में कुल 3755 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 1852 बढ़त में और 1757 गिरावट में रही जबकि 146 में कोई बदलाव नहीं हुआ। बीएसई में शामिल अधिकांश समूहों में गिरावट दर्ज की गयी जिसमें धातु 0.94 प्रतिशत, टेलीक्युनिकशंस 0.92 प्रतिशत, यूटिलिटीज 0.60 प्रतिशत, एनर्जी 0.32 प्रतिशत, एफएमसीजी 0.29 प्रतिशत और ऑटो 0.28 प्रतिशत शामिल है। बढ़त में रहने वालों में वित्तीय सेवायें 0.44 प्रतिशत, बैंकिंग 0.33 प्रतिशत, सीडी 0.71 प्रतिशत और इंडस्ट्रीयल 0.20 प्रतिशत शामिल है।

वैश्विक पर जापान के निक्केई में 0.38 प्रतिशत की बढ़त को छोड़कर अधिकांश प्रमुख सूचकांक लाल निशान में रहा जिसमें ब्रिटेन का एफटीएसई 0.51 प्रतिशत, जर्मनी का डैक्स 0.95 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.81 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.25 प्रतिशत शामिल है।




बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 85 अंकों की बढ़त के साथ 66048.81 अंक पर खुला। लिवाली के बल पर यह 66057.53 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन बिकवाली के दबाव में यह 65752.63 अंक के निचले स्तर तक उतर गया। अंत में यह पिछले दिवस के 65953.48 अंक की तुलना में 0.16 प्रतिशत अर्थात 106.98 अंक गिरकर 65846.50 अंक पर रहा। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से 10 हरे निशान में रही जबकि 20 को नुकसान उठाना पड़ा।

एनएसई का निफ्टी 30 अंकों की बढ़त के साथ 19627.20 अंक पर खुला। लिवाली के बल पर यह 19634.40 अंक के उच्चतम और 19533.10 अंक के निचले स्तर के बीच रहा। अंत में यह पिछले दिवस के 19597.30 अंक की तुलना में 26.45 अंक अर्थात 0.13 प्रतिशत गिरकर 19570.85 अंक पर रहा। निफ्टी में शामिल कंपनियों में से 31 को नुकसन हुआ जबकि 19 लाभ कमाने में सफल रही। एक में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## फोनपे स्मार्ट स्पीकर से तमिल, मलयालम, तेलुगु, कन्नड़ में मिल रही वॉयस भुगतान सूचना

**बेंगलुरु,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। अग्रणी डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म फोनपे ने मंगलवार को कहा कि उसने अपने स्मार्ट स्पीकरों के लिए तमिल, मलयालम, तेलुगु और कन्नड़ भाषाओं में वॉयस भुगतान सूचनाएं सक्षम कर दी हैं। फोनपे जल्द ही मराठी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में भी नोटिफिकेशन लॉन्च करेगा। स्थानीय भाषा में वॉयस नोटिफिकेशन की शुरुआत के साथ, व्यापारी अब ग्राहक के फोन स्क्रीन की जांच किए बिना या बैंक से भुगतान पुष्टिकरण एसएमएस की प्रतीक्षा किए बिना, विशेष रूप से व्यस्त व्यावसायिक घंटों के दौरान, अपनी पसंद की क्षेत्रीय भाषा में ग्राहक भुगतान को तुरंत मान्य कर सकते हैं। वॉयस भुगतान सूचनाओं को सक्षम करने के लिए वर्तमान में फोनपे स्मार्टस्पीकर का उपयोग 19 हजार पोस्ट कोड (देश के 90 प्रतिशत से अधिक को कवर करने वाले) में व्यापारी भागीदारों द्वारा किया जा रहा है। अपनी पसंद की स्थानीय भाषा में वॉयस भुगतान अधिसूचनाओं को जोड़ने के साथ, व्यापारी बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के फोनपे फॉर बिजनेस ऐप के भीतर अपनी पसंदीदा भाषा में फोनपे स्मार्टस्पीकर तक पहुंच सकते हैं। इस तरह व्यापारी फोनपे स्मार्टस्पीकर पर अपनी पसंद की क्षेत्रीय भाषा डाउनलोड और चुन सकते हैं। बिजनेस ऐप के लिए फोनपे खोलें, होम स्क्रीन पर स्मार्टस्पीकर अनुभाग पर जाएं और भाषा बार के नीचे, उपलब्ध कई विकल्पों में से अपनी पसंदीदा भाषा चुनें। चयनित भाषा डिवाइस पर डाउनलोड हो जाती है और डिवाइस अद्यतन भाषा के साथ रीबूट हो जाती है। स्टोर्स पर विश्वसनीय और सुविधाजनक भुगतान ट्रैकिंग प्रदान करने के लिए, फोनपे ने पिछले साल स्मार्टस्पीकर लॉन्च किया था।

फोनपे स्मार्टस्पीकर को बाजार में सबसे अलग बनाने वाली कुछ विशेषताओं में पोर्टेबिलिटी, श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ बैटरी, सबसे शोर वाले वातावरण में भी शानदार ऑडियो स्पष्टता और कॉम्पैक्ट और बहुमुखी फॉर्म फैक्टर शामिल हैं, जो व्यापारियों को इसे सर्वाधिक भीड़भाड़ वाले स्थान पर उपयोग में सक्षम बनाता है।

## दाल-दलहन में टिकाव, खाद्य तेल मिश्रित

**नई दिल्ली,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिश्रित रुख रहा जबकि इस दौरान दालों के भाव स्थिर रहे। मीठे के बाजार में तेजी रही।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अगस्त का पाम ऑयल वायदा 45 रिंगिट चढ़कर 3800 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह अगस्त का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.08 सेंट की तेजी लेकर 61.12 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिश्रित रुख रहा।



मूंगफली तेल और सोया रिफाइंड में नरमी रही जबकि सरसों तेल में तेजी रही। सूरजमुखी तेल, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में तेजी रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव 50 / 50 रूपए प्रति क्विंटल बढ़ गए।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना , दाल चना , मसूर दाल, मूंग दाल , अरहर दाल और उड़द दाल के दाम स्थिर रहे।

## स्टैनलो टर्मिनल्स और एनी यूके ने कार्बन डाइऑक्साइड परिवहन और भंडारण के लिए किया समझौता

**नई दिल्ली,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। ब्रिटेन की सबसे बड़ी थोक तरल भंडारण प्रदाता स्टैनलो टर्मिनल्स लिमिटेड ('स्टैनलो टर्मिनल्स') ने यूके की सहायक वैश्विक ऊर्जा कंपनी एनी यूके लिमिटेड ('एनी यूके') के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। इसके तहत स्टैनलो टर्मिनल पर कार्बन डाइऑक्साइड का भंडारण और शिपिंग का विकास और फिर प्राप्त कार्बन डाइऑक्साइड को यूके उत्तर पश्चिम में विकसित किए जा रहे एनी यूके भंडारण बुनियादी ढांचे में वितरित किया जाएगा। स्टैनलो टर्मिनल्स और एनी यूके एक ओपन-एक्सेस कार्बन डाइऑक्साइड परिवहन और भंडारण टर्मिनल स्थापित करने के अवसरों का मूल्यांकन करेंगे जो अलग-अलग जगहों से शिपिंग के माध्यम से औद्योगिक उत्सर्जकों और अन्य स्रोतों से कार्बन डाइऑक्साइड प्राप्त कर भंडारण करने में सक्षम होंगे। इसका मकसद एक खुली पहुंच प्रणाली के जरिए कई उत्सर्जकों को एनी यूके के लाइसेंस प्राप्त भंडारण स्थान से जोड़ना है, जिससे भविष्य में कार्बन डाइऑक्साइड की पर्याप्त सुविधा मिल सके।

स्रोतों और भंडारण स्थलों के बीच लचीले मार्गों की पेशकश कर कार्बन डाइऑक्साइड जहाज परिवहन का विकास सीसीएस बुनियादी ढांचे के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बुनियादी ढांचा कैप्चर किए गए



कार्बन डाइऑक्साइड का परिवहन औद्योगिक कंपनियों को करने में मदद करेगा। यह समझौता स्टैनलो टर्मिनल की मर्सी नदी पर ओपन एक्सेस वाली हरित अमोनिया सुविधाएं विकसित करने की योजना की घोषणा के बाद हुआ है, जो एस्सार एनर्जी ट्रांज़िशन की यूरोप की अग्रणी एकीकृत ऊर्जा ट्रांज़िशन हब बनने की महत्वाकांक्षा का समर्थन करती है।

स्टैनलो टर्मिनल्स एस्सार एनर्जी ट्रांज़िशन ('ईईटी') का हिस्सा है। फरवरी 2023 में लॉन्च किया गया ईईटी अगले पांच वर्षों में कम कार्बन ऊर्जा संक्रमण परियोजनाओं की एक श्रृंखला विकसित करने में 3.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश कर रहा है, जिसमें से 2.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर इंग्लैंड के उत्तर पश्चिम में अपनी साइटों पर निवेश किया जाएगा।

ईईटी में एस्सार ऑयल यूके, उत्तर पश्चिम इंग्लैंड में कंपनी का रिफाइनिंग और मार्केटिंग व्यवसाय शामिल होगा, वर्टेक्स हाइड्रोजन, जो यूके के बाजार के लिए 1 गीगावाट (जीडब्ल्यू) ब्लू हाइड्रोजन विकसित कर रहा है, जिसकी अनुवर्ती क्षमता 3.8 गीगावॉट तक पहुंचने के लिए निर्धारित है, ईईटी हाइड्रोजन इंडिया, जो यूके और अंतरराष्ट्रीय बाजारों को ध्यान में रखते हुए भारत में 1 गीगावॉट हरित अमोनिया विकसित कर रहा है, स्टैनलो टर्मिनल्स लिमिटेड, जो सक्षम भंडारण और पाइपलाइन बुनियादी ढांचे का विकास कर रहा है, और ईईटी बायोफ्यूल्स, जो 1 मीट्रिक टन कम कार्बन जैव ईंधन विकसित करने में निवेश कर रहा है।

ईईटी का निवेश कार्यक्रम यूके के लो कार्बन परिवर्तन में तेजी लाने, सरकार की डीकार्बोनाइजेशन नीति का समर्थन करने और उत्तरी पावरहाउस अर्थव्यवस्था के केंद्र में अत्यधिक कुशल रोजगार के अवसर पैदा करने में प्रमुख भूमिका निभाएगा। एनी यूके ब्रिटेन के उत्तर पश्चिम में हाईनेट नॉर्थ वेस्ट कंसोर्टियम के लिए कार्बन डाइऑक्साइड परिवहन और भंडारण के विकास का नेतृत्व कर रहा है, जो देश के सबसे अधिक ऊर्जा गहन औद्योगिक जिलों में से एक को दुनिया के पहले लो कार्बन औद्योगिक क्लस्टर में बदल देगा।

### सार संक्षेप

### एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने लॉन्च किया इको-फ्रेंडली डेबिट कार्ड

नई दिल्ली। एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने बचत खाते वाले नए और मौजूदा दोनों तरह के ग्राहकों के लिए इकोफ्रेंडली डेबिट कार्ड लॉन्च करने की घोषणा की। बैंक ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इकोफ्रेंडली डेबिट कार्ड लॉंच करने वाला यह पहला भारतीय बैंक बन गया है। यह लॉन्च वित्तीय क्षेत्र में सतत विकास और इको-फ्रेंडली प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक, प्रमाणित इको-फ्रेंडली सामग्री, आर-पीवीसी से बने डेबिट कार्ड जारी करेगा, जो पर्यावरण की संरक्षण में सहायक सिद्ध होंगे। इस इको-फ्रेंडली सामग्री को अपनाने के साथ, एयरटेल पेमेंट्स बैंक पर्यावरण संरक्षण पर सकारात्मक प्रभाव डालेगा। 50 हजार कार्डों के प्रत्येक बैच के उत्पादन से बाजार में पारंपरिक तरीके से उपयोग किए जाने वाले पीवीसी कार्डों की तुलना में 350 किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। इसके अलावा, आर-पीवीसी कार्ड के उत्पादन से हाइड्रोकार्बन उपयोग में 43 प्रतिशत की कमी आएगी, जिससे उत्पादन के दौरान होने वाली पेट्रोलियम खपत कम हो जाएगी।

### पीएफसी की परमिंदर चोपड़ा को फाइनेंस लीडर ऑफ द ईयर पुरस्कार

नई दिल्ली। ऊर्जा क्षेत्र और उससे जुड़ी गतिविधियों के लिए वित्त उपलब्ध कराने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी पॉवर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड की निदेशक (वित्त) और अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) का अतिरिक्त प्रभार संभाल रही परमिंदर चोपड़ा को फाइनेंस लीडर ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पीएफसी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि मुंबई में हुए एक पुरस्कार समारोह में श्रीमती चोपड़ा को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। फाइनेंस लीडर ऑफ द ईयर का यह पुरस्कार वित्त क्षेत्र में श्रीमती चोपड़ा के असाधारण योगदान को देखते हुए प्रदान किया गया है। वित्त क्षेत्र में काम करने वाले पेशेवर लोगों के लिए श्रीमती चोपड़ा एक आदर्श शख्सियत रही हैं। वित्त प्रबंधन, रणनीतिक निर्णय क्षमता और संगठन को निरंतर आगे तरक्की के रास्ते पर ले जाने के मामले में उनकी उपलब्धियां असाधारण हैं।

### जीवा आयुर्वेद की थाइलैंड में दो सेंटर शुरू करने की घोषणा

नई दिल्ली। आयुर्वेद के क्षेत्र में कार्यरत भारतीय कंपनी जीवा आयुर्वेद ने थाइलैंड में अपना पहला दो सेंटर शुरू करने की आज घोषणा की। कंपनी ने यहां कहा कि ये सेंटर थाईलैंड के पहाड़ी क्षेत्र 'पाक थोंग चाई' और उत्तरी वन क्षेत्र 'चियांग माई' में स्थापित किये जायेंगे। जीवा समूह के अध्यक्ष ऋषि पाल चौहान ने आईरिट्रीट के साथ साझेदारी की घोषणा के दौरान कहा कि जीवा आयुर्वेद और आईरिट्रीट के बीच यह परस्पर सहयोग समग्र स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है जो आयुर्वेद के प्राचीन ज्ञान, ध्यान और चेतना की परिवर्तनकारी शक्ति को एक साथ लाता है।

# खेल जगत

## कीज़ ने ओपनर में वीनस विलियम्स को हराया

**मॉन्ट्रियल ( कनाडा ),** 8 अगस्त (एजेंसियां)। मैडिसन कीज़ ने यहां कैनेडियन ओपन के पहले दौर में पूर्व नंबर एक वीनस विलियम्स को 6-2, 7-5 से हरा दिया। दोनों अमेरिकियों के बीच करियर की छठी भिड़ंत में, कीज़ ने बेसलाइन से स्थिर प्रदर्शन के साथ विलियम्स पर अपनी चौथी जीत हासिल की। मॉन्ट्रियल में 13वीं वरीयता प्राप्त कीज़ घास के मौसम की शुरुआत के बाद से शानदार फॉर्म में हैं। उसने अपने पिछले तीन टूर्नामेंटों में क्वार्टर फाइनल या इससे बेहतर प्रदर्शन किया है, जिसमें पिछले सप्ताह मुबाडाला सिटी डीसी ओपन भी शामिल है। कीज़ ने विलियम्स को मैच के अधिकांश समय तक दूर रखा, जब तक कि वह 6-2, 5-4 से जीत हासिल करने के लिए लाइन में नहीं आ गईं, तब तक लगातार आगे बढ़ती रहीं। विलियम्स ने मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ खेल खेला, पहली बार कीज़ को तोड़ने से पहले सात मैच प्वाइंट बचाने के लिए प्रयास किया।



# भारत को एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी में रोकना पाक के लिए बेहद मुश्किल

सत्येन्द्र पाल सिंह

**चेन्नै,** 8 अगस्त (देशबन्धु)। चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान खेलों में खासतौर पर हॉकी और क्रिकेट में किसी भी मंच पर कहीं भी आमने-सामने हों तो मैच को लेकर एक अलग ही रोमांच रहता है। भारत और पाकिस्तान के बीच यहां पुरुष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी के बुधवार को खेले जाने वाले अंतिम राउंड रॉबिन लीग मैच को लेकर खासतौर पर हॉकी प्रेमियों में खासा उत्साह नजर आ रहा है। भारत और पाकिस्तानी खिलाडि़यों के लिए यह मैच अपना जलवा दिखा हीरो बनने का मौका है। बतौर ड्रैग फ्लिकर और कप्तान हरमनप्रीत सिंह के अनुकरणीय खेल से तीन बार चैंपियन रह चुकी भारतीय टीम तीन जीत और एक ड्रॉ के साथ दस अंकों के साथ शीर्ष पर रहकर अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ यहां बुधवार को अपने अंतिम राउंड रॉबिन लीग मैच से पहले ही सेमीफाइनल में स्थान बना चुकी है। भारत को रोकना पाकिस्तान के लिए बेहद मुश्किल होगा। भारत के पाकिस्तान के खिलाफ अपनी श्रेष्ठता बनाए रखने की उम्मीद है। भारत के कप्तान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह ने कुल पांच गोल कर गोल दागने में शीर्ष पर चल रहे हैं जबकि उनके साथी ड्रैग फ्लिकर वरुण कुमार और स्ट्राइकर मनदीप सिंह ने दो -दो किए हैं।

भारत का पलड़ा पिछले करीब सात बरस से तो पाकिस्तान के खिलाफ भारी रहा है। भारत ने पाकिस्तान से पिछले 15 मैचों में से 12 जीते और दो ड्रॉ खेले और मात्र एक हार दक्षिण एशियाई खेलों में तब झेलनी पड़ी जब उसने इसमें अपनी तीसरे दर्जे की टीम उतारी थी।



■ भारत के पाक के खिलाफ अपनी श्रेष्ठता बनाए रखने की उम्मीद

■ चमत्कार ही पाकिस्तान को भारत पर दिला सकता है जीत

### पाक के खिलाफ ध्यान रणनीति को अंजाम देने पर : फुल्टन

भारत के चीफ कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, भारतीय टीम के स्पेन में टूर्नामेंट खेलने के तुरंत बाद यहां एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने उतरने पर रिकवरी में वक्त लगा। हमारे खिलाड़ी अब स्ट्रक्चर के मुताबिक खेल रहे हैं। हमारे स्ट्राइकर मैदानी गोल करने के साथ पेनल्टी कॉर्नर पर गोल बना रहे हैं। हमारे पास कप्तान हरमनप्रीत के साथ वरुण कुमार, जुगराज और अमित रोहिदास के रूप में पेनल्टी कॉर्नर ड्रैग फ्लिकरों के रूप में पर्याप्त विकल्प हैं। पाकिस्तान नौजवान खिलाडि़यों से सज्जित टीम है और हम उसे हल्के में नहीं लेंगे। हमारा ध्यान अपनी पाकिस्तान के खिलाफ अपनी रणनीति को अंजाम देने पर रहेगा।

### मजबूत भारतीय टीम को उसके घर में मात देना मुश्किल : सकलेन

पाकिस्तान हाकी टीम के कोच मुहम्मन सकलेन यहां एशियन चैंपियस ट्रॉफी में शिरकत कर रही भारतीय हॉकी टीम को हर लिहाज से मजबूत मानते हैं। सकलेन ने पाकिस्तान के भारत के खिलाफ बुधवार को अंतिम राउंड रॉबिन लीग मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हमने अपने शुरू के दो मैचों में गोल करने के बहुत मौके गंवाए। फिर भी चीन के के खिलाफ इस टूर्नामेंट में पहली जीत हासिल करना सुखद है। हमने इससे पहले के दो मैचों में गोल करने बहुत मौके गंवाए। भारत ओलंपिक कांस्य पदक विजेता है। भारत ने जिस तरह मलयेशिया के खिलाफ बड़े अंतर से शिकस्त दी उसे देखते हुए हमारे लिए उसे उसके घर में मात देना मुश्किल होगा।

भारत की मौजूदा फॉर्म के आधार पर चमत्कार ही पाकिस्तान को जीत दिला सकता है। मौजूदा एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में अब तक 12 राउंड रॉबिन लीग मैचों में कुल 51 गोल हुए हैं।भारत ने अपने चार मैचों में सबसे ज्यादा 16 गोल किए हैं और इनमें से 14 पंजाब के खिलाडि़यों ने किए हैं। भारत ने अब मात्र पांच गोल खाए हैं।

तीन बार चैंपियन रही पाकिस्तान ने भारत से बीता बरस एशिया कप में मैच एक-एक गोल से ड्रॉ खेला था। पिछली एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने पहले लीग में और फिर कांस्य पदक के मैच में पाकिस्तान को हराया था। पिछले संस्करण में खेलने वाली मेजबान भारतीय हॉकी टीम के आठ और पाकिस्तान की टीम में कप्तान उमर बुट्टा, अफराज, अब्दुल राणा सहित तीन खिलाड़ी ही यहां शिरकत कर रही टीम में हैं। पाकिस्तान के पास भारत से मैच हार भी जाता है तो भी उसके पास सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चौथी टीम बनने का मौका है। दरअसल यदि चीन की टीम जापान को ड्रॉ पर मजबूर कर देती अथवा उसे बड़े अंतर से जीतने से रोक देती है तो पाकिस्तान का अंकों के आधार चौथी टीम के रूप में सेमीफाइनल का रास्ता साफ हो सकता है। ऐसे में भारत और पाकिस्तान एक बार फिर आमने सामने हो सकते हैं।

# भारत ने द. कोरिया को 3-2 से हरा शीर्ष पर रह सेमीफाइनल में स्थान पाया



■ भारत की जीत में नीलकांत, हरमनप्रीत और मनदीप का एक -एक गोल

**चेन्नै,** 8 अगस्त (देशबन्धु)। स्ट्राइकर अनुभवी स्ट्राइकर मनदीप, आकाशदीप सिंह, सुखजीत सिंह और शमशेर सिंह का परस्पर तालेमल से खेलते हुए दक्षिण कोरिया के गोल पर मैच शुरू होते ही दबाव बनाना भारत के काम आया। नीलकांत शर्मा, कप्तान हरमनप्रीत सिंह और मनदीप सिंह के एक -एक गोल से भारत ने दक्षिण कोरिया को यहां एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी में सोमवार को 3-2 से हरा चार मैचों में तीन जीत और एक ड्रॉ के साथ दस अंक ले शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में स्थान बना लिया। भारत अब अपने अंतिम राउंड रॉबिन लीग मैच में बुधवार को आखिरी मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा दक्षिण कोरिया के लिए सुंगहयुन किम ने 12 वें मिनट में और जीहयुन यांग ने खेल खत्म होने से दो मिनट पहले आखिरकर 11 वें आखिरी पेनल्टी कॉर्नर पर किया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने चौथे और अंतिम क्वॉर्टर के दूसरे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को फ्लिक किया इस पर गेंद गोलरेखा पर दक्षिण कोरिया के कप्तान जोंगहयुन जांग के पैर लगी और मिले पेनल्टी स्ट्रोक पर वह गेंद को सीधे गोलरक्षक के पैड पर मार गोल करने का आसान मौका चूक गए। भारत ने यदि मौकों का खासतौर पर पहले क्वॉर्टर में बेहतर उपयोग किया होता और कप्तान हरमनप्रीत सिंह आखिरी क्वॉर्टर के दूसरे मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल करने से न चूक होते वह मैच आसानी से कहीं बड़ी अंतर से जीतता। दक्षिण कोरिया को आखिरी क्वॉर्टर के तीसरे मिनट में लगातार चार और फिर खेल खत्म होने से सात मिनट पहले मिले लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर सहित कुछ मैच में कुल 11 पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन उनके कप्तान जोंगहयुन जांग इसमें से दस पर चूके पर अंतिम जीहयुन यांग ने मैच का आखिरी गोल दागा। भारत की रक्षापंक्ति में हड़बड़ी में कप्तान हरमनप्रीत सिंहऔर वरुण कुमार ने हड़बड़ी में कई गलतियां की और इसी कारण दक्षिण कोरिया को आखिरी क्वॉर्टर में नै पेनल्टी कार्नर मिले।

नीलकांत ने सुखजीत सिंह के और मनदीप सिंह ने शमशेर के बेहतरीन पास पर डी में अचूक निशाना जमा और कप्तान हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किए। सुखजीत सिंह ने बेहतरीन पास देने के साथ यदि पहले क्वॉर्टर में डी के भीतर गोल करने के बेहद आसान मौके न गंवाए होते तो भारत पहले ही क्वॉर्टर में 3-1 से आगे होता। भारत की मध्यपंक्ति में जहां हार्दिक सिंह और मनप्रीत सिंह ने साथी स्ट्राइकरों के लिए आगे बराबर गेंद बढ़ाई वहीं नौजवान सेंटर हाफ विवेक सागर प्रसाद ने खासतौर पर दक्षिण कोरिया के स्ट्राइकर जुंगहो किम, सुंगहोकिम और जिंगवांग हयुन से बीच में गेंद छीन कर उसे भारत के गोल पर शॉट जमाने से रोका। भारत अब बुधवार को अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा।मलयेशिया ने चार मैचों में नौ अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहकर अंतिम चार में जगह बनाई । दक्षिण कोरिया और पाकिस्तान के चार चार मैचों से समान रूप से पांच पांच हैं जबकि जापान के इतने ही मैचों से दो अंक हैं और वह भी इन दोनों के साथ अंतिम चार की होड़ में बस बना हुआ हैं।

## पहली बार महिला विश्व कप के शीर्ष-8 में कोलंबिया



**मेलबर्न,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। कोलंबिया ने फीफा महिला विश्व कप के प्री-क्वार्टरफाइनल में मंगलवार को जमैका पर 1-0 की ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए पहली बार टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल का टिकट कटा लिया। मेलबर्न रेक्टेंगुलर स्टेडियम पर दोनों टीमों को संघर्ष करना पड़ा लेकिन 51वें मिनट में कैटलीना उस्मे का गोल कोलंबिया की जीत में निर्णायक साबित हुआ। दक्षिण अमेरिकी टीम 2019 महिला विश्व कप के लिये क्वालीफाई नहीं कर सकी थी, लेकिन उसके बाद से इसने तेज़ी से सुधार किया है। अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली कोलंबिया ने पहले चरण में विश्व कप नंबर दो जर्मनी को मात दी थी और क्वार्टरफाइनल में उसका सामना इंग्लैंड से होगा। दूसरी ओर, विश्व कप 2019 में ग्रुप चरण में अपने सभी मुकाबले हारकर बाहर होने वाली जमैका भी बड़ी आकांक्षाओं के साथ टूर्नामेंट में नहीं आयी थी, लेकिन उसने फ्रांस, पनामा और ब्राज़ील को गोल नहीं करने दिया और सभी की वाहवाही लूटी। कैटलीना के गोल ने हालांकि जमैका का स्वप्निल अभियान खत्म कर दिया। मुकाबले की शुरुआत में दोनों टीमों ने गेंद पर कब्ज़ा रखने में संघर्ष किया। जमैका ने कोलंबिया के आक्रामक रवैये के जवाब में खदीजा शॉ की मदद से मौके बनाने की कोशिश की लेकिन गेंद ज्यादातर मिडफील्ड में ही रही। मुकाबले में जान दूसरे हाफ में आयी जब ऐना गज़्मैन ने गेंद जमैका के अर्द्ध में कैटलीना के पास पहुंचाई। कैटलीना डिनेशा ब्लैकवुड को छकाते हुए जमैका के गोलपोस्ट की ओर बढ़ीं और गेंद को नेट में पहुंचा दिया। जमैका ने टूर्नामेंट का पहला गोल खाने के बाद स्कोर बराबर कर लिया होता लेकिन जोडी ब्राउन का हेडर कोलंबिया की गोलकीपर को पार नहीं कर सका।

## पाकिस्तान का दामन छोड़ अमेरिका में क्रिकेट खेलेंगे फवाद : रिपोर्ट

न्यूयॉर्क, 8 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के 36 वर्षीय बल्लेबाज फवाद आलम ने राष्ट्रीय टीम में लंबे समय तक मौका न मिलने के बाद अमेरिकी क्रिकेट की ओर रुख करने का फैसला किया है। क्रिकबज़ की ओर से मंगलवार को प्रकाशित एक खबर के अनुसार, फवाद अमेरिका की माइनर लीग क्रिकेट टी20 में शिकागो किंग्समेन का प्रतिनिधित्व करेंगे। फवाद से पहले पाकिस्तान के समी अहमद, हम्माद आज़म, सैफ़ बदर और मोहम्मद मोहसिन ने भी अपने क्रिकेट कौशल का इस्तेमाल करने के लिये अमेरिका जा चुके हैं। फवाद ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत 2007 में की, लेकिन पाकिस्तान के ड्रेसिंग रूम में उनकी



उपस्थिति छिटपुट ही रही है। साल 2009 में टेस्ट डेब्यू में शतक बनाने के दो मैचों के बाद फवाद को टीम से बाहर कर दिया गया और घरेलू क्रिकेट में 55 की औसत से रनों का पहाड़ खड़ा करने के बावजूद उन्हें 11 साल तक राष्ट्रीय टीम में तलब नहीं किया गया।

साल 2020 में अपने करियर को नया जीवन मिलने के बाद फवाद ने कुछ समय के लिये टेस्ट टीम में अपनी जगह पक्की की। उन्होंने वापसी के बाद न्यूजीलैंड में अपने तीसरे मैच में विषम परिस्थितियों में शतक लगाकर अपने चयन को सही साबित किया। इसके बाद उन्होंने दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे के खिलाफ भी सैकड़े जड़े। फवाद हालांकि अपनी अपरंपरागत तकनीक के कारण आलोचना से नहीं बच सके। फवाद ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध 2022 घरेलू टेस्ट श्रृंखला की चार पारियों में मात्र 33 रन बनाये और जुलाई 2022 में श्रीलंका टेस्ट सीरीज में असफल होने के बाद उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया।

फवाद ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 19 टेस्ट मैचों के अलावा 38 एकदिवसीय मैच और 24 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले। वह पाकिस्तान में अपने करियर का अंत 201 प्रथम श्रेणी मैचों में 14,000 रन बनाकर कर रहे हैं।

## भारतीय जूनियर पुरुष महिला टीम के कोच बने क्रुइस

नई दिल्ली, 8 अगस्त (एजेंसियां)। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को दो दशक से अधिक के कोचिंग अनुभव वाले नीदरलैंड के हरमन क्रुइस को भारतीय पुरुष और जूनियर महिला हॉकी टीमों का कोच नियुक्त करने की घोषणा की।

अपने कार्यकाल के दौरान क्रुइस इस साल के अंत में मलेशिया में होने वाले एफआईएच पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप 2023 और सैंटियागो में होने वाले एफआईएच महिला जूनियर हॉकी विश्व कप 2023 से पहले भारत की जूनियर पुरुष और महिला टीमों की तैयारियों की देखरेख करेंगे।



अपने विशाल कोचिंग करियर में क्रुइस ने नीदरलैंड एक क्लब डेन बॉश लेडीज़ के साथ उनके प्रमुख कोच के रूप में काम किया है। क्रुइस के कार्यकाल के दौरान टीम ने लगातार आठ बार यूरोपीय कप जीता। वह 2006 से 2008 के बीच नीदरलैंड इंडोर महिला हॉकी के राष्ट्रीय प्रमुख कोच भी थे। इसके अलावा उन्होंने 2008 से 2010 के बीच नीदरलैंड आउटडोर हॉकी टीम की कमान संभाली। अपने सबसे हालिया कार्यकाल में वह 2016 से अगस्त 2023 के बीच बेलारूस इंडोर और आउटडोर टीम के राष्ट्रीय प्रमुख कोच थे। क्रुइस एक प्रमाणित एफआईएच कोच-शिक्षक हैं। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ दिलीप टिर्की ने क्रुइस का स्वागत करते हुए कहा, हॉकी इंडिया को जूनियर टीमों के लिये हमारे राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रतिष्ठित वरिष्ठ कोच हरमन क्रूज़ का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। वह जूनियर पुरुष और महिला टीमों की चल रही तैयारियों की देखरेख करेंगे और मेरा मानना है कि उनका अनुभव एफआईएच जूनियर हॉकी विश्व कप 2023 में हमारी संभावनाओं को और बढ़ावा देगा। वह जूनियर महिला टीम के कोच तुषार खांडकर और जूनियर पुरुष टीम के कोच सीआर कुमार के साथ मिलकर काम करेंगे।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, एफआईएच जूनियर हॉकी विश्व कप 2023 में वांछनीय परिणामों की दिशा में काम करने के लिये हॉकी इंडिया कार्यकारी बोर्ड ने हरमन क्रूज़ को लाकर हमारे कोचिंग स्टाफ को मजबूत करने का निर्णय लिया। उनका अनुभव इस साल प्रतिष्ठित आयोजन की तैयारी कर रही दोनों टीमों के लिये मूल्यवान होगा।

## मोरक्को को रौंदकर फ्रांस क्वार्टरफाइनल में

**एडिलेड,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। फ्रांस ने फीफा महिला विश्व कप 2023 के एकतरफा प्री-क्वार्टरफाइनल में मंगलवार को मोरक्को को 4-0 से रौंदकर शीर्ष आठ का टिकट कटा लिया। हिंडमार्श स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में कडिडाटू डियानी (15वां मिनट) और केन्ज़ा डाली (20वां मिनट) ने फ्रांस के लिये एक-एक गोल किया, जबकि यूजीनी ली सॉमर (23वां, 70वां मिनट) ने दो गोल जमाये।

डियानी ने 15वें मिनट में मोरक्को के गोल के करीब आकर एक हेडर के ज़रिये फ्रांस का खाता खोला। पांच मिनट बाद डियानी ने दाहिनी ओर से गेंद को कट करके डाली के पास पहुंचाया। डाली ने कुछ क्षण इंतज़ार करने के बाद गेंद को नेट में पहुंचाया और फ्रांस की बढ़त दोगुनी कर दी। मोरक्को ने मैच में धीरे-धीरे वापसी का प्रयास शुरू ही किया था कि डियानी ने एक बार फिर मोरक्को से गेंद छीनी जिसे ली सॉमर ने नेट में पहुंचाकर स्कोर 3-0 कर दिया। ली सॉमर ने स्थानापन्न खिलाड़ी विकी बेको के लंबे क्रॉस की सहायता से दूसरे हाफ में भी एक गोल किया।

दूसरी ओर, पहली बार महिला विश्व कप के नॉकआउट में पहुंचा मोरक्को शुरुआत से ही बैकफुट पर रहा। मैच के आखिरी 20 मिनटों में मोरक्को ने अनुशासन दिखाकर फ्रांस को स्कोर में इज़ाफ़ा नहीं करने दिया और 0-4 की हार के साथ टूर्नामेंट को अलविदा कहा।

# आप एक या दो दिन में नहीं जीत सकते निरंतर रहना होगा : रोहित शर्मा

**बारबाडोस,** 8 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने एकदिवसीय विश्व कप की यादों को ताजा किया है और अक्टूबर में शुरू होने वाले घरेलू अभियान को आशावादी रूप से देखते हुए कहा है कि मेगा इवेंट जीतने के लिए टीम को पूरे महीने, डेढ़ महीने तक अच्छा खेलने और लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। हालांकि भारत पिछले दो पुरुष क्रिकेट विश्व कप में सेमीफाइनल चरण से आगे नहीं बढ़ पाया है, लेकिन कप्तान का मानना है कि उनकी टीम भारत की 2011 की सफलता का अनुकरण कर सकती है। क्रिकेट विश्व कप 2023 ट्रॉफी टूर के बारबाडोस चरण के दौरान, 19 नवंबर को होने वाले फ़ाइनल की ट्रॉफी के साथ तस्वीर खिंचवाते हुए, रोहित ने भारत की तैयारी में माप और धैर्य के महत्व को व्यक्त किया।

आईसीसी ने भारत के कप्तान के हवाले से कहा, हम इस साल फिर से घर वापस आ गए हैं, इसलिए उम्मीद है कि हम चीजों को बदल सकते हैं। अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना है और हम जानते हैं कि आप एक या दो दिनों में विश्व कप नहीं जीत सकते, आपको पूरे समय अच्छा खेलना होगा। महीना, डेढ़ महीना और लगातार अच्छा खेलना होगा। उन्होंने कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए अपने दृष्टिकोण से हर संभव कोशिश कर रहे हैं कि हम उस विश्व कप के लिए तैयार हैं। कई लोगों के लिए, टूर्नामेंट के दौरान बल्ले से रोहित का इनपुट महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने न केवल 2019 के आयोजन में रनों की संख्या में शीर्ष स्थान हासिल किया (81 के औसत से 648 रन) - उन्होंने टूर्नामेंट में पांच शतक लगाए - और उन्हें कोई भ्रम नहीं है कि भारत के आग उगलने के लिए, उन्हें चार साल की अपनी सफलता का अनुकरण करने के करीब जाना होगा। घरेलू अभियान के साथ आने वाले धूमधाम और दबाव के बवंडर में भी।

रोहित ने कहा, मैं अच्छी मानसिक स्थिति में था (2019 में), मैं अपने क्रिकेट के बारे में



वास्तव में अच्छा महसूस कर रहा था, विश्व कप से पहले वास्तव में अच्छी तैयारी की थी और जब आप उस तरह के टूर्नामेंट में जा रहे हैं, तो आप बस अच्छी शुरुआत करना चाहते हैं, मानसिक और शारीरिक रूप से तरोताजा और फिर सब कुछ ठीक हो जाता है।

उन्होंने कहा, मैंने उस टूर्नामेंट में वास्तव में अच्छी शुरुआत की, पहले मैच में शतक बनाया और फिर मेरे लिए, यह सब इसे आगे बढ़ाने के बारे में था। जाहिर है कि आपने अतीत में जो किया है उसके बारे में आप बहुत आत्मविश्वास रखते हैं, लेकिन नए सिरे से शुरुआत करते हैं और नई शुरुआत करना बहुत महत्वपूर्ण था। मैं उस समय एक महान मानसिक स्थिति में था और इसे फिर से बनाने के लिए उत्सुक था। आगामी टूर्नामेंट के लिए प्रेरणा पाने के लिए, 36 वर्षीय ने अपने शुरुआती विश्व कप की कुछ यादों को प्रतिबिंबित किया, जिसमें सबसे पहले 1992 में अजय जड़ेजा द्वारा एलन बॉर्डर के कैच का हवाला दिया। खतरनाक बाएं हाथ के बल्लेबाज को हटाने के लिए दौड़ना और गोता लगाना, वह कैच आधुनिक समय के सीमित ओवरों के क्रिकेट में भारत के बढ़ते कदम का प्रतीक था, जो 2000 के दशक की शुरुआत में सचिन तेंदुलकर के काम में विकसित हुआ।

रोहित ने कहा, मुझे अजय जड़ेजा का कैच बहुत याद है। मुझे वह इसलिए याद है क्योंकि वह वास्तव में हर किसी के दिमाग में अब भी अटका हुआ है। यह हमारी फीलि्डंग को अगले स्तर पर ले गया। मुझे सभी विश्व कपों के हर छोटे से छोटे पल याद हैं। 1999 भी, पहली बात जो दिमाग में आती है वह हर्शल गिब्स का वह कैच है जिसके कारण उन्हें विश्व कप गंवाना पड़ा। और फिर 2003 जहां भारत ने फाइनल तक बहुत अच्छा खेला। उन्होंने कहा, सचिन तेंदुलकर बल्ले से अद्भुत थे।

जहां तक भारत के 2011 के विजयी अभियान की बात है, तो यह जीत अब के कप्तान के लिए कुछ हद तक कड़वी थी, जिसे उन्हें घर से देखना पड़ा। उन्होंने स्वीकार किया कि टीम चयन में चूक की निराशा के बाद उन्होंने अभियान देखने पर बहस की, लेकिन यह जानते हुए कि वैश्विक टूर्नामेंट की जीत उनके देश और सहयोगियों के लिए कितनी महत्वपूर्ण होगी।

## सार संक्षेप

### नोह सदौई की हैट्रिक, एफसी गोवा ने शिलांग को 6-0 से हराया

**गुवाहाटी।** शीर्ष इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लब एफसी गोवा ने मंगलवार को इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में शिलांग लाजोंग एफसी को 6-0 से हराकर डूरंड कप 2023 ग्रुप स्टेज अभियान की शानदार शुरुआत की। रोवलिन बोर्जेस, विक्टर रोड्रिग्ज और कार्लोस मार्टिनेज ने मेन इन ऑरेंज के लिए अपने डेब्यू मैच में एक-एक गोल किया, जबकि नोह सदौई ने बेहतरीन हैट्रिक दर्ज की। मुख्य कोच मनोलो मार्केज़, जो पिछले सीज़न से रेड-कार्ड मिलने के बाद निलंबन झेल रहे हैं, उनकी अनुपस्थिति में सहायक कोच बेनिटो मोंटाल्वो ने टीम का नेतृत्व किया। अर्जेंटीना के रणनीतिज्ञ ने संदेश झिंगन, ओडेई ओनाइंडिया और रोवलिन बोर्जेस को क्लब के लिए पहली शुरुआत दी, जबकि कार्लोस मार्टिनेज, विक्टर रोड्रिग्ज और रेनियर फर्नांडीस ने भी दूसरे हाफ में अपनी शुरुआत की। एफसी गोवा ने जल्द ही गेम को अपने पक्ष में करने के लिए आक्रामक रुख अपना लिया। शुरुआत में बढ़त मिलने के बाद गोवा ने तेजी से गोल का अंतर बढ़ाया। रोड्रिग्ज और नूह सदौई के शानदार गोल के बाद टीम ने शिलांग को मैच में काफी पीछे कर दिया था। छोर बदलने के बाद, एफसी गोवा ने खेल खेलने के लिए एक रिलैक्स मोड अपनाया और स्ट्राइक करने के अगले अवसर की तलाश में धैर्यपूर्वक गेंद को आपस में घुमाने में खुश थे। इसके बाद कार्लोस ने 83वें मिनट में स्कोरशीट पर अपना नाम डाला, जबकि सदौई ने तीन मिनट बाद अपनी हैट्रिक पूरी की और एफसी गोवा की सीज़न की पहली जीत को अंतिम रूप दिया।

### उज़्बेकिस्तान के खिलाफ एशियाड अभियान शुरू करेगी भारतीय हॉकी टीम

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक 2024 में सीधा प्रवेश हासिल करने के इरादे के साथ भारतीय पुरुष हॉकी टीम 24 सितंबर को उज्बेकिस्तान के खिलाफ हांग्झोउ एशियाई खेलों में अपने अभियान की शुरुआत करेगी। भारतीय महिला हॉकी टीम का पहला मुकाबला 27 सितंबर को सिंगापुर से होगा। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) से मंजूरी मिलने के बाद हांग्झोउ एशियाई खेलों की आयोजन समिति और एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) ने मंगलवार को संयुक्त रूप से कार्यक्रम की घोषणा की। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को एशियाई खेलों के मौजूदा चैंपियन जापान और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के साथ पूल-ए में रखा गया है। बंगलादेश, सिंगापुर और उज्बेकिस्तान भी भारत संग पूल-ए में हैं। कोरिया, मलेशिया, चीन, ओमान, थाईलैंड और इंडोनेशिया खेलों में प्रतिस्पर्धा करने वाले अन्य देश हैं और उन्हें पूल-बी में रखा गया है।